चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 25, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज 16
जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया 15

लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान मणिपुर, बंगाल में कई जगह हिंसा

महापर्व के पहले चरण में 60% मतदान

58.14%
उत्तर प्रदेश

62.05%
मुरादाबाद

- मणिपुर के मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर हुई गोलीबारी
- जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र में भी उपद्रव के बाद हुई हिंसा
- छत्तीसगढ़ में ग्रेनेड लांचर के गोले में विस्फोट, सीआरपीएफ के जवान की मौत
- प. बंगाल में टीएमसी व भाजपा के कार्यालयों में तोड़फोड़
- राजस्थान के नागौर में मधुमक्खियों के हमले में 12 घायल, रोकना पड़ा मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये शुक्रवार को करीब 60.3 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग से शाम सात बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत वोट ही पड़े।

मतदान शुरू होते ही सबसे पहले मणिपुर की बाहरी लोकसभा सीट पर हिंसा और अनियमितता की सूचना पर कुछ समय के लिए प्रक्रिया रोकनी पड़ी। मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर कुछ उपद्रवियों ने गोलीबारी की। इसमें 65 वर्षीय बुजुर्ग घायल हो गये उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपद्रवियों ने मतदान संबंधी कागजात जला दिये और आग लगा दी। वहीं पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में हिंसा की कई घटनाएं देखी गईं, जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भी हिंसा के कुछ मामले सामने आए हैं। यूपी व अन्य राज्यों में भी छिटपुट घटनाएं घटीं। जारी आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 79.90 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 68.62 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 70.20 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 71.38 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुडुचेरी में एक सीट पर 73.25 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.33 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 65.46 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.18 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 58.14 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 53.64 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 55.29 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.95 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.19 प्रतिशत वोट डाले गये थे।

मुरादाबाद के आरएसडी एकेडमी पोलिंग बूथ पर मतदान के बाद उत्साही दिखे युवा। ● अमृत विचार

उप्र में शांतिपूर्ण मतदान, ईवीएम व वीवीपैट में कुछ जगह मिलीं खराबी की शिकायतें

लखनऊ। प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों पर शुक्रवार को छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया। शाम पांच बजे तक सभी सीटों पर औसत 58.14 प्रतिशत मतदान हुआ। सहारनपुर में 63.29 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि रामपुर में 55.75 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की बाकी सीटों में कैराना में 58.68 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 54.91 प्रतिशत, बिजनौर में 54.68 प्रतिशत, नगीना (अजा) में 58.05 प्रतिशत, मुरादाबाद में 62.05 प्रतिशत व पीलीभीत में 63.39 प्रतिशत मतदान हुआ। कुछ जगहों पर देर तक मतदान होता रहा। उन्होंने बताया कि चुनाव में सभी 14845 मतदेय स्थलों के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम व वीवीपैट और अलग-अलग जिलों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी। मतदान के दौरान कई जगहों पर ईवीएम व वीवीपैट के खराब होने की शिकायतें मिलीं, जिन्हें तत्काल बदल दिया गया।

इंडियन ओवरसीज बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15 करोड़ का जुर्माना, सात साल की कैद

नयी दिल्ली। सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक से 2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15.06 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अब तक के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक बताया जा रहा है। साथ ही अदालत ने प्रबंधक को सात साल कैद की भी सजा सुनाई। अधिकारियों के अनुसार प्रीति विजय सहिजवानी ने अहमदाबाद में इंडियन ओवरसीज बैंक की वस्त्रपुर शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में जमाकर्ता या पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के किसी भी मंजूरी पत्र के बिना दो खातों की विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर) जमा राशि को दो फर्जी खातों में जमा करवा दिया था।

- धोखाधड़ी का मामला : प्रीति विजय सहिजवानी को हिरासत में लिया गया

सीबीआई ने कहा, आरोपी ने 27 जुलाई 2001 की तारीख तक ब्याज समेत (करीब) दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर, 29 अक्टूबर, 2001 को मामले की जांच अपने हाथ में ली और 15 अक्टूबर, 2003 को आरोप पत्र दायर किया था। सहिजवानी देश छोड़कर भाग गईं और 2012 तक फरार थीं। सीबीआई ने उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया, जिससे एजेंसी को कनाडा में उसका पता लगाने में मदद मिली। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, कनाडा के आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर 11 जनवरी 2012 को भारत प्रत्यर्पित कर दिया। गांधीनगर की विशेष अदालत ने पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को आपराधिक विश्वासघात, मूल्यवान प्रतिभूति की जालसाजी, जाली दस्तावेजों को वास्तविक दस्तावेज के रूप में उपयोग करने और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया।

एक नजर

यूपी बोर्ड का रिजल्ट आज दोपहर 2 बजे होगा जारी

लखनऊ/ प्रयागराज। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 20 अप्रैल शनिवार को अपराह्न 2 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।

स्कॉटलैंड में दो भारतीय छात्रों की डूबने से मौत

लंदन। ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। दोनों छात्र आंध्र प्रदेश के निवासी थे, जिनकी उम्र 20 से 30 साल के बीच थी। पुलिस ने दोनों की पहचान नहीं बताई है। यह घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई जब छात्रों के एक समूह के दो लोग पानी में फिसल गए।

नोएडा हवाईअड्डे पर जांच के लिए उड़ानें शुरू

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में निर्माणाधीन नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे ने इस सप्ताह पहली टर्बोप्रॉप विमान उड़ान के साथ जमीन से संचालित रेडियो नेविगेशन प्रणाली को परखना शुरू कर दिया। इस हवाईअड्डे से वाणिज्यिक परिचालन इस साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। यह राष्ट्रीय राजधानी से लगभग 75 किलोमीटर दूर जेवर में स्थित है।

दोनों शहजादों को लोगों ने रिजेक्ट किया : मोदी

गजरौला (अमरोहा) की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरि सिंह ढिल्लो, पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- गजरौला की जनसभा में राहुल और अखिलेश पर साधा निशाना
- क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी का कमाल पूरी दुनिया ने देखा

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गजरौला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमरोहा की ढोलक की थाप दूर तक गूंजती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से अमरोहा की ढोलक को जीआई टैग मिला है। अब अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजा रहा है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को दो शहजादों की जोड़ी करार देते हुए जमकर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को गजरौला में होटल हवेली के सामने भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ भी उनके साथ थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रथम चरण में हो रहे मतदान को लेकर लोगों से खुलकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने नवयुवकों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर भी जमकर कटाक्ष किए। कहा कि इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की, लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोट बैंक के लिए खारिज कर रहे हैं। कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने आप को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे रह सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की फिल्म शूटिंग चल रही है। जिसे लोग पहले ही रिजेक्ट कर चुके हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा को संबोधित किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है, पूरी दुनिया में नए भारत के रूप में पहचान हो रही है। विकसित भारत के लिए काम हो रहा है।

वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे नए नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना प्रमुख होंगे। वर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने पर 30 अप्रैल को वह नया पदभार संभालेंगे। सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल त्रिपाठी वर्तमान में नौसेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं और एडमिरल कुमार के पद छोड़ने पर वह नौसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे।

इजराइल की जवाबी कार्रवाई, मिसाइलें दागीं

यरुशलम/तेहरान, एजेंसी

- पिछले शनिवार ईरान ने 300 से अधिक ड्रोन से किया था हमला
- ईरान के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को पहुंचाया नुकसान

इजराइल पर ईरान के ड्रोन हमले का जवाब देने को लेकर सप्ताह भर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विचार विमर्श के बीच इजराइल अपनी पूरी रणनीति पर उतरा आया। इराजइल की हमेशा से ही नीति रही है ''पहले किसी को छेड़ेंगे नहीं, बाद में किसी छोड़ेंगे नहीं''। इजराइल ने सात दिन बाद शुक्रवार को उस हमले का जवाब अपनी मिसाइलें दाग कर दिया। जो इस्फहान प्रांत में गिरीं। इनसे ईरान को हुए नुकसान के बारे में अब तक कोई पुष्ट खबर नहीं है। इस बीच, सीरिया ने भी दावा किया है कि इजराइली हमले में देश के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को नुकसान पहुंचा है।

ईरानी समाचार एजेंसी फार्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी प्रांत इस्फाहन में तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ये विस्फोट ड्रोन अथवा मिसाइलों से किए गए हमले के फलस्वरूप हुए, जिसके बाद ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दिया गया है। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने रिपोर्ट में एक ईरानी सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि सेना का रडार स्टेशन संभावित निशाना हो सकता है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में कई कार्यालय भवनों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन हमले के परिणामस्वरूप कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। हमले के बाद इस्फहान में शांति है और यातायात सामान्य बना हुआ है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इस हमले को तूल देने और बदले की कार्रवाई के लिए कोई उत्तेजना नहीं दिखाई है। एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह कहा गया कि ईरान को इस हमले के पीछे विदेशी हाथ होने की पुष्टि नहीं हुई है।

ईरान बोला, नहीं हुआ कोई विदेशी हमला

तेहरान। ईरान के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इजरायल की ओर से किए गए हमलों का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ कोई मिसाइल हमला नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस्फहान में वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय किया गया है और उसने किसी संदिग्ध वस्तु को निशाना बनाया है जिससे विस्फोट की गूंज सुनायी दी है। ऐसा बताया जा रहा है कि इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं ईरान ने कहा है कि उसकी धरती पर कोई भी विदेशी हमला नहीं हुआ है।

शिविरों में लिए गए शुल्क पर पतंजलि को देना ही होगा टैक्स : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से किया इनकार

बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा। कोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरण के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें ट्रस्ट को योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने पर सेवा कर का भुगतान करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) की इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 को आए फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

सीईएसटीएटी ने अपने आदेश में कहा था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की तरफ से आयोजित आवासीय एवं गैर-आवासीय योग शिविरों में शामिल होने के लिए शुल्क लिया जाता है लिहाजा यह स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगेगा। रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के अधीन काम करने वाला यह ट्रस्ट विभिन्न शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ था। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा था कि हालांकि यह राशि दान के रूप में ली गई थी, लेकिन यह उक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए शुल्क ही था। इसलिए यह शुल्क की परिभाषा के तहत आता है। सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने अक्टूबर, 2006 से मार्च, 2011 के लिए जुर्माना और ब्याज सहित लगभग 4.5 करोड़ रुपये के सेवा कर की मांग की थी।

इधर बेटी की डोली उठी उधर मां की निकली अर्थी

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- इकलौती बेटी की विदाई के बाद रोते-रोते बेसुध हो गईं अच्छी देवी

अमृत विचार : इकलौती बेटी की शादी करने के बाद विदाई कर मां इतना रोई कि बेसुध हो गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पल भर में शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं।

जनपद बदायूं के थाना उझानी के गांव नरहू के रहने वाले उमेश की बेटी माही की शादी गुरुवार को पूरनपुर के मोहल्ला चौक निवासी राजेश के बेटे शिवम से हुई। शादी के लिए उमेश परिजनों के संग बेटी को लेकर गुरुवार को दिन में पूरनपुर पहुंच गए। आर्यसमाज धर्मशाला में माही व शिवम की धूमधाम से शादी हुई। बेटी की शादी को लेकर उमेश और उनकी पत्नी अच्छी देवी बहुत खुश थे। शुक्रवार सुबह परिजनों व रिश्तेदारों के साथ अच्छी देवी ने बेटी को भीगी पलकों से विदा किया। बेटी की विदाई के बाद अच्छी देवी इतना भावुक हो गईं कि रोते-रोते बेसुध हो गईं। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उन्हें ऑक्सीजन की आवश्यकता बताकर सीएचसी ले जाने की सलाह दी। परिजन अच्छी देवी को सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

सौतेली मां ने बच्ची के हाथ-पैर बांधकर जिंदा दफनाया, सीसीटीवी से खुला राज

संवाददाता, काशीपुर

- निर्माणाधीन मकान से शव बरामद महिला गिरफ्तार

अमृत विचार : आईटीआई थाना क्षेत्र में एक सौतेली मां ने मासूम बच्ची को हाथ पैर बांधकर निर्माणाधीन मकान में जिंदा दफना दिया। पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है।

खड़कपुर देवीपुरा निवासी इलेक्ट्रीशियन मोनू की 8 वर्ष पूर्व यहीं की रीना नाम की युवती से शादी हुई थी। रीना से मोनू की दो बेटियां 8 वर्षीय सोनी व 6 वर्षीय तनु हैं। दूसरी बेटी के जन्म के दौरान ही रीना की मौत हो गई थी। इसके बाद मोनू ने ग्राम फजलपुर, थाना डिलारी (मुरादाबाद) निवासी लक्ष्मी देवी से दूसरा विवाह कर लिया था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। लक्ष्मी सोनी व तनु के साथ भेदभाव करने लगी। 16 अप्रैल को मोनू अपने ममेरे भाई की लगन में बिजनौर के ग्राम गल्ला खेड़ी गया था। अगले दिन सोनी को कन्या पूजन के लिए तैयार कर उसकी दादी संतोष देवी भी चली गई। उसी दिन शाम के समय लक्ष्मी ने बच्ची की हत्या कर अपने पति को फोन कर उसके लापता होने की बात कही।

बेटी के गायब होने की सूचना पर मोनू घर पहुंचा और उसने तत्काल बेटी की गुमशुदगी की सूचना डायल 112 नंबर पर आईटीआई पुलिस को दी। पुलिस को लक्ष्मी की बातें कुछ अजीब लगीं। तब पुलिस ने आसपड़ोस के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। फुटेज में आखिरी बार बच्ची को लक्ष्मी के साथ निर्माणाधीन मकान की तरफ जाते देखा गया। पुलिस ने सख्ती की तो लक्ष्मी से घटना उगल दी। पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। एसपी ने बताया कि शव पर भी चोट के निशान मिले हैं।

नई खोज | पांच वर्ष तक चला बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का शोध

गन्ना किसानों के लिए संजीवनी बनेगा बीबीएयू का शोध

जीशान कदीर, लखनऊ

डॉ. यूसुफ अख्तर

प्रो. संगीता सक्सेना

- गन्ने की नई उपज से तीन गुना तक मुनाफा कमा सकेंगे

अमृत विचार : गन्ना किसानों के लिए बीबीएयू का शोध संजीवनी लेकर आया है। नई खोज के सहारे किसान उपजे गन्ने से तीन गुना तक मुनाफा कमा सकेंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम ने जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) की मदद का सहारा लिया और शर्करा को संचय करने का तरीका ढूंढ निकला। वैज्ञानिकों का दावा है कि नया शोध किसानों के लिए कारगर रहेगा।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटेशनल जीव वैज्ञानिक डॉ. यूसुफ अख्तर बताते हैं कि अब तक गन्ने में शर्करा (ग्लूकोज-फैक्टोज) बढ़ाने के लिए सक्रिप्टोमिक स्तर पर जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) को शामिल किया जाता रहा है। इससे शर्करा तो बढ़ जाती थी, लेकिन उसका संचय नहीं हो पाता। ऐसे में भण्डारण (सिंक) क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से पांच वर्षों तक गन्ने के सूक्ष्म जीनों पर अध्ययन किया गया। नई कोशिका के सहारे भण्डारण की क्षमता विकसित हुई। बताते हैं कि नव विकसित जीन गन्ने में शर्करा को संचित करने का विकास कर किसानों को तीन गुन्ना तक मुनाफा हासिल कराएंगे।

इस तरह से किया गया शोध

शोध में ट्रांसक्रिप्टोम स्केल बिग डेटा का उपयोग किया गया। इसके सहारे जीए 3 से प्रभावित विशिष्ट जीन की पहचान की गई। इसे बढ़े हुए शुक्रोज संचय में सहयोगी बनाया गया। फिर गन्ने के नमूनों पर ट्रांसक्रिप्टोमिक विश्लेषण तकनीकी विकसित की और जीन अभिव्यक्ति की जांच की गई।

शोध के दौरान नए जीनों की हुई पहचान

देश के पहले नवीन शोध के निष्कर्षों से उच्च शर्करा सामग्री से जुड़े कई जीनों का पता चला है। ये जीन पौधे के भीतर चीनी परिवहन और भंडारण में भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले जीनों के समरूप (संरचना में समान) थे। इसमें चीनी-फॉस्फेट / फॉस्फेट ट्रांसलोकेटर, यूटीपी-ग्लूकोज-1-फॉस्फेट यूरिडिलिलट्रांसफेरेज और वी-एटीपीसेस पाया गया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये हाइड्रोलेज एंजाइम को एनकोड कर कार्य करा सकता है।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान भी बना सहभागी

प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्रो. संगीता सक्सेना ने बताया कि पांच वर्षीय खोज में शोधार्थी छात्रा कृति रूपेन्द्र के अलावा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की टीम भी शामिल रही। पहचाने गए जीन गन्ना ट्रांसक्रिपटोमिक्स और कार्यात्मक जीनोमिक्स के मौजूदा ज्ञान आधार में एक महत्वपूर्ण वृद्धि करेंगे।

एक नजर

घनी आबादी वाले बूथों पर भी पसरा रहा सन्नाटा

मुरादाबाद, अमृत विचार : शुक्रवार सुबह 7 :00 से शुरू हुए मतदान में मतदाताओं का उत्साह कम रहा। जिसके चलते घनी आबादी वाले जिन बूथों पर हमेशा भीड़ रहती थी, वहां सन्नाटा पसरा रहा। महानगर के जीआईसी के मतदान केंद्र पर लोग घंटों खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते थे, लेकिन इस बार यहां सुबह में इक्का-दुक्का बूथों को छोड़कर सारे बूथ खाली दिखाई दिए। दो-तीन बूथों पर लाइन लगी मिली, लेकिन उसमें भी कम ही लोग थे। इसके अलावा महानगर के मंडी चौक स्थित राजकला गर्ल्स इंटर कॉलेज, गोकुलदास डिग्री कॉलेज, प्रताप सिंह गर्ल्स कॉलेज और तहसील स्कूल समेत तमाम बूथों पर 10 :30 बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। वहीं मतदाताओं की सुस्ती राजनीतिक दलों में खलबली मचा रही है।

बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज में अपने मत का प्रयोग करने के लिए लाइन में लगीं महिलाएं। ● अमृत विचार

अंसार इंटर कॉलेज में मतदान के दौरान लाइन में लगे मतदाता। ● अमृत विचार

झड़प और नोकझोंक के बीच मुरादाबाद में 62.05 प्रतिशत मतदान

इंडी गठबंधन की सपा उम्मीदवार रुचि वीरा की एसएसपी और एसपी सिटी से हुई झड़प, एसपी सिटी बोले-जरूरत पड़ेगी तो करेंगे गिरफ्तार

मतदान केंद्र पर बने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते मतदाता। ● अमृत विचार

वोट डालकर ली सेल्फी सोशल मीडिया पर डाली

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर से लेकर देहात इलाकों में मतदान शुरू होने के बाद से शाम तक मतदाताओं में सेल्फी का क्रेज देखने को मिला। पूरा दिन लोगों के अमिट स्याही के निशान वाले मैसेज सोशल मीडिया पर छाए रहे। सुबह मतदान शुरू होने के बाद से सोशल मीडिया पर मैसेजों की झड़ी लगी रही। अपने मताधिकार का इस्तेमाल सुबह ही कर लेने वाले वोटर मतदान के ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाते रहे। लोगों ने अंगुली पर लगी अमिट स्याही दिखाते हुए अपनी तस्वीरें साझा कीं और अन्य लोगों को भी अपना वोट जल्द से जल्द डालने के लिए प्रेरित किया। ऐसे मतदाताओं की संख्या भी काफी रही जो सोशल मीडिया पर सुबह ही वोट डाल देने से जुड़ी तस्वीरों को देखकर मतदान करने के लिए अपने घर से निकले। लोगों में वोट डालकर सोशल मीडिया पर फोटो डालने का काफी क्रेज रहा।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद लोक सभा सीट पर शुक्रवार को पहले चरण के मतदान में बूथ कैप्चरिंग के आरोप व नोकझोंक के बीच 62.05 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। इंडी गठबंधन की सपा उम्मीदवार रुचि वीरा की मुगलपुरा थाना के प्रिंस रोड पर अंसार इंटर कॉलेज में बने मतदान केंद्र के बाहर एसएसपी व एसपी सिटी से झड़प हो गई। सपा प्रत्याशी ने उत्पीड़न का आरोप लगाया, वहां एसपी सिटी ने जरूरत पड़ने पर गिरफ्तार करने की चेतावनी दी। सपा प्रत्याशी ने निर्वाचन आयोग को मेल भेजकर भाजपा पर बूथ कैप्चरिंग करने का आरोप लगाया।

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में खड़े 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने ईवीएम में लॉक कर दिया। सुबह मतदान की गति धीमी रही। दोपहर में इसमें तेजी आई। इसी बीच सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने ठाकुरद्वारा के ग्राम पंचायत बहेड़ी में बने मतदान केंद्र के बूथ संख्या 360 और 361 पर वहां के प्रधान के पति पंकज भारद्वाज पर बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग को मेल से भेजी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि पंकज भारद्वाज ने अनावश्यक रूप से मतदाताओं पर दबाव बनाकर भाजपा के पक्ष में वोट करने की धमकी दी। वहीं दूसरी ओर कांठ विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 132 पर प्राइमरी विद्यालय ठेर उमरी कला में भी बूथ कैप्चरिंग की शिकायत चुनाव आयोग से की है। इसके अलावा महानगर में भाजपा प्रत्याशी के बेटे द्वारा 8-10 गाड़ियों में घूम कर मतदाताओं को डराने धमकाने की जिला निर्वाचन अधिकारी व चुनाव आयोग से मेल द्वारा शिकायत की है। इसी बीच सपा प्रत्याशी की महानगर के मुगलपुरा थाने के प्रिंस रोड पर अंसार इंटर कॉलेज में बने मतदान केंद्र के बाहर एसएसपी हेमराज मीना व एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया से तीखी झड़प हो गई, इसका वीडियो भी वायरल हुआ। इसमें सपा प्रत्याशी ने पुलिस अधिकारियों पर उनका उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। कहा कि यदि वह गलत हैं उन्हें गिरफ्तार कर लें। जिस पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने सपा प्रत्याशी को चेताया कि जरूरत पड़ी तो गिरफ्तार भी कर लेंगे। इसको लेकर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। वहीं बूथों पर देर शाम तक बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही। शाम पांच बजे तक 58.06 प्रतिशत वोट पड़े थे। जो शाम आखिर में 62.05 प्रतिशत पर पहुंच गया।

आरएसडी एकेडमी में मतदान करने के लिए लाइन में लगे मतदाता। ● अमृत विचार

इन प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

लोकसभा सीट से कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। जिसमें भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, गठबंधन से सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी, अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर के अलावा निर्दलीय अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, साधना सिंह शामिल हैं।

मतदान में महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

मुरादाबाद, अमृत विचार : शुक्रवार को मतदान दिवस पर महिलाओं में भी राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास दिखाई दिया। जिसके चलते महिला वोटरों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महानगर के सभी मतदान केंद्रों पर पुरुषों के बराबर ही महिलाएं दिखाई दी। इतना ही नहीं कुछ इलाकों में मतदान केंद्र दूर होने के बावजूद महिलाएं पैदल ही पहुंच गईं। दोपहर में तपती धूप के बीच मतदान केंद्र पर महिलाओं में वोट डालने को लेकर होड़ लगी रही। महिलाएं घर के सारे काम छोड़कर पहले मतदान करने पहुंचीं। जैसे- जैसे समय बढ़ता गया, वैसे-वैसे मतदान करने के लिए महिला वोटरों की कतारें लंबी होने लगीं। दोपहर में थोड़ी गर्मी बढ़ी तो कुछ महिलाएं आइसक्रीम व कोल्ड ड्रिंक पीते दिखाई दीं।

पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज में परिवार संग मतदान करने के बाद महापौर विनोद अग्रवाल।

जीआईसी मतदान केंद्र पर निरीक्षण करने पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना। ● अमृत विचार

आरएसडी एकेडमी में मतदान करने के बाद निशान दिखाते मतदाता। ● अमृत विचार

सिविल लाइंस स्थित मतदान केंद्र पर मतदान के बाद उत्साह में दिखीं महिलाएं।

घड़ी की टिकटिक के साथ बढ़ता रहा मतदान प्रतिशत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद लोकसभा सीट पर घड़ी की सुइयों की टिकटिक के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ता रहा। सुबह के पहले दो घंटे में सबसे कम 11.76 प्रतिशत पोलिंग हुई। जबकि इसके बाद मतदान ने रफ्तार पकड़ ली। दोपहर एक बजे तक 35.25, तीन बजे तक 46.28 और शाम 5 बजे तक 58.06 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें सर्वाधिक कांठ विधानसभा के मतदाताओं ने जागरूकता दिखाते हुए 63.50 फीसदी मतदान कर लोकतंत्र का फर्ज निभाया। अंत में 62.05 प्रतिशत तक मतदान पहुंचा।

घड़ी की टिकटिक के साथ मतदान प्रतिशत भी बढ़ता रहा। सुबह के पहले दो घंटे में सात से 9 बजे तक 11.76 प्रतिशत मत पड़े थे। जिसमें महानगर के कई बूथों पर लंबी कतार लगी थी तो बहुत से बूथों पर सन्नाटा पसरा रहा। जैसे-जैसे समय बढ़ा मतदाताओं के कदम बूथों की ओर बढ़ते चले गए। सुबह 9 बजे तक जहां मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में सिर्फ 11.76 प्रतिशत मतदान हुआ था वह अगले दो घंटे में 11 बजे मुरादाबाद में 11 बजे तक 23.36 % वोट पड़ गए। जो दिन के एक बजे बढ़कर 35.25 प्रतिशत हो गया। जिसमें कांठ विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 37.10 और सबसे कम ठाकुरद्वारा में 34.30 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में 35.87%, मुरादाबाद ग्रामीण में 35.25 और मुरादाबाद नगर विधानसभा क्षेत्र में 34.24 फीसदी मतदान हुआ। इस प्रकार एक बजे तक मुरादाबाद लोकसभा सीट पर एक बजे तक 35.25 प्रतिशत मतदान हुआ था। जो तीन बजे तक बढ़कर 46.28 और शाम 5 बजे तक 58.06 और 62.05 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने बूथों पर पहुंच कर निरीक्षण किया। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना भी मौजूद रहे।

● पहले दो घंटे में सबसे कम रहा मतदान, आखिरी समय में आई तेजी

समय के साथ मतदान की स्थिति (प्रतिशत में)

विधानसभा	सुबह 9 बजे मतदान	11 बजे	1 बजे	3 बजे	5 बजे	6 बजे मत
बढ़ापुर	15.02	29.88	35.87	50.98	60.88	61.99
कांठ	11.20	24.30	37.10	47.30	63.50	66.65
ठाकुरद्वारा	9.30	18.80	34.20	46.70	58.10	68.70
मुरादाबाद ग्रामीण	10.55	23.04	35.25	45.43	57.00	59.29
मुरादाबाद नगर	9.26	21.74	34.24	42.70	52.97	56.06
योग	10.89	23.36	35.25	46.28	58.06	62.05

मतदान में ज्यादा समय लगने पर नाराज रहे मतदाता

कार्यालय संवाददता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कुछ मतदान केंद्रों में मतदान में देरी होने पर कुछ मतदाता बिना वोट डाले ही बाहर निकल आए। पूछने पर बताया कि काफी देर से चुनाव में लगे लोग कुछ टैली कर रहे थे। इससे मतदान में देरी हो रही थी। यह स्थिति आरआरके स्कूल फेज दो में 11.20 बजे के आसपास रही।

इसी प्रकार आरएसडी एकेडमी राम गंगा विहार फेज दो में एमडीए के वीसी शैलेष कुमार ने पत्नी के साथ पहुंचकर वोट डाला। उन्होंने कहा कि वोट देकर अच्छा लगा। एक व्यक्ति को उन्होंने अपना मोबाइल देकर पत्नी के साथ फोटो खींचने को कहा। आरएसडी एकेडमी रामगंगा विहार फेज दो में भी मतदाताओं की खासी भीड़ रही। काफी लोग मतदाता पर्चियों को लेकर भी परेशान रहे। मतदान केंद्र के बाहर पर्ची को लेकर लोगों की भीड़ रही।

पर्ची तो मोबाइल में है, फिर कैसे वोट डाल पाएंगे

एक युवती मोबाइल लेकर मतदान केंद्र पर जा रही थी, इस पर होमगार्ड ने उसे रोक दिया कि मोबाइल लेकर अंदर नहीं जा सकती हैं। इस पर युवती ने कहा कि पर्ची तो मोबाइल में ही है, बिना पर्ची दिखाए कैसे वोट डाल सकूंगी। इस पर गार्ड ने सलाह दी कि साहब से बात कर लो। इस पर युवती साहब के पास गई। इसके बाद उसकी समस्या का समाधान हुआ। गेट पर खड़ा गार्ड एक से एक पढ़े लिखे मतदाताओं को समझा रहा था कि जब चुनाव आयोग ने सबको मना कर रखा है कि कोई भी मोबाइल लेकर नहीं जा सकेगा, उसके बाद भी आप लोग मोबाइल लेकर वोट डालने आ रहे हैं। मोबाइल तो सभी को बाहर करना ही पड़ेगा। सुरक्षा बलों को सबसे ज्यादा मेहनत मोबाइल बाहर कराने में ही करनी पड़ रही थी। मतदान केंद्रों में बुजुर्गों में वोट डालने में काफी उत्साह दिखा। एक दो लोग पकड़कर उन्हें वोट डलवाने ले जा रहे थे और वे उत्साह से मतदान कर रहे थे।

जनता फिर मोदी को सौंपेगी सत्ता: भूपेंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: देश के सबसे बड़े पर्व मतदान दिवस पर शुक्रवार सुबह 7:00 मतदान शुरू हो गया। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी अपने परिवार के साथ मत का प्रयोग किया।

शुक्रवार सुबह 9:00 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सिविल लाइंस स्थित विल्सोनिया कालेज पर बने मतदान केंद्र पर अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे। जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार ने पूरे 10 साल में सबका साथ सबका विकास को लेकर जो काम किए हैं, उसी को देखते हुए देश की जनता एक बार फिर से देश की बागडोर प्रधानमंत्री मोदी को सौंपने जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि घर से निकलकर अपने मत का प्रयोग करें और देश के महापर्व में अपनी भागीदारी दे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सुरक्षा, आस्था, परंपरा और विरासत को लेकर आगे बढ़ी है। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि जनता इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर से जन समर्थन देगी।

विल्सोनिया कॉलेज पर मतदान करने के बाद निशान दिखाते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

● परिवार के साथ विल्सोनिया कालेज के मतदान केंद्र पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया मतदान

वोटर लिस्ट में नहीं मिले मतदाताओं के नाम

मुरादाबाद, अमृत विचार: मतदान के दौरान सुबह से शाम तक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब होने के मामले सामने आए। महानगर के तहसील स्कूल स्थित पोलिंग बूथ पर वोट डालने पहुंचे नवनीत शर्मा ने अपने और दोनों भाइयों समेत परिवार के कई सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट से गायब होने का आरोप लगाया। इसके अलावा तंबाकू मोहल्ला निवासी बिलाल ने बताया कि उनके पिता का नाम वोटर लिस्ट से गायब था। वहीं असालतपुरा निवासी बॉबी ने बताया कि जब वह एचएसबी इंटर कालेज में मतदान करने गए तो उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं था। इसके अलावा कई जगह मतदाताओं की यहीं शिकायत थी कि उनके नाम वोटर लिस्ट से गायब है।

लोकसभा चुनाव पहली बार वोट देने आए वोटरों ने कहा- लोकतंत्र में सहभागी बनकर मिली खुशी

हर वर्ग में रहा मतदान के प्रति उत्साह-जज्बा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए बड़े-बुजुर्ग मतदाताओं से अधिक युवाओं में उत्साह रहा। पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं ने कहा कि लोकतंत्र का सहभागी बनकर खुशी मिली। इस महापर्व में शामिल होना एक सुखद अहसास है। महसूस हुआ कि हम भी लोकतंत्र में अहम हैं। वोट अमूल्य है लेकिन, उसकी महत्ता बूथ पर पहुंच कर पता चली। जब बुजुर्ग और बीमार लोगों को भी वोट के प्रति उत्साहित देखा।

पहली बार मतदान करने पर मिली खुशी

मुरादाबाद, अमृत विचार : इस बार के मतदान में युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीनदयाल नगर के सार्थक सक्सेना ने पहली बार लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में वोट देकर काफी खुशी महसूस हुई। वह आगे भी अपने इस दायित्व को निभाते रहेंगे। उन्होंने सभी से मतदान की अपील की।

जलपान से पहले मतदान के संकल्प को किया साकार

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के रहने वाले अंकित शर्मा ने अपनी पत्नी शुचि शर्मा के साथ सेंट धारा एकेडमी में बने बूथ पर मतदान कर जलपान से पहले मतदान के संकल्प को साकार किया। उनके पिता योगेश दत्त शर्मा ने भी इसी बूथ पर वोट डाला।

शिक्षक राहुल ने वोट देकर बढ़ाया देश का गर्व

मुरादाबाद, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक राहुल शर्मा ने भी अपनी पत्नी चंद्रकांता शर्मा के साथ नगर विधानसभा के बूथ संख्या 385, मतदेय स्थल केजीके इंटर कॉलेज में अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभाई।

हमने भी किया मतदान

सांसद डॉ .एसटी हसन।


भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह।

देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी।


पूर्व विधायक हाजी युसूफ अंसारी।


हाजी रिजवान कुरैशी।

बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी।

एक नजर

मतदान कर जीत का दावा

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सर्वेश सिंह ने अपने गांव रतुपुरा स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला और कहा कि उन्हें जनता का पूरा समर्थन मिला है। उन्हें उम्मीद है कि वह जीतकर एक बार फिर संसद में जनता की समस्याओं को उठाएंगे। सपा-कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी रूचि वीरा ने बिजनौर के धर्मनगरी गांव में बने मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग किया। वहीं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी इरफान सैफी ने ठाकुरद्वारा में अपने मत का प्रयोग किया। निर्दलीयों ने भी अपना वोट डालने के बाद खुद की जीत के दावे किए है।

रुचि वीरा ने अधिकारियों पर लगाया परेशान करने का आरोप, सोशल मीडिया पर छाया विवाद

पुलिस अधिकारियों से सपा प्रत्याशी की बहस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुगलपुरा क्षेत्र में शाम चार बजे के दौरान अंसार इंटर कॉलेज के बाहर गाड़ी रोकने को लेकर सपा प्रत्याशी रुचि वीरा और एसएसपी हेमराज मीना के बीच बहस हो गई। पुलिस कर्मियों ने रुचि वीरा की गाड़ी मतदान केंद्र के सामने से हटाने को कहा तो वह गाड़ी से उतर गईं और पुलिस कर्मियों से बहस करने लगी। इसी दौरान एसएसपी हेमराज मीना और एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया भी वहां पहुंच गए थे। एसएसपी व एसपी सिटी ने प्रत्याशी की कार को देखकर तुरंत उसके चालक को टोका भी। इस बहस का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना से बहस करतीं सपा प्रत्याशी रुचि वीरा।

वीडियो में रुचि वीरा और एसएसपी के बीच बहस होती दिख रही है। इसमें पुलिस अधिकारियों से सपा प्रत्याशी कहती सुनाई दे रही हैं कि उनकी कार के आगे एक अन्य वाहन था वह इसी चक्कर में रुकीं, अन्यथा वह तो जा ही रही थीं। रुचि वीरा ने पुलिस अधिकारियों से यह भी कहा कि आप हमें परेशान कर रहे हो...गिरफ्तार कर लो। हालांकि इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि कोई ऐसी बात नहीं थी लेकिन, प्रत्याशी की कार मतदान केंद्र के सामने बीच मार्ग पर खड़ी थी इसलिए टोका गया था। वहीं दूसरी ओर गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी और सपा प्रत्याशी रुचि वीरा की बनातुल कुरैश गर्ल्स इंटर कॉलेज के बाहर भी बहस हुई है। यहां सीओ से भी वह उलझ रही हैं। वह एक बुजुर्ग मतदाता को पुलिसकर्मी द्वारा धक्का दिए जाने का आरोप लगा रही हैं।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों पर बूथ कैप्चरिंग का आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बूथ कैप्चरिंग की शिकायत सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने चुनाव आयोग को मेल के माध्यम से की है। उन्होंने विधानसभा ठाकुरद्वारा के ग्राम पंचायत बहेड़ी में बने मतदान केंद्र के बूथ संख्या 360 और 361 पर उसी गांव की प्रधान के पति पंकज भारद्वाज पर बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी शिकायत में प्रधान के पति पर मतदान केंद्र पहुंच कर अनावश्यक रूप से मतदाताओं पर दबाव बनाकर भाजपा के पक्ष में वोट कराने की बात कही है। वही, कांठ विधानसभा के बूथ नंबर 132 पर प्राइमरी विद्यालय ठेर उमरी कला में भी बूथ कैप्चरिंग की शिकायत चुनाव आयोग से की गई है। वहीं शहर में भाजपा प्रत्याशी के बेटे द्वारा 8-10 गाड़ियों में घूम कर मतदाताओं को डरा धमका कर अपने पक्ष में वोटिंग कराने की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी व चुनाव आयोग से मेल द्वारा की गई है।

सांसद के नर्सिंग होम में घुसी पुलिस, वीडियो हुआ वायरल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डॉ. एसटी हसन ने पुलिस पर लगाया अभद्रता करने का आरोप

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान के दौरान शुक्रवार दोपहर के बाद सपा सांसद डॉ. एसटी हसन के नर्सिंग होम पर अचानक पुलिस पहुंच गई।

पुलिस का कहना है कि सांसद डॉ. एसटी हसन के नर्सिंग होम पर चुनाव आयोग की वेबसाइट खोलकर मतदाता पर्ची निकाली जा रही थी। इसकी सूचना पर मजिस्ट्रेट विनय पांडेय को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान मजिस्ट्रेट ने कहा कि आज वह किसी से मिलेंगे न ही कुछ सुनेंगे...आज वह केवल भारत निर्वाचन आयोग के अंडर में निर्वाचन कार्य संपन्न करा रहे हैं...। उधर, सपा सांसद ने सब इंस्पेक्टर पर अपने स्टॉफ से अभद्रता (मिसबिहेव) करने का आरोप लगाया है। इस कार्रवाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। डॉ. हसन ने आरोप लगाया है कि पुलिस बेवजह उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में किसी पात्र वोटर का नाम खोजे नहीं मिल रहा है तो वह और उनका स्टॉफ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से नाम खोजकर उसे मतदान करने को पर्ची दे रहे हैं तो इसमें क्या गलत है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं अधिक से अधिक मतदान हो। सांसद ने कहा कि वह इस मामले की शिकायत भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी से भी करेंगे।

दिव्यांगों और बुजुर्गों में मतदान को लेकर दिखा उत्साह

युवाओं ने बेहतर भविष्य के लिए तो महिलाओं ने किचन के बजट को दुरुस्त करने के मुद्दे पर डाले वोट

निर्मल पांडेय, मुरादाबाद

अमृत विचार : इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार को लेकर काफी गंभीर दिखे हैं। उन्होंने काफी सोच समझकर मतदान किया है। महिला मतदाताओं ने कहा कि वह वोट जरूर डालेंगी, ये मन उन्होंने काफी समय पहले ही बना लिया था। यही नहीं, वह अपने घर के आसपास की महिलाओं-युवतियों को भी वोट डालने को प्रेरित करके बूथ पर लाई थीं। मतदान करने आए युवाओं ने भी अपने मुद्दे बताए तो उम्र-दराज पुरुषों ने भी मतदान के पीछे अपने मुद्दे गिनाए। कई महिलाओं ने किचन के बजट को मुद्दा बनाकर वोट किया है तो कई ने सीधे मोदी की कार्यकुशलता की सराहना कर मतदान किया है।

कांठ रोड पर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में बने बूथ पर वोट करने आईं राकेश राठी बोलीं, हमारा मुद्दा तो महंगाई का है और इसी मुद्दे पर उन्होंने वोट किया है। राकेश ने कहा कि किचन का सामान वह चाहे दाल हो या चावल, घी-दूध सब महंगा ही महंगा है। गरीब ही नहीं मध्यम वर्गीय परिवार भी गैस सिलेंडर तक नहीं भरा पा रहे हैं। इसी आईटीआई में बूथ स्थल पर वोट करने जा रहीं यासमीन ने पूछने पर कहा, उनका मुद्दा भी महंगाई ही है। शिक्षा इतनी अधिक महंगी है कि बच्चों को पढ़ा पाना मुश्किल हो रहा है। यासमीन के साथ अन्य महिलाएं मिलन, शुभि, संतोषी व सानिया ने कहा कि उनका मुद्दा भी महंगाई ही है। फाजिल मलिक ने बताया वह वोट कर आए हैं। किस मुद्दे पर वोट किया तो बोले मुरादाबाद में मुद्दे बहुत हैं। किले से हरथला तक पांच मिनट का रास्ता है...आधा घंटे में तय कर रहे हैं। इतने अधिक और गहरे गड्ढे हैं कि आए दिन ई-रिक्शा और ऑटो पलट रहे हैं।

युवाओं ने भविष्य की चिंता कर किया है वोट : हरथला के विशाल सिंह, मऊ के अरुण कुमार ने बताया कि वह लोग मतदान कर आए हैं। उम्मीद है कि अच्छी सरकार बनेगी तो उन्हें रोजगार मिलेगा। नौकरियों में भेदभाव नहीं होगा। पेपर लीक होने वाली समस्या भी समाप्त हो जाएगी। आईटीआई हरथला मतदान केंद्र पर वोट करने के बाद लौट रहे बुजुर्ग मो. चांद खां ने बताया कि 54 नंबर बूथ पर वोट डाल आए हैं। वह मजदूर हैं। सरकार अब मजदूरों के लिए कुछ सोच रही है। अच्छी सुविधा मिलेगी, यही सोचकर मतदान किया है। कलीम ने बताया कि वह अब तक अपने जीवन में तीन चुनाव में वोट किया है। कहा, केंद्र सरकार की नीतियों से वह प्रभावित हैं। यही बात अंकित ने दोहराई।

बूथ पर 92 साल की सत्यवती का गुलाब देकर स्वागत करते लोग।

वोट डालने के बाद अंगुली पर अमिट स्याही दिखाता दिव्यांग नदीम।

पहले मतदान कर निभाया राष्ट्रधर्म, फिर खेत पर जाकर निभाई पारिवारिक जिम्मेदारी।

घरों में मतदाता पर्ची न पहुंचने की रही समस्या

आईटीआई मतदान केंद्र पर मिले मऊ के अरुण कुमार और आकाश भारती ने कहा कि इस बार के चुनाव में बड़ी समस्या वोटर पर्चियों की रही है। उन्हें उम्मीद थी कि मतदान के दिन से पहले घर पर पर्ची आ जाएगी लेकिन, नहीं आई। ऐसे में उन्होंने तय किया कि पर्ची के अभाव में कोई वोट पड़ने को रह न जाए इसलिए वह लोग सुबह से ही वोटर लिस्ट लेकर मतदान केंद्र से दूर बैठकर लोगों को वोटर पर्ची बनाकर दे रहे हैं। मोरा की मिलक के सचिन ने बताया कि उनके परिवार में छह वोट हैं। पर्ची नहीं पहुंची है तो लेने आए हैं। किसी का वोट पर्ची के अभाव खराब न हो, इसलिए वह अपने मुहल्ले के कई लोगों को भी साथ ले आए हैं और उनकी पर्ची बनवाकर वोट डला रहे हैं।

उम्र के आखिरी पड़ाव में मतदान को लेकर दिखा उत्साह

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान देने में बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। बुजुर्गों के लिए घर पर मतदान के विकल्प होने के बाद भी कुछ बुजुर्ग मतदान करने के लिए केंद्रों पर पहुंचे और अपना वोट डाला। इस दौरान बुजुर्गों के चेहरे पर वोट डालने का जोश नजर आ रहा था। बुजुर्गों ने परिजनों के साथ बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। ठठेरा मोहल्ला के रहने वाले 75 साल के अजीज अहमद पैरों में परेशानी होने के बाद भी मतदान केंद्र पहुंचे। तंबाकू मोहल्ला के रहने वाले 70 साल के तसलीम हसन खां के दोनों पैरों में परेशानी चल रही है। इसके बाद भी वह मतदान करने बूथ पर पहुंचे। बुजुर्गों ने इतनी उम्र होने के बाद भी अपनी जिम्मेदारी को समझा और वोट डालने बूथों तक पहुंचे।

- युवाओं ने पहले डाला वोट, फिर दूसरों को किया प्रेरित

बीमार व बुजुर्गों को व्हीलचेयर पर बूथ तक लेकर पहुंचे परिजन

मुरादाबाद, अमृत विचार: लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोकसभा चुनाव में बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांगों ने वोट डालने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बुजुर्ग व बीमार मतदाताओं को परिवार के लोग व्हीलचेयर व सहारा देकर मतदान केंद्र तक लाए। सुबह-सुबह मतदान केंद्रों पर भीड़ कम होने पर ऐसे सभी मतदाताओं को वोट डालने में आसानी रही।

शुक्रवार को सात बजे मतदान आरंभ होने के बाद बूथों पर लोगों की भीड़ नहीं थी। अब्दुल सलाम इंटर कॉलेज, जीआईसी इंटर कॉलेज, नवाबपुरा जौहरी बिल्डिंग, किसरौल, खत्री धर्मशाला, हाथी वाला मंदिर, फलाहे दारेन इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर दोपहर 12 बजे लाइनों में बुजुर्गों की संख्या अधिक दिखाई दी। पुरानी तहसील भट्टी मोहल्ला की रहने वाली 80 वर्षीय वायजबी अपने बेटे मोहम्मद अतीक के साथ व्हील चेयर से पहुंची। उन्होंने बताया कि वह पिछले दो वर्ष से चल नहीं सकती। साथ ही उन्होंने मतदान को लेकर अपने जीवन का अनुभव भी साझा किया। उनके मुताबिक अब पहले जैसे न प्रत्याशी रहे और न मतदाता। दोनों अपने निजी स्वार्थ में लगे हैं। बंगला गांव में प्राइमरी विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर दौलत प्रजापति को उनके बीमार होने के कारण बेटे मुकेश और राकेश लाए। तब जाकर उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया।

मतदान समाप्त होने के बाद केसीएम स्कूल से ईवीएम लेकर रवाना होते मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार

ईवीएम जमा करने देर रात तक मंडी समिति में जुटे रहे कार्मिक

कार्यलाय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का मतदान शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। जिसके बाद शाम को मतदान संपन्न होने के बाद सभी कर्मचारी ईवीएम लेकर दिल्ली रोड स्थित मंडी समिति पहुंचे। जहां कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को रखवाया गया।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जनपद की पांच विधान सभाओं में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कराया गया। सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम छह बजे तक चला। मतदान पूरा होने के बाद ही पीठासीन अधिकारी व अन्य कर्मचारियों ने प्रत्याशियों के एजेंट के सामने ईवीएम को सील किया। जिसके बाद सभी कर्मचारी ईवीएम लेकर दिल्ली रोड के लाइनपार स्थित मंडी समिति पहुंचे। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को रखवा दिया गया। जिसके बाद वहां फोर्स तैनात कर दी गई है।

मंडी समिति में ईवीएम जमा करने पहुंचे मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार

जनप्रतिनिधियों ने लोकतंत्र के महापर्व में दी वोट की आहुति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सांसद डॉ. एसटी हसन ने दोपहर बाद जीआईसी में बने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना वोट डाला

अमृत विचार: शुक्रवार को मतदान के महापर्व में जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ने भी अपना सहयोग दिया। सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान में जनता ने वोट डालना शुरू किया तो वहीं जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं रहे।

सांसद डॉ. एसटी हसन ने दोपहर बाद जीआईसी में बने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना वोट डाला। जबकि नगर विधायक रितेश गुप्ता ने अपनी पत्नी अर्चना गुप्ता के साथ गांधी नगर स्थित गांधी नगर पब्लिक स्कूल में बने मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग किया।

महापौर विनोद अग्रवाल ने भी लाजपत नगर स्थित रस्तोगी इंटर कालेज में अपने परिवार के साथ मतदान किया। देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी ने अपने परिवार के साथ गलशहीद चौराहा स्थित एचएसबी इंटर कालेज में बने मतदान केंद्र पर अपने मत का प्रयोग किया।

पूर्व सांसद व एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी ने पाकबड़ा के माता वाली मिलक में परिवार के साथ मतदान किया। मुरादाबाद ब्लाक प्रमुख मनीष सिंह ने गांव समाथल स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। वहीं पूर्व महापौर प्रत्याशी व कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी रिजवान कुरैशी ने भी एचएसबी इंटर कालेज में अपने मत का प्रयोग किया। अन्य जनप्रतिनिधियों में भी मतदान को लेकर उत्साह दिखा।

सुरक्षा व्यवस्था मतदान केंद्रों पर पुलिस के अधिकारी माइक से भीड़ को हटाने को उद्घोषणा भी करते दिखे

खाकी की सख्ती के चलते बूथों से दूर रही भीड़

कार्यलाय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मतदान केंद्र काफी सुरक्षित देखने को मिले। मुरादाबाद में अभिकर्ता मतदान केंद्र से करीब ढाई-तीन सौ मीटर दूर बैठे मिले। पुलिस अधिकारी थोड़ी-थोड़ी देर में मतदान केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्था जांच रहे थे। सुरक्षा बल के जवान भी पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी पर डटे रहे।

सिविल लाइंस सीओ अर्पित कपूर ने कई बूथों पर लाउडस्पीकर से अनाउंस किया कि कोई भीड़ न लगाए। जिसका वोट पड़ गया है वह मतदान केंद्र पर न रुके, ताकि व्यवस्था बनी रहे। कांठ मार्ग पर दोपहर दो बजे के दौरान सड़क किनारे पेड़ की छाया में जमीन पर दरी बिछाकर रसीद अहमद बैठे मिले। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र पर भीड़ न जुटे इसलिए दूर बैठकर मतदाताओं को पर्चियां दे रहे हैं। हरथला सब्जी मंडी में स्थित मतदान केंद्र के आसपास भी भीड़ नहीं दिखी। यहां पर मतदान करके लौट रही गुड़िया ने बताया कि केंद्र पर कोई भीड़ नहीं है। 10-15 मिनट में उनका वोट पड़ गया। अब वह अपनी दादी और पड़ोसियों को लाकर मतदान कराऊंगी। कांस्टेबल अजीत कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था में जन सहयोग भी मिल रहा है। हां, थोड़ा मतदाता पर्ची को लेकर जरूर वोटर दिग्भ्रमित हो रहे हैं। घरों में बीएलओ ने वोटर पर्ची नहीं पहुंचाई है। इसलिए उन्हें मतदान केंद्र पर आकर पर्ची के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

मतदान केंद्र पर भीड़ को हटाने के लिए उद्घोषणा करते सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर।

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान : एसपी सिटी

मतदान के बाद शाम 6.30 बजे के दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि जिले में मतदान काफी अच्छे तरीके से संपन्न हो गया है। कहीं को विवाद जैसी घटना सामने नहीं आई। इसमें आमजन का भी सहयोग मिला है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए पुलिस ने जो भी कार्ययोजना तैयार की थी वह बहुत ही कारगर साबित हुई है।

व्हीलचेयर पर वोट डालने पहुंचे 98 वर्ष के चमन लाल

कार्यलाय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अति बुजुर्ग, बीमार व अति दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतदान की सुविधा देने का दावा जिला प्रशासन के अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हवाला देकर करते रहे।

लेकिन, यह पूरा नहीं किया गया। 98 वर्ष के बुजुर्ग वरिष्ठ आर्य समाजी दीनदयाल नगर निवासी चमनलाल निझावन को जब भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घर बैठे डाक मतदान की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो वह अपना वोट डालकर लोकतंत्र का फर्ज निभाने स्वयं की व्हील चेयर से नेहरु युवा केंद्र पर बने बूथ पर वोट डालने पहुंचे। उन्होंने वोट डालकर सच्चे नागरिक का फर्ज निभाया। लेकिन प्रशासन के दावे पर सवाल खड़ा कर गए।

जज्बा

- नेहरू युवा केंद्र पर बने बूथ पर अधिकारियों ने की सराहना
- इस उम्र में भी वोट डालकर सच्चा नागरिक होने का फर्ज अदा किया


डाक मतदान की सुविधा न मिलने पर व्हीलचेयर से नेहरु युवा केंद्र में बने बूथ पर वोट डालने पहुंचे 98 वर्ष के चमनलाल।

एक नजर

राष्ट्रीय महापर्व का परिणाम सकारात्मक होगा: अर्द्धमौनी

मुरादाबाद, अमृत विचार : मानसरोवर स्कूल, नवीन नगर, सिविल लाइंस में प्रशासन की सुचारू व्यवस्था में मतदान बहुत शांतिपूर्ण व निर्विघ्न हुआ। धर्मगुरु आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने इस राष्ट्रीय महापर्व पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि हमारे मतदान से देश के वर्तमान एवं भविष्य दोनों को दिशा मिलती है। जनहित में हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। हमें पूर्ण विश्वास है कि भारत के राष्ट्रीय महापर्व का परिणाम सकारात्मक एवं सबके विकास वाला होगा।

कलश यात्रा आज

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा प्रथम दिवस कलश यात्रा राजाराम की धर्मशाला से शनिवार प्रात: नौ बजे आरंभ होगी। यह यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई कटघर बीच होली के मैदान श्री बालाजी दरबार में जाकर संपन्न होगी। इसके बाद रामायण का अखंड पाठ प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी श्री बालाजी सेवा समिति कटघर की ओर से दी गई है।

गवर्नमेंट कॉलेज में मतदान करने के बाद निशान दिखातीं युवतियां। ● अमृत विचार

पहली बार मतदान कर दिखे उत्साहित

मुरादाबाद, अमृत विचार: इस बार लोकसभा चुनाव में युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

दीनदयाल नगर स्थित मतदान केंद्र पर पहली बार वोट डालने पहुंचे संजोग सक्सेना ने कहा कि मैंने विकास और शिक्षा के लिए अपना मतदान किया है। वहीं सार्थक सक्सेना ने भी शुक्रवार को अपना पहला वोट डाला। उन्होंने कहा कि पहली बार वोट डालकर काफी अच्छा लगा। वहीं सिविल लाइंस स्थित विल्सोनिया कॉलेज में एमन फात्मा ने अपने पिता शकील के साथ पहली बार वोट डाला और खुशी का इजहार किया। गांधीनगर पब्लिक स्कूल के मतदान केंद्र पर सगे बहन-भाई अंशिका शर्मा और शिवांश शर्मा ने भी पहली बार अपने मत का प्रयोग किया। वहीं क्रिकेटर शिवा सिंह ने छोटे भाई पर्व सिंह ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग करते हुए खुशी जाहिर किया। इसके अलावा महानगर के कई ऐसा युवा शामिल रहे, जिन्होंने पहली बार अपने मत का प्रयोग किया।

इंतजार खत्म, यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज

मुरादाबाद, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की ओर से शनिवार को 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी किया जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दी है। बोर्ड ने नोटिस जारी करके बताया है कि 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 20 अप्रैल को जारी किया जाएगा।

जिले में 110 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षाओं हुई थी। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 80375 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसमें हाईस्कूल के 43453 और इंटरमीडिएट के 36922 विद्यार्थी हैं। डीआईओएस डॉ अरुण कुमार दुबे ने बताया कि यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट 20 अप्रैल दोपहर दोपहर 2:00 बजे यूपी बोर्ड मुख्यालय में घोषित किया जाएगा इसे बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in और एनआईसी की वेबसाइट upresults.nic.in पर चेक किया जा सकेगा।

जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग मौन, अभिभावकों ने लगाया मनमानी का आरोप

कमीशनखोरी से भर रही स्कूलों की तिजोरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दिन-ब-दिन स्कूली शिक्षा महंगी होती जा रही है। इसका मुख्य कारण निजी स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लगवाना, महंगी ड्रेस और फीस बढ़ोतरी है। स्कूलों की मनमानी से हर कोई वाकिफ है, लेकिन बच्चों के भविष्य को देखते हुए कोई भी अभिभावक कुछ बोलने को तैयार नहीं है। स्थिति यह है कि कमीशन खोरी के दम पर निजी स्कूल अपनी तिजोरी भर रहे हैं।

मुरादाबाद पैरेट्स ऑफ ऑल स्कूल अध्यक्ष अनुज गुप्ता का कहना है कि बीते साल भी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से शिकायत की, इसके बाद स्कूल में जांच भी करवाई गई। लेकिन, इसका परिणाम शून्य निकला। इस बार भी पूर्व जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश के बाद भी स्कूल में निजी प्रकाशकों की किताबें लगाई गई हैं। स्कूलों में खुलेआम जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के निर्देशों को दरकिनार किया जा रहा है। लेकिन, सभी मौन है। इसका खामियाजा अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे का कहना है कि सभी स्कूलों को सख्ती से नियमों का पालन करना होगा। नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

निजी स्कूल हैं गैर लाभकारी संस्थाएं

सीबीएसई द्वारा अधिसूचना के अनुसार निजी स्कूल गैर लाभकारी संस्थाएं हैं। सोसाइटी, ट्रस्ट या कंपनी का उद्देश्य स्कूलों को गैर लाभकारी तरीके से चलाना होना चाहिए। स्कूल को केवल इतनी फीस लेनी चाहिए, जितना उनके खर्चे निकालने के लिए पूरी हो सके। सीबीएसई की ओर से जारी दिशानिर्देश के अनुसार स्कूल अभिभावक को किसी भी बुकसेलर या खुद से पुस्तकें और ड्रेस लेने के लिए नहीं कह सकते। ऐसा करने पर स्कूल पर कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही स्कूलों को हर साल फीस बढ़ाने की सीमा भी तय की गई है लेकिन इसके बावजूद निजी स्कूल निर्देशों का अनदेखा कर शिक्षा का व्यापार कर रहे हैं।

क्या कहता है आरटीई का नियम

स्कूल के एक किमी के दायरे में किताब की दुकान नहीं चला सकते। स्कूलों में किताबों की सूची ओपन टू ऑल होनी चाहिए। तीन वर्ष से पहले किसी कोर्स की पुस्तकों में परिवर्तन नहीं होना चाहिए। स्कूल किसी भी अभिभावक को किसी विशेष पुस्तक विक्रेता के यहां से पुस्तक खरीदने को बाध्य नहीं कर सकते हैं।

स्कूलों में निजी प्रकाशकों की संचालित पुस्तकों का मूल्य

कक्षा-एक : 2000 से 3000 कक्षा-दो : 2000 से 3000 कक्षा-तीन : 2000 से 3500 कक्षा-चार : 3000 से 4000 कक्षा-पांचवीं : 3000 से 4500 कक्षा-छठी : 4000 से 4500 कक्षा-सातवीं : 4000 से 5000 कक्षा-आठवीं : 4000 से 5500 कक्षा-नौवीं : 5000 से 6000 कक्षा-दसवीं : 5000 से 6000 कक्षा-11वीं : 3000 से 4000 कक्षा-12वीं : 3000 से 4500

एनसीईआरटी पुस्तकों का मूल्य (अधिकतम)

कक्षा-एक : 550, कक्षा-दो : 550, कक्षा-तीन : 550 ,कक्षा-चार : 650, कक्षा-पांचवीं : 650, कक्षा-छठी : 700, कक्षा-सातवीं : 750, कक्षा-आठवीं : 800, कक्षा-नौवीं : 800, कक्षा-दसवीं : 850, कक्षा-11वीं : 900 से 1000, कक्षा-12वीं : 900 से 1000

तपती धूप के बीच लगी मतदाताओं की लंबी लाइन

सुबह मतदान केंद्रों पर कम पहुंचे मतदाता, दोपहर बाद मतदाताओं के जोश के आगे फीकी पड़ी धूप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शुक्रवार को सुबह से ही धूप में तेजी है। जिसके चलते सुबह के समय मतदान केंद्रों पर लोग कम पहुंचे, लेकिन दोपहर बाद मतदाताओं के जोश के आगे तपती धूप भी फीकी पड़ गई।

दोपहर में सभी क्षेत्रों में मतदाता घरों से निकले। तपती धूप के बावजूद मतदाताओं का हौसला कम नहीं हुआ। कई मतदान केंद्रों पर मतदान बढ़ने का रुझान दिखाई दिया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। उसके बावजूद भी मतदाता अपने प्रत्याशी के पक्ष में अपना मत डालने पहुंचे।

मतदान के दौरान लाइन में लगे मतदाता। ● अमृत विचार

गली-मोहल्लों में बच्चों ने खेला क्रिकेट

मुरादाबाद, अमृत विचार : शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मतदान वाले दिन सरकारी विभागों के अलावा निजी फैक्ट्रियों, कंपनियों और बाजारों में अवकाश रहा। स्कूलों में अवकाश होने के कारण बच्चों ने खूब आनंद लिया। आम दिनों में महानगर की जिन सड़कों पर दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती थी, शुक्रवार को वो सड़कें खेल के मैदान में तब्दील नजर आई। सुबह से शाम तक बच्चों ने सड़कों पर पर विकेट लगाकर जमकर क्रिकेट का आनंद लिया। जहां तपती दोपहरी में मतदाता वोट डालते नजर आए तो वहीं उसे धूप में छोटे-छोटे बच्चे क्रिकेट खेलते रहे। महानगर की विभिन्न सड़कों पर बच्चों ने विकेट लगाकर क्रिकेट खेला और कुछ इलाकों में बच्चें अन्य खेल खेलते नजर आए।

कड़ी सुरक्षा के बीच अगवानपुर में हुआ 58 प्रतिशत मतदान

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक मतदान हुआ। नगर में लगभग 58 प्रतिशत मतदान हुआ। नगर पंचायत के मोहल्ला सेफियान स्थित प्राइमरी स्कूल तथा सोमवार का बाजार में कन्या जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार सुबह 7 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। कन्या जूनियर हाईस्कूल में बूथों की संख्या 346 से 350 तक रही। जबकि प्राइमरी स्कूल में 338 से 343 तक बूथों की संख्या रही। इस दौरान सिविल लाइंस इंस्पेक्टर आरपी शर्मा ने लाउडस्पीकर से लोगों से भीड़ न लगाने व अपना मतदान करने की अपील की। मतदान के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीना ने भी मतदान केंद्रों का दौरा किया। मतदान के दौरान नगर की मार्किट भी बंद रही।

कई केंद्रों पर समस्याओं की बीच हुआ मतदान

मुरादाबाद, अमृत विचार : शुक्रवार को मतदान शुरू होने के थोड़ी देर बाद कुछ मतदान केंद्रों पर विभिन्न समस्याएं सामने आईं। जिसे प्रशासन द्वारा तुरंत सही करा दिया गया। महानगर के नवीन नगर में डॉ. बीआर आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल बच्चों के दाखिले न होने के कारण यह स्कूल काफी समय से बंद था। लेकिन इस स्कूल में मतदान केंद्र बनाया गया था। जिसमें स्कूल में पांच बूथ बनाए गए थे। सुबह में इस मतदान केंद्र पर वोटिंग शुरू हुई तो अचानक बूथों की लाइट बंद हो गई। कक्ष में अंधेरा होने के कारण खिड़कियां खोलकर धूप की रोशनी की मदद से काम किया गया। इसकी जानकारी तुरंत ही प्रशासन को दी गई। जिसके बाद लगभग 40 मिनट बाद सभी कक्षों की लाइट सही करा दी गई। एस कुमार चौराहा स्थित प्रभादेवी इंटर कालेज में बने मतदान केंद्र पर भी सुबह के समय कुछ समस्या आई, लेकिन उसे तुरंत ठीक कर दिया।

कई मतदान केंद्रों पर खराब हुईं ईवीएम

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिले में सबसे बड़ी मतदाता वाली नगर सीट पर मतदान काफी हद तक प्रभावित रहा। जिसकी मुख्य वजह ईवीएम मशीनें भी बनीं।

मुगलपुरा के राजकीय इंटर कालेज के मतदान केंद्र के बूथ संख्या पांच पर ईवीएम सही न होने से मतदाता भड़क गए। इस दौरान शिकायत मिलने पर सपा गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा भी मतदान केंद्र पर पहुंची गई। इस बूथ पर 1154 वोट थे। लेकिन दोपहर तक सीमित वोट ही पड़ पाए। प्रत्याशी के दखल के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और बाद में मशीन को बदल दिया गया। इसी तरह बूथ 183 नंबर पर ईवीएम खराब हो गई। खराबी की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने उसे तत्काल बदलवाने के आदेश दिए। यहां भी कुछ देर मतदान प्रभावित रहा। अंसार इंटर कालेज के बूथ नंबर 81 पर भी ईवीएम ने काम करना बंद कर दिया। जबकि बीएसए कार्यालय में बूथ संख्या 283 में मॉक पोल में देरी से यहां आधे घंटे यानी साढ़े सात बजे वोट पड़ सकें। टाउनहाल में बूथ संख्या 379 पर ईवीएम काम नहीं कर पा रही थी। आसिम बिहारी स्कूल के बूथ 69 पर ईवीएम की खराबी से मतदान डेढ़ घंटे तक प्रभवित रहा।

ब्लॉक प्रमुख मुरादाबाद मनीष सिंह एवं भाजपा के संभल लोकसभा क्षेत्र प्रभारी राकेश सिंह ने परिवार संग डाला वोट। ● अमृत विचार

जनप्रतिनिधियों ने डाले वोट लोगों से की मतदान की अपील

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार: नगर पंचायत पाकबड़ा में जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने अपना वोट डाला। साथ ही लोगों से भी अपने मत का प्रयोग करने की अपील की।

नगर पंचायत के निवासी जनप्रतिनिधि एवं नेताओं ने परिवार संग वोट डाला। सभी ने लोगों से अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। इसी क्रम में पूर्व सांसद/ एमएलसी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी ने अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ ग्राम माता वाली मिलक के विद्यालय में पहुंचकर वोट डाला। वहीं जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजय भान सिंह ने लोधीपुर राजपूत के विद्यालय में अपने मत का प्रयोग किया। भाजपा के संभल लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राकेश सिंह ने अपनी पत्नी के साथ कस्बे के गल्ला समिति में मत डाला। मुरादाबाद सदर ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह ने समाथल गांव के विद्यालय में पहुंचकर वोट डाला।

पूर्व विधायक जाहिद हुसैन अंसारी ने भी विद्यालय पहुंचकर वोट डाला। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब एवं पूर्व अध्यक्ष खेमवती देवी एवं प्रतिनिधि रिंकू भैया ने भी अपने वोट डाला।

लिस्ट से नाम गायब व पर्ची न मिलने की रही समस्या: वोटर लिस्ट में नाम गायब होने की समस्या भी आम रही। ज्यादातर बूथों में काफी सारे वोटरों के लिस्ट से नाम गायब मिले। जिससे लोग मायूस होकर लौटे।

अब माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक भी बनाएंगे डायरी, तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए शुरू हुई नई व्यवस्था
- बोर्ड की ओर से जारी कर दिया गया है शैक्षिक कैलेंडर

अमृत विचार: माध्यमिक स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए शासन ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। साथ ही शिक्षकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को भी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की तरह शिक्षक डायरी बनानी होगी। इसमें शैक्षिक कार्य से लेकर शिक्षण व्यवस्थाओं का लिखा जाएगा।

शिक्षकों के लिए सत्र 2024-25 का कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है। विद्यालयों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए अब यह व्यवस्था लागू की गई है। डायरी में शैक्षिक कार्य से लेकर शिक्षण योजना का उल्लेख किया जाएगा। शिक्षकों की डायरी की प्रधानाचार्य नियमित जांच करेंगे। डायरी में शिक्षकों को हर महीने कितना पाठ्यक्रम पढ़ाना है, कितना पढ़ाया जा चुका है, यह सब लिखना होगा। अगले दिन किस टॉपिक को कक्षा में विद्यार्थियों को पढ़ाना है, यह भी लिखना होगा। जिसके लिए पहले से तैयारी करनी होगी।

शिक्षकों को अपनी शैक्षणिक कार्य योजना भी लिखनी होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि बोर्ड की ओर से शैक्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। सभी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को अपनी डायरी बनाने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार विद्यार्थियों को पठन-पाठन कराने के साथ ही शिक्षा के स्तर को बेहतर करना है।

रितिक चौधरी ने 200 मीटर ओपन दौड़ में हासिल किया प्रथम स्थान

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर के होनहार धावक रितिक चौधरी ने यूपी स्टेट ओपन एथलेटिक्स

चैंपियनशिप में अपना दम दिखाया। उन्होंने 200 मीटर दौड़ में पहला और 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल किया। इससे खिलाड़ियों में खुशी देखने को मिल रही है।

मुरादाबाद जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गौरव ने बताया कि 31वीं यूपी स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 19 अप्रैल को कानपुर के सीएसजेएम यूनिवर्सिटी स्टेडियम में हुई। इसमें मुरादाबाद के रितिक चौधरी ने 200 मीटर रेस में 22:11 सेकंड का समय निकालते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जबकि 400 मीटर रेस में 48:46 सेकंड समय के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अब रितिक 11 से 15 मई में भुवनेश्वर ,उड़ीसा में प्रतिभाग करेंगे। रितिक को इस उपलब्धि पर मनोज शर्मा, राजीव तोमर, बाबर अली ने शुभकामनाएं और बधाई दी।

साढ़े तीन महीने बाद कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिपं सदस्य समेत छह नामजद कई अज्ञात में बनाए गए आरोपी

अमृत विचार : कटघर क्षेत्र के देवापुर गांव में साढ़े तीन महीने पहले भाजपा की ओर से विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ था। इसमें हुई फायरिंग के मामले में प्रधान पक्ष की तहरीर पर कटघर थाना पुलिस ने अब एफआईआर दर्ज की है। वह भी कोर्ट के आदेश पर। इसमें प्रधान के पिता मो. यासीन ने जिला पंचायत सदस्य समेत छह को नामजद किया और अन्य कई अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं।

मो. यासीन ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट ने 14 फरवरी को एफआईआर दर्ज करने के आदेश कटघर थानाध्यक्ष को दिए थे लेकिन, पुलिस पूरे एक महीने तक वह न्यायिक आदेश भी दबाए रही और अब 18 अप्रैल की रात में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी निदा वर्तमान में ग्राम पंचायत की प्रधान है। इससे पहले आरोपी पक्ष के जय प्रकाश सैनी उर्फ जगत सैनी की मां सुकदेई दो बार और पत्नी एक बार प्रधान रही हैं। आरोपी पक्ष पंचायत चुनाव हारने के बाद से ही उनके परिवार से रंजिश मान रहा है। मो. यासीन ने कहा कि वह खेतिहार हैं और सरिया-सीमेंट का भी काम है। लेकिन, 13 जनवरी को हुई घटना में कटघर थाना पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए उन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की थी। जबकि, प्रधान परिवार के पक्ष की पुलिस ने एक न सुनी। ऐसे में वह न्यायालय की शरण में चले गए थे, जहां न्यायालय ने कटघर थाना पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई की बात पर फटकार भी लगाई थी।

एसीजेएम-प्रथम कोर्ट के निर्देश पर कटघर पुलिस ने मो. यासीन की तहरीर पर वर्तमान जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश उर्फ जगत सैनी व उनके भाई राम सिंह सैनी, करन सिंह, निकिल, आनंद व हरिओम को नामजद किया है। दो अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया है। एफआईआर में वादी पक्ष ने कहा है कि आरोपी अभियुक्त दबंग और बाहुबली हैं। इनका आपराधिक इतिहास भी है। 13 जनवरी को मौजा इमलाक देवापुर में दोपहर 12 बजे के दौरान विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन था। इसमें भाजपा की एलईडी वैन भी आई थी। कार्यक्रम में मंच पर बैठने को लेकर प्रधान निदा के पिता मो. यासीन व जय प्रकाश सैनी झगड़ने लगे थे। आरोप है कि जय प्रकाश सैनी व उनके समर्थकों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। जय प्रकाश ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायर किए। एक गोली एलईडी प्रचार वाहन में जा धंसी थी। श्रीपाल नाम के व्यक्ति को छूते हुए गोली निकल गई थी। आरोप है कि जय प्रकाश ने प्रधान के भाई इरफान पर फायर किया था, इसमें वह बाल-बाल बच गया था। इस घटनाक्रम की कई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थीं।

जिपं सदस्य की ओर से घटना वाली रात दर्ज हुई थी रिपोर्ट

13 जनवरी की दोपहर में देवापुर गांव में फायरिंग और मारपीट हुई। फिर रात के 10 .50 बजे जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश की ओर से कटघर थाना पुलिस ने जानलेवा हमला और मारपीट के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। इसमें मो. यासीन, असलीम, गुलफाम, इरफान, मुशाहिद, जमालुद्दीन, गुलाम मोहम्मद, कुरबान अली के साथ ही 4-5 लोग अज्ञात में आरोपी बनाए गए थे।

परेशानी बेमौसम बारिश से 50 किलो प्रति बीघा तक हुई गेहूं कटाई, क्षेत्र के अधिकांश किसान मजदूरों से कराते हैं कटाई

गेहूं कटाई के लिए नहीं मिल रहे मजदूर, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आधुनिकता के इस दौर में किसानों के गेहूं की कटाई अधर में लटकी हुई है। गांवों में मजदूरों ने गेहूं की कटाई से किनारा कर लिया है। जिससे कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। गेहूं की फसल खेतों में पकी खड़ी है। कुछ ही किसानों ने मशीन से गेहूं की कटाई व गहाई कराई है, मगर छोटे काश्तकार मजदूरों से की कटाई व गहाई कराते हैं। आलम यह है कि मजदूर गेहूं कटाई के लिए मजदूरी 50 किलो बीघा तक ले रहे हैं।

बेमौसम बारिश किसानों के सामने चुनौती बनकर आई है। किसान गेहूं सूखने के बाद उन्हें जल्द से जल्द कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, इस समय गांवों में मजदूर नहीं मिल रहे। दूसरी ओर गावों और शहरों में शादी ब्याह का दौर शुरू हो गया है। इस कारण भी मजदूर खेतों में जाना पसंद नहीं कर रहे हैं। इसका खामियाजा किसानों को उठाना पड़ रहा है। मजदूर न मिलने से फसल खेतों में ऐसे ही खड़ी है। फसल कटने में जितना देरी होगी वह सूखने की वजह से काटते समय उतनी ही टूटती है। इससे गेहूं का दाना खेत में ही गिर जाता है।

किसान हेमराज सिंह, सोबल सिंह, संतोष सिंह आदि का कहना है कि गेहूं की फसल तैयार है, लेकिन कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। मजदूर अभी शादी ब्याह की दावतों में व्यस्त हैं। मजदूरों के न आने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

काजीपुरा गांव में खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

जनपद में अधिकांश किसान मजदूरों से ही गेहूं की कटाई कराते हैं। लेकिन, दावतों व फ्री राशन की वजह से मजदूर गेहूं कटाई से किनारा कर रहे हैं। इसलिए किसान खुद गेंहू काटने को मजबूर है।

–सतीश विश्नोई, जिलाध्यक्ष भाकियू

कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई बड़े खेतों में कारगार है। लेकिन, जनपद में अधिकांश किसान छोटे और मध्यवर्गीय हैं। किसानों को गेहूं के साथ भूसा भी बहुत जरूरी है। गेहूं कटाई बहुत महंगी है। किसान के लिए इसमें मुनाफा कमाना बहुत मुश्किल है।

–चौधरी यशपाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष भाकियू

4500 उपभोक्ताओं की दो घंटे आपूर्ति रहेगी ठप

मुरादाबाद, अमृत विचार: बिजली विभाग की स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत आरएमयू उपकरण चार्ज करने के लिए विद्युत वितरण खंड द्वितीय के तीन उपकेंद्रों से जुडे. साढ़े चार हजार परिवारों की बिजली आपूर्ति दो घंटे के लिए गुल रहेगी।

शुक्रवार को अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि 132 केवी विद्युत केंद्र से जुडे. रामगंगा बिहार उपकेंद्र के दीनदयाल नगर में शाम 4 से 6 बजे तक और परंपरा कॉलोनी व पीटीसी उपकेंद्र से जुड़े आरआई कंपाउंड की विद्युत आपूर्ति सुबह साढ़े 10 बजे दोपहर 12:30 बजे तक बाधित रहेगी। इससे दो घंटे तक प्रभावित क्षेत्र के 4500 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

बूथ पर पीठासीन अधिकारी बदलकर कराया मतदान

संवाददाता, काशीपुर

- खड़कपुर के एक बूथ पर गुरुवार की रात हंगामा, अधिकारी बदलने के बाद काम पर लगे कर्मी

अमृत विचार : खड़कपुर देवीपुरा के एक बूथ पर चुनाव ड्यूटी में कार्यों को लेकर हंगामा हो गया। आरोप है कि पीठासीन अधिकारी ने किसी भी कर्मचारियों को कार्य करने से मना कर दिया। इससे तहसीलदार को बूथ पर पहुंचना पड़ गया। पीठासीन अधिकारी बदलने के बाद वोट डाले गए।

गुरुवार की देर शाम ही पोलिंग पार्टियां और सुरक्षा कर्मी बूथों पर पहुंच गए थे। पीठासीन अधिकारियों ने पोलिंग पार्टियों को मतदान के संबंध में काम बताना शुरू कर दिया था।

बताया कि खड़कपुर देवीपुरा के एक बूथ पर कार्य को लेकर एक अधिकारी ने हंगामा कर दिया। इतना ही नहीं, डीएम के आदेश दिखाते हुए कार्यों के वितरण पर हस्तक्षेप करने लगा। इससे गुरुवार की देर रात बूथ पर हंगामा हो गया। कर्मी व पोलिंग पार्टियों का कार्य प्रभावित होने की आशंका होने लगी। बताया कि तहसील पंकज चंदोला मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया। मान मनोव्वल के साथ किसी दूसरे को पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई। तब जाकर शुक्रवार की सुबह बूथ पर लोग मतदान को आए। तहसीलदार ने बताया कि हंगामा शांत करा दिया गया था।

एक नजर

युवती को भगा ले जाने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। गांव ग्वालखेड़ा निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह 10 बजे वह परचूनी की दुकान पर सामान लेने गया था। वह घर आया तो उसकी बेटी नहीं थी, जब उसने आसपास के लोगों से जानकारी ली तो पता लगा कि गांव का ही नाजिम अपने साथियों फिरासत, नौशाद, फिरोज के सहयोग से उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। इसके लिए पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

दो युवकों ने पुलिस टीम पर किया फायर

बिलारी, अमृत विचार : गश्त करने जा रही पुलिस ने रास्ते में खड़े बाइक सवार दो युवकों से पूछताछ की तो एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों को पकड़ लिया। दोनों के पास तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों पर जानलेवा हमला, शस्त्र अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। बताया गया कि दरोगा साहब सिंह पुलिसकर्मियों के साथ सिरोही बैंक्वेट हॉल की ओर जा रहे थे। इस बीच रास्ते में बाइक सवार दो युवकों को रोक कर पूछताछ की। तभी युवकों ने फायर झोंक दिया। जिससे पुलिस बाल बाल बच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर मोहल्ला हर्षनगर निवासी राजीव कुमार, आकाश शर्मा को हिरासत में लिया। आरोपियों के पास 315 बोर का तमंचा भी बरामद हुआ।

23 को निकाली जाएगी बालाजी की शोभायात्रा

बिलारी, अमृत विचार : नगर में 23 अप्रैल को धूमधाम के साथ श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें अनेक झांकियां शामिल रहेंगी। इसे लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। नगर के मोहल्ला महाजनान में शुक्रवार दोपहर बालाजी शोभायात्रा आयोजन समिति की बैठक हुई। इसमें शोभायात्रा निकालने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जिम्मेदारियां भी बांटी गईं। कहा कि 23 अप्रैल की दोपहर दो बजे से नगर के प्राचीन मंदिर गमादेवत से बालाजी शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भगवान श्री बालाजी का दरबार, भैरव बाबा, प्रेतराज सरकार, राम दरबार, खाटू श्याम महाराज, महाकाल की झांकी शामिल रहेंगी।

रतुपुरा में मतदान केंद्र के बाहर महिला मतदाताओं को जानकारी देतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

ऊमरी कलां के पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र के बाहर लगी मतदाताओं की कतार। ● अमृत विचार

वोट डालने के बाद स्याही दिखाते विधायक नवाब जान, साथ ही पत्नी व अन्य।

छिटपुट घटनाओं के बीच 66.8 प्रतिशत मतदान

साइकिल छपे थैलों में मतदाता पर्ची लेकर घूम रहे दो युवक पुलिस ने हिरासत में लिए

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : कांठ क्षेत्र में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में छिटपुट घटनाओं के बीच 66.8 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात बजे से मतदान शुरू होते ही केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ नजर आई। लेकिन गर्मी बढ़ने पर मतदान की रफ्तार धीमी हो गई। दोपहर बाद फिर छह बजे तक मतदान में तेजी आई। इसके बाद पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम और वीवीपैट को सील किया।

कांठ विधानसभा क्षेत्र में 3,91,579, कुल मतदाता हैं। शुक्रवार को मतदाताओं ने मतदान किया। ऊमरी और कांठ क्षेत्र में तेजी के साथ मतदान हुआ। कांठ स्थित बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के मतदान केंद्र के पास दो युवक साइकिल छपे थैली में मतदाता पर्ची लेकर घूमते मिले। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया और थाने में लाकर बैठा दिया। ऊमरी कलां में पब्लिक इंटर कॉलेज, गढ़ी सलेमपुर, कांठ नगर में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। इस दौरान एसडीएम विनय कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

विश्नोई मंदिर के पास कुछ लोगों ने भीड़ लगने का प्रयास किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने भीड़ लगा रहे लोगों को वहां से खदेड़ दिया। फिलहाल शाम तक मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से 66.8 प्रतिशत मतदान हुआ।

स्याही दिखातीं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की पत्नी साधना सिंह व अन्य।

फहमिदा सुल्तान। ● अमृत विचार

सलमा हक्कानी। ● अमृत विचार

अपना वोट डालकर निशान दिखाते जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी।

सपा ने लगाया बूथ कैप्चरिंग का आरोप

समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि कांठ में बूथ संख्या 237 पर भाजपा नेता और बूथ एजेंट फर्जी वोट डलवा रहे हैं। प्रशासन के सामने बूथ कैप्चरिंग का प्रयास हो रहा है।

शाहबाजपुर और बहोरनपुर में 7:30 बजे तक डाले गए वोट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

मतदान
- ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र में 68.70 प्रतिशत हुआ मतदान
- 259587 मतदाताओं ने डाले वोट, लोगों में दिखा उत्साह

अमृत विचार : विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार शाम छह बजे तक 68.70 प्रतिशत मतदान हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत मतदान कम रहा।

क्षेत्र में 377 841 मतदाताओं के लिए सुबह सात बजे 728 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतार नजर आई, लेकिन सूरज के तेवर तल्ख होने पर बूथों पर वोटरों की संख्या कम हो गई।

10 बजे के बाद मतदेय स्थलों पर एक-दो मतदाता ही पहुंचे। दोपहर को मतदान केंद्रों पर सन्नाटा नजर आया। मुस्लिम मतदाताओं ने दोपहर को जुमे की नमाज के बाद मतदान केंद्रों का रुख किया। गांव शाहबाजपुर कला और भगतपुर के ग्राम बहोरनपुर मतदान केंद्र पर शाम 7:30 बजे मतदान हुआ। मतदाताओं का कहना था कि गेहूं कटाई की वजह से खेतों से लौटकर मतदान किया। इस वजह से केंद्रों पर भीड़ जमा हो गई और विलंब से मतदान पूर्ण हुआ।

इस तरह देर शाम तक 259587 मतदाताओं ने वोट किया। विगत लोकसभा चुनाव में 78.40 प्रतिशत मतदान हुआ था। उप जिला अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने बताया कि क्षेत्र में शांति पूर्वक मतदान किया गया है।

भोजपुर में शांतिपूर्ण तरीके से डाले गए वोट

भोजपुर, अमृत विचार : नगर व ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान किया। नगर के हर बूथ पर मतदातओं ने वोट डाले। बुजुर्ग महिलाएं भी मतदान करने में पीछे नहीं रहीं। नगर के कई मतदान केंद्र पर बुजुर्ग महिलाएं मतदान करने के लिए जाती हुई दिखाई दीं। भोजपुर में 62 .30 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान चपे चपे पर पुलिस तैनात दिखी। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बूथों का निरीक्षण किया।

गांव रामनगर खागुवाला में मतदाताओं की लगी लाइन। ● अमृत विचार

भोजपुर के प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर मौजूद मतदाता।

स्याही दिखाता लवी विश्नोई।

सलेमपुर में मतदान करने जाता दिव्यांग।

बिहारी कन्या इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर स्याही दिखाते व्यापारी अभय विश्नोई व अन्य।

रामपाल सिंह इंटर कॉलेज में मतदान केंद्र पर तैनात केंद्रीय सुरक्षा बल।

कांठ में मतदान करने जातीं बुजुर्ग मतदाता सुधा अग्रवाल। ● अमृत विचार

युवती ने शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : अमरोहा देहात क्षेत्र की रहने वाली युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर सात वर्ष तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

युवती ने पुलिस को बताया कि कुंदरकी नगर निवासी एक युवक की उसके भाई से दोस्ती थी और उसके घर उसका आना-जाना था। इस दौरान दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया।

युवती का आरोप है कि युवक ने कई बार अपने घर बुलाकर उसके साथ संबंध बनाए और जब वह उसके घर जाता था तो भी संबंध बनाता था। कई वर्षों से वह और उसके परिवार वाले शादी करने का भरोसा दे थे, लेकिन अब वे शादी करने से इनकार कर रहे हैं। तीन महीने से उसको धोखा दे रहे हैं कि उनका लड़का जेल में है, जबकि वह कहीं दूसरी जगह रहकर काम कर रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

जानवर ने छह बकरियां मार डालीं

कुंदरकी, अमृत विचार : गांव जैतिया फिरोजपुर निवासी राजवीर सैनी गुरुवार को रिश्तेदारी में परिवार सहित गए हुए थे। घर में छह बकरियां बंधी हुई थीं। बताया गया कि शुक्रवार सुबह जब वह घर पहुंचे तो देखा कि घर में छह बकरियां मरी हुई पड़ी थीं। उन्होंने बताया कि किसी जानवर ने बकरियों को मार डाला है। किसान हजारों का नुकसान हुआ है।

मतदान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

बिलारी, अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के गांव में घूम कर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इसमें उन्होंने अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया।

संभल लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ने शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न गांव में नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों से अपील की। इस दौरान उनके साथ राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष कुमार बासित अली, गेदन लाल पासी, पूर्व प्रत्याशी अनिल चौधरी, ओंकार सिंह, सुखवीर प्रधान, मंजू रानी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जवाहर सिंह सैनी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, चौधरी सत्यवीर सिंह डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक, मंगल सैनी, हरिओम सैनी आदि मौजूद रहे।

94 मतदान केंद्रों पर डाले गए वोट

संवाददाता, डिलारी

अमृत विचार : शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्वक मतदान किया गया। क्षेत्र में 94 मतदान केंद्र और 158 बूथों पर सुबह 7 बजे से लाइन में लगकर बुजुर्ग, युवक और महिलाओं ने मतदान किया।

मतदान को लेकर युवा वोटरों में काफी उत्साह दिखा। दिव्यांग मतदाताओं को कंधों पर बैठकर केंद्रों तक लाया गया। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने काम छोड़कर महापर्व में शामिल होकर मतदान किया। मतदान शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, अर्ध सैनिक बल,, पुलिस बल भारी मात्रा में लगाए गए।

जिलाधिकारी, एसएसपी, चुनाव अधिकारी स्थिति का जायजा लेते रहे। पुलिस क्षेत्राधिकार राजेश कुमार तिवारी, थाना अध्यक्ष डिलारी पवन कुमार मौके पर डटे रहे। क्षेत्र के नगर पंचायत ढकिया, कस्बा डिलारी, बुधनपुर,, सिहाली खड्डर, काजीपुरा, चटकाली, आलियाबाद, मलकपुर सेमली, सुल्तानपुर खादर, जटपुरा जलालपुर नाखूनका, अकबरपुर, जमशेदपुर, मुड़िया मोहिउद्दीनपुर मिर्जापुर, राजपुर केसरिया, मासूमपुर आदि के मतदान केंद्रों पर छिटपुट घटनाओं के साथ शांतिपूर्वक मतदान किया गया।

वोट डालकर स्याही दिखाते नगर पंचायत अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन। ● अमृत विचार

चुनाव सर्वोदय इंटर कॉलेज में मतदान केंद्र के सेल्फी प्वाइंट पर उत्साहित नजर आए मतदाता

सुरक्षा के बीच मतदाताओं ने निडर होकर किया मतदान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। मतदाताओं ने निडर होकर वोट डाले। मतदाताओं के वाहन मतदान केंद्रों के गेट तक पहुंचे। मोबाइल फोन के प्रवेश पर प्रतिबंध रहा। पुलिसकर्मी और सुरक्षा बलों के जवान तैनात नजर आए।

मतदान केंद्रों के अंदर पुलिस फोर्स मुस्तैद नजर आया, लेकिन बाहर नरमी बरती गई। इस व्यवस्था के बीच मतदाताओं ने बिना भय के मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान किया। महिला-पुरुष मतदान केंद्रों के गेट तक वाहनों से पहुंचे। प्रवेश करते वक्त मतदाताओं को मोबाइल फोन नहीं ले जाने दिया। लेकिन तनावपूर्ण स्थिति दिखाई नहीं दी। डिलारी के सर्वोदय इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र के सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते वक्त कुसुम देवी ने कहा कि उन्होंने बिना भय के पहली बार मतदान किया। कहा कि अब से पहले मतदान कर घर पहुंचने तक मन में अजीब से घबराहट रहती थी। ढकिया पीरू स्थित मतदान केंद्र पर राशिद हुसैन ने कहा कि चुनाव में काफी सुधार आ रहा है। अब कोई आपस में भी चुनाव को लेकर नाराजी पैदा नहीं करता है। पुलिस फोर्स भी बेवजह किसी को परेशान नहीं करती है। लोग शांति से मतदान कर रहे हैं। पार्टी एजेंटों की भी आवश्यकता खत्म होती नजर आ रही है। शरीफ नगर जूनियर हाईस्कूल मतदान केंद्र पर सपा प्रत्याशी के एजेंट दिलशाद हुसैन और भाजपा प्रत्याशी एजेंट राजकुमार बिना किसी तनाव के आपस में फोटो खिंचवा कर मतदाताओं को प्रेम के साथ मतदान करने का संदेश देते नजर आए। नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज मतदान केंद्र अतिसंवेदन होने की वजह से अतिरिक्त फोर्स थी।

सर्वोदय इंटर कॉलेज में बने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी देते मतदाता।

प्रत्याशियों के कार्यालयों से दूर रहे लोग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मतदान केंद्रों के आसपास वोटर पर्ची के लिए बने प्रत्याशियों के बस्तों पर भी चहल पहल काफी कम दिखाई दी। कुछ पुराने कार्यकर्ता ही नजर आए। आम लोगों ने प्रत्याशियों के कार्यालयों से दूरी बनाकर रखी। ज्यादातर वोटर पहले से पर्ची लेकर मतदान केंद्र पर पहुंचे। वोट डालकर घरों को वापसी की। यहां तक की रतूपुरा स्थित भाजपा प्रत्याशी के गांव में भी बस्ते पर भीड़ नजर नहीं आई। सुरजन नगर, शरीफ नगर, फरीद नगर, रामनगर खागूवाला, गोपीवाला, राघूवाला, फैजुल्ला गजं, गोपीवाला, कालाझांडा, भायपुर, दूल्हापुर आदि मतदान केंद्रों पर शांति नजर आई।

मतदान केंद्रों से गायब रहे कार्यकर्ता

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुलिस प्रशासन का भय कहे या फिर चुनाव को लेकर लोगों का बदला नजरिया। इसके चलते कुछ नेता मतदान केंद्रों से गायब रहे। सिर्फ मतदान केंद्रों पर मतदाता ही पहुंचे। सुल्तानपुर मुंडा के प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर बुजुर्ग गिरधारी सिंह ने वोट डाला। उन्होंने कहा कि पहली बार चुनाव में कोई नेता लोगों को बरगलाता नहीं दिखाई दे रहा है। वोटरों के साथ खींचतान रहती थी।

खेतों में किसानों ने समेटी गेहूं की फसल, मतदान की रफ्तार रही कम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान करने के बाद किसानों ने गेहूं फसल की कटाई की। सुबह मतदान केंद्रों पर कतारें दिखीं। लेकिन दोपहर बाद मतदान की रफ्तार काफी धीमी नजर आई।

लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर लाइनें लगीं। इस बीच किसानों ने खेतों में गेहूं की फसल को एकत्र करना भी जरूरी समझा। मतदान केंद्रों के साथ खेतों में भी काफी संख्या में किसान काम करते नजर आए। शरीफ नगर में खेत पर गेहूं की फसल को एकत्र कर रहे नाजिम अली ने कहा कि मौसम खराब होने की आशंका के चलते सुबह पहले फसल एकत्र करने आए। शाम के वक्त मतदान करेंगे। ऐसा ही मदारपुर के पास खेत पर काम करने वाले सतवीर का कहना था, मौसम गर्म है। कभी भी बारिश हो सकती है। भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के गांव रतूपुरा स्थित मतदान केंद्र पर 10 बजे ही मतदाता गायब थे। जबकि खेतों पर किसानों की चहल पहल नजर आई।

खेत में गेहूं एकत्रित करता किसान, साथ में बच्चे। ● अमृत विचार

एक नजर

आज अमरोहा आएंगे राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव

अमरोहा, अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज अमरोहा आएंगे। शहर में मिनी स्टेडियम में दोनों नेता संयुक्त रैली कर लोगों को संबोधित करेंगे। दोपहर करीब दो बजे वह हेलीकॉप्टर से अमरोहा पहुंचेंगे। दोनों नेता इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं जनसभा में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन ने तैयारी की है।

चेयरमैन से लगाई पैसा वापस दिलाने की गुहार

सैदनगली, अमृत विचार : सफाई कर्मी मोनू वाल्मीकि ने चेयरमैन को पत्र देकर कहा है कि सभासद ने उससे आंबेडकर जयंती पर ढोल बजाने के लिए कहा था। उसने जब रुपये मांगे तो सभासद ने झूठी शिकायत करके उसे नौकरी से हटवा दिया। सफाईकर्मी का आरोप है कि दूसरे सभासद ने योजना में उसकी मां के मकान आने के नाम पर 10 हजार रुपये ले लिए, और उसकी मां से दूसरी किस्त के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग करने लगा। जब उसकी मां ने रुपये नहीं दिए गए तो उसे शिकायत कर नौकरी से हटवा दिया। पूर्व सफाईकर्मी ने बताया कि उसे अभी तक नौकरी पर नहीं रखा गया है। न ही रुपये वापस किए हैं। उसने चेयरमैन से गुहार लगाकर सभासद से 10 हजार रुपये दिलवाने के साथ उसे नौकरी पर रखे जाने की मांग की है।

डीजे पर डांस के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसरोली से बुधवार को बारात गई थी। शादी समारोह के दौरान बज रहे डीजे पर गांव निवासी गौरव, पंकज एवं उनके चाचा कोशिंदर डांस कर रहे थे। डांस के दौरान उनकी गांव निवासी जागेश, जोगेन्द्र, जगजीवन एवं शिवलाल के साथ कहा सुनी हो गई थी। बारात में दोनों पक्षों को समझ कर मामला शांत कर दिया गया था। लेकिन गांव में पहुंचते ही फिर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। कोतवाली पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर जागेश, जोगेन्द्र, जगजीवन एवं शिवलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्कूल से छुट्टी के बाद कक्षा 12 की छात्रा लापता

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में इंटर की छात्रा छुट्टी के बाद घर के लिए निकली, लेकिन रास्ते से लापता हो गई। जानकारी पर छात्रा को परिजनों ने तलाश किया, लेकिन छात्रा का कुछ पता नहीं चला। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति की पुत्री कक्षा 12 की छात्रा है। वह शुक्रवार को स्कूल गई थी। छुट्टी के बाद स्कूटी से घर के लिए निकली, लेकिन रास्ते से वह लापता हो गई। जब वह स्कूल से घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसे तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। तलाश करने पर परिजनों को उसकी स्कूटी रास्ते में पड़ी मिली। परिजनों ने छात्रा के लापता होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस छात्रा की तलाश में जुट गई है।

पतंग उड़ाते समय छत से गिरकर बालक घायल

हसनपुर, अमृत विचार : गुरुवार शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहाली जागीर निवासी अशरफ का 11 वर्षीय पुत्र अशरान घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाते समय अशरान छत से नीचे गिर गया। परिजनों ने बालक को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।

जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

प्रधानमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट करतीं महिलाएं, साथ में प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर व अन्य। ● अमृत विचार

सामाजिक न्याय का सपना साकार हो रहा : मोदी

कहा- सम्मान निधि से जिले के किसानों को मिले 600 करोड़ रुपये

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब गांव, गरीब, किसान हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लघु उद्योगों को मदद मिल रही है। पिछली सरकारें सामाजिक न्याय के नाम पर एससी-एसटी को धोखा देती थीं। कहा कि मैं दिन रात मेहनत कर रहा हूं, खुद को खपा रहा हूं, तब सामाजिक न्याय का सपना साकार हो रहा है। 10 साल में चार करोड़ लोगों को पक्के घर मिले हैं।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गजरौला में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री तय कार्यक्रम के अनुसार पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमरोहा की पहचान ढोलक देकर प्रधानमंत्री नरेंद मोदी स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने भी शॉल ओढ़ाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने 10:26 पर संबोधन शुरू किया।

उन्होंने कहा कि अमरोहा को किसानों की वजह से जाना जाता है। पिछली सरकारों में किसानों की समस्याओं को नहीं सुना जाता था। भाजपा किसानों के लिए ही कार्य कर रही। अमरोहा जिले में अब तक 600 करोड़ रुपये किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से मिले हैं। कहा कि यूरिया अमेरिका में तीन हजार में मिलता है। जबकि भारत में 300 रुपये से भी कम में यूरिया मिलता है। अमरोहा में आम कारोबारियों के लिए भी सरकार ने काम किया है। यहां पर मैंगो पैक हाउस का निर्माण हुआ। अमरोहा से गंगा एक्सप्रेस वे निकल रहा है। यहां पर हसनपुर चीनी मिल की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा इथेनॉल प्लॉट भी लगा है। कहा कि पहले लोग गुंडागर्दी की वजह से पलायन करते थे। पश्चिम में तो घर के बाहर मकान बिकाऊ का पोस्टर लगाते थे। हमें उन ताकतों को मजबूत नहीं होने देना है।

इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के लिए लोगों से वोट की अपील की। कहा कि पोलिंग मजबूत करनी है। प्रधानमंत्री ने संबोधन के अंत में लोगों से कहा कि आप सब मेरा एक काम करोगे। आप सभी अपने घर जाकर लोगों से कहना कि मोदी जी अमरोहा आए थे, मोदी जी ने आप सभी को प्रणाम कहा है। यह बात सुनकर लोगों का उत्साह बढ़ गया और जनसभा में मौजूद लोग मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे।

कार्यक्रम का संचालन सैदनगली की नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ अनुकृति चौधरी ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सिंह सैनी, विधान परिषद सदस्य सरदार हरि सिंह ढिल्लो, विधायक महेंद्र खड़गवंशी, राजीव तरारा, हरेंद्र सिंह तेवतिया, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल, लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री की जनसभा में उत्साहित लोग। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री ने मोहम्मद शमी की प्रशंसा की

गजरौला, अमृत विचार : प्रधानमंत्री ने जनसभा के दौरान अमरोहा निवासी क्रिकेट खिलाड़ी व अर्जुन पुरस्कार विजेता मोहम्मद शमी के खेल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भाई मोहम्मद शमी ने विश्वकप में शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्हें केन्द्र सरकार ने अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके गांव में स्टेडियम बनवाने के आदेश जारी किए।

कांग्रेस के प्रत्याशी पर साधा निशाना

गजरौला, अमृत विचार : प्रधानमंत्री ने कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें भारत माता की जय बोलने में भी दिक्कत है, क्या ऐसे व्यक्ति को संसद में जाना चाहिये? उन्होंने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा शासनकाल में पश्चिमी यूपी के क्या हालात थे, यह बात किसी से नहीं छिपी है। लेकिन जब से प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला, तब से प्रदेश में बहू-बेटियां सुरक्षित हैं। गुंडों का ठिकाना अब यूपी में नहीं है। योगी सरकार ने यूपी को अपराध से मुक्त कराया।

प्रधानमंत्री ने बढ़ाया देश का मान : योगी

गजरौला, अमृत विचार : जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है और पूरी दुनिया में नए भारत के रूप में पहचान हो रही है। देश अब आत्मनिर्भर हो रहा है। उन्होंने कहा तीसरी बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।

शुक्रवार को गजरौला में अमरोहा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सभी लोगों को साथ लेकर चलने का काम कर रहे है। अब विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा प्रथम चरण का मतदान हो रहा है। सरकार के एजेंडे में किसान और दूसरे सभी लोग है। सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। पूरी दुनिया में भारत का डंका बाज रहा है। देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर हो रहा है। दुनिया भारत की ताकत को पहचान रही है। उन्होंने कहा अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करना है। प्रधानमंत्री के आने से करीब आधा घंटा पहले ही मुख्यमंत्री मंच पर आ गए थे। कहा कि अमरोहा में दूसरे चरण में मतदान होना है। यहां से भाजपा उम्मीदवार को जीताकर संसद में भेजना है। इसके लिए सभी एक जुट होकर काम करें। किसानों की समस्याओं का निराकरण किया गया है। पहले की सरकारों में किसान बेहाल रहता था, लेकिन अब सरकार का किसानों की तरफ विशेष ध्यान है।

इंडी गठबंधन के जनाधार से भाजपा भयभीत

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : गांव गनौरा स्थित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मानव त्यागी के आवास पर क्षेत्र के लोगों के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बैठक की।

इस दौरान अजय राय ने कहा कि इंडी गठबंधन के बढ़ते जनाधार से भाजपा डरी हुई है। इस बार देश की जनता उनके चक्कर में नहीं फंसने वाली है। अजय राय ने कहा कि भाजपा सिर्फ लोगों के राजनीतिक और सामाजिक चरित्र पर कुठाराघात करती रहती है, हमला करती रहती है। भाजपा की सरकार ने जुमलेबाजी के अलावा कुछ नहीं दिया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 20 अप्रैल को इंडी गठबंधन की संयुक्त रैली में मोदी सरकार की विफलता की जानकारी दी जाएगी। बताया जाएगा कि लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना क्यों जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष ने रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पहुंचने का आह्वान किया। कहा कि भाजपा ने हमेशा जनता को झूठ में फंसाने का कार्य किया है। कांग्रेस जनता के हित में कार्य करती रही है। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री प्रदीप नरवाल, रिजवान कुरैशी अनीश विशाल, ओमकार कटारिया, फैज आलम राइनी, मिथुन त्यागी, सुखराज सिंह, डॉ. एमपी शर्मा, राजेंद्र त्यागी सुधीर त्यागी, वीरेंद्र त्यागी, जितेंद्र, आमोद त्यागी, राहुल त्यागी, अनुज सुधीर, सुशील, नकुल त्यागी, महेश सहित आदि मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में बैठक करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष। ● अमृत विचार

बैठक

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा पर साधा निशाना
- कांग्रेस की रैली में लोगों से पहुंचने की अपील

दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर जनसभा के बाद लगा जाम

संवाददाता, गजरौला

- हाइवे पर मुरादाबाद दिशा में तीन किलोमीटर लंबा लगा जाम

अमृत विचार : जनसभा समाप्त होने पर लोग वापस लौटे तो दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जबकि पुलिस ने जाम से निजात दिलवाने के लिए रूट प्लान पहले ही तैयार कर लिया था। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तीन घंटे बाद किसी तरह जाम खोला गया। इसके बाद भी घंटाभर तक वाहन रेंगते नजर आए।

प्रधानमंत्री की जनसभा की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। वहीं जाम के हालात न बनें, इस पर पुलिस के अधिकारियों ने रूट प्लान बनाते हुए सुबह साढ़े पांच बजे से लागू किए जाने के निर्देश दिए थे। ट्रैफिक व्यवस्था सही रखने के लिए दूसरे जनपदों से भी यातायात पुलिस बुलाई गई थी। सुबह सब सामान्य चलता रहा। भीड़ को बढ़ता देख नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक वन-वे कर दिया।

प्रधानमंत्री का हेलीकाप्टर जनसभा स्थल पर उतरा, इससे करीब आधा घंटे पहले रूट डायवर्ट कर दिया। भारी वाहनों को दूसरी दिशाओं की तरफ भेज दिया। जनसभा के बाद प्रधानमंत्री का हेलीकाप्टर उड़ा तो हाईवे का रूट डायवर्जन भी खत्म कर दिया। वहीं लोगों की भीड़ भी जनसभा से वापस लौटने लगी। जिससे गजरौला सीओ कार्यालय के सामने से मुरादाबाद की दिशा में करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। जिससे गर्मी में लोगों को परेशानी हुई।

चुनावी पर्व राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मतदाता जागरूकता अभियान में दे रहे योगदान

मतदान से लोकतंत्र होगा मजबूत : यतीन्द्र

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. यतीन्द्र कटारिया विभिन्न विद्यालयों एवं गांवों में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान में योगदान दे रहे हैं। संविलियन विद्यालय रामपुर तगा में शिक्षकों, प्रबुद्ध जनों एवं विद्यार्थियों ने डॉ. यतीन्द्र कटारिया के नेतृत्व में शपथ लेकर मतदान का संकल्प लिया।

विभिन्न विद्यालयों, संगठनों एवं सामुदायिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता अभियान में योगदान दे रहे राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर तगा में जनसंपर्क कर लोगों से शत प्रतिशत मतदान की अपील की। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए राष्ट्रीय कर्तव्य निभाते हुए निष्पक्ष व ईमानदारी से मतदान का संकल्प कराया। संविलियन विद्यालय रामपुर तगा में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रबुद्ध जनों ने मतदान की शपथ लेते हुए शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। इस मौके पर यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी का वोट देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद देश को आजादी मिली और हम सबको मतदान करने का अधिकार प्राप्त हुआ है। इस मौके पर बच्चों ने प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदान का महत्व बताया तथा संकल्प लिया कि परिजनों से मतदान की अपील करेंगे। इस मौके पर संकुल प्रभारी ज्ञानेश शर्मा ने भी मतदान की महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उषा त्यागी, प्रियंका तोमर, अक्षय त्यागी, भूरी देवी, मंशा देवी, क्षमा भारती आदि उपस्थित रहे।

शिक्षकों, प्रबुद्धजनों व बच्चों को शपथ दिलाते यतीन्द्र कटारिया।

722 मतदान केंद्रों पर लगाए सीसीटीवी कैमरे

अमरोहा, अमृत विचार : जिले के 722 मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। अमरोहा नगर में 46, अमरोहा देहात में 76, डिडौली में 74, नौगांवा सादात में 103, गजरौला में 61, मंडी धनौरा में 62, बछरायूं में 42, रजबपुर में 67, हसनपुर में 54, आदमपुर में 46, सैदनगली में 47 और रहरा थाना क्षेत्र में 44 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के समस्त 12 थानों व चौकियों पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

23 कर्मचारी रहे अनुपस्थित

अमरोहा, अमृत विचार : चुनाव के लिए नियुक्त पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चौथे दिन प्रशिक्षण से 23 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रेनिंग 16 अप्रैल से शुरू की गई थी और 21 अप्रैल तक जारी रहेगी। चौथे दिन की ट्रेनिंग में 23 कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। इन सभी को नोटिस जारी कर जवाब देने निर्देश दिए हैं।

वीडियो पर कमेंट करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर अपलोड की गई वीडियो पर कमेंट करने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट और पथराव हुआ। दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए। दो पक्षों के घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया, तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में गणपत पुत्र टेकचंद ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड की थी। उस वीडियो पर गांव निवासी रोहित पुत्र भूप सिंह ने कमेंट कर दिया था। इसको लेकर ओमप्रकाश रोहित से बात कर रहा था। इसी बात को लेकर मंगल एवं जयपाल के परिजनों में कहासुनी और मारपीट हो गई। जिसका कुछ ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव करा दिया गया। उसके बाद जयपाल पक्ष ने मंगल के घर पर पथराव किया। मारपीट एवं पथराव में गीता पुत्री मंगला, किरणपाल पुत्र मंगला, ओमप्रकाश पुत्र मंगला, मनवाती पत्नी मंगल तथा दूसरे पक्ष के जयपाल पुत्र घासीराम, अजय पुत्र जयपाल, राजा पुत्र जयपाल, सुमन पत्नी जयपाल सहित आठ लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। उपचार के दौरान मानवती, सुमन एवं जयपाल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों को सीएचसी भेज दिया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

गजरौला में राकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के घर पर बैठी पुलिस। ● अमृत विचार

राकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट

गजरौला, अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी को गुरुवार रात को चौधरी चरण सिंह नगर में उनके आवास पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया था। शुक्रवार की सुबह जिला अध्यक्ष जोगिंदर सिंह को जानकारी हुई तो अपने पदाधिकारियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी के आवास पर पहुंचे। पुलिस ने इन सभी को भी नरेश चौधरी के आवास पर ही नजर बंद कर लिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पत्र प्रधानमंत्री को देना था। पुलिस ने उन्हें ज्ञापन पत्र देने से रोका। इससे जिले के सभी किसानों में रोष है। उन्होंने कहा कि इस तरह बार-बार किसानों की आवाज दबाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। इस दौरान प्रदीप चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष, सरदार समरपाल सिंह, गुरुबचन सिंह, संजीव चौधरी, रवि चौधरी, मयंक धारीवाल रहे।

मुख्यमंत्री की जनसभा स्थल का किया निरीक्षण

रहरा, अमृत विचार : 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रहरा के श्रीप्रकाश वीर शास्त्री इंटर कॉलेज के ग्राउंड में अमरोहा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर विधायक महेंद्र सिंह खडगवंशी, जिलाधिकारी राजेश त्यागी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, प्रमोद त्यागी, अंकुर अग्रवाल, प्रधान संघ के अध्यक्ष यशपाल प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़गवंशी, विशाल देव त्यागी, भाजपा नेता मोहित अग्रवाल उपस्थित रहे।

प्रत्याशी के चालक से मारपीट कर 7,000 रुपये लूटे

गजरौला, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के वाहन चालक से मारपीट के बाद 7,000 रुपये लूट लिए। चालक बाइक से अपने घर लौट रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी गुड्डू लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी की कार चलाता है। गुरुवार रात वह काम खत्म कर बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान नेशनल हाइवे पर कांकाठेर कट के पास सड़क किनारे डीसीएम खड़ी थी। आरोप है कि वहीं पास ही खड़े चार बदमाशों ने गुड्डू की बाइक रुकवाते हुए उसके साथ मारपीट की। जेब में रखे 7000 रुपये व मोबाइल भी लूट लिया। इसके बाद चारों डीसीएम लेकर मौके से फरार हो गए। गुड्डू के मुताबिक बदमाशों ने मोबाइल भी वहीं फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल गुड्डू को सीएचसी में भर्ती कराया।

मंडी धनौरा में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

श्रीराम प्रकटोत्सव में रामलीला का मंचन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : कंचन बाजार स्थित बाबा जी के बाग में श्रीराम जानकी भक्त मंडल के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम प्रकटोत्सव कार्यक्रम के समापन पर गुरुवार को कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। कार्यक्रम का आरंभ ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल व अनिल अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल का कमेटी के सदस्यों ने श्रीराम दरबार भेंट किया गया। कलाकारों ने रामलला जन्म, अहिल्या उद्धार, राम विवाह, राम बनवास, निषाद राज मिलन, भरत मिलाप, सीता हरण, सबरी मिलन हनुमत मिलन, लंका दहन, लक्ष्मण मुर्छा, संजीवनी बूटी, रावण मरण, राजगद्दी, राजतिलक लीलाओ का मंचन कर सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, मीना आर्य, राहुल अग्रवाल, कुसुम गोयल, अक्षय अग्रवाल, छत्रपाल सिंह, हर्ष भटनागर, यश अग्रवाल, नवीन दीक्षित, सुनील प्रजापती, संजीव दीक्षित, पारस सिंघल आदि मौजूद रहे।

गाली देने से मना करने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवक द्वारा गाली देने का विरोध करना उसे भारी पड़ गया। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरसा गुर्जर निवासी विनोद बलेश बल्लू एवं अमर सिंह को गालियां दे रहे थे। जिस पर गांव निवासी वीर सिंह ने गाली देने से मना किया तो चारों ने उसे पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विनोद, बलेश, बल्लू एवं अमर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

दो युवकों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी दो युवकों ने गांव की युवती से उसके घर में सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव में मां अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ रहती है। 17 अप्रैल की शाम मां गांव में कहीं गई हुई थी और बेटी घर पर अकेली थी। युवती को घर में अकेला देख गांव निवासी दो युवक घर में घुस आए और दुष्कर्म किया था। जब पीड़िता की मां घर पहुंची तो घटना बताई। मां अपनी बेटी को लेकर कोतवाली पहुंची और आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग थी। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर शेखर पुत्र डालचंद एवं सचिन पुत्र राजेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

युवक का अपहरण, पीछा करने पर छोड़ा

हसनपुर, अमृत विचार : मामला बृहस्पतिवार देर शाम का है। नगर के बाइपास मार्ग स्थित कमाल पैलेस के पास से आसीम पुत्र शब्बू गुजर रहा था। अचानक एक वाहन उसके पास रुका और उसे अंदर बैठा लिया। आसीम गजरौला अड्डे पर गाड़ी की डेटिंग पेंटिंग का कार्य सीखता है। शोर सुनकर अनजान युवक ने वाहन के पीछे अपनी बाइक लगा दी। बोलेरो सवार गांव बावनखेड़ी में आसीम को छोड़कर भाग गए, वाहन सवारों ने आसीम के साथ वाहन में मारपीट की, जिसके कारण आसीम के चोट भी आई है। इस हादसे से परिवार में भय का माहौल है। युवक काफी डरा हुआ है। पुलिस घटना की जानकारी होने से इंकार कर रही है।

सात बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमरोहा, अमृत विचार : रजबपुर पुलिस ने सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन के पास हथियार व चोरी किए जेवरात नकदी भी बरामद की है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ वारदात की योजना बना रहे सात बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से हथियार व सोने के कुंडल बरामद कर लिया। थाने में पुलिस ने पूछताछ की तो बदमाशों ने नाम मोहसिन उर्फ काला फौजी पुत्र मुन्ना उर्फ बिलाल निवासी भोजपुर स्टेशन के पीछे पीपलसाना थाना भोजपुर, अरबाज उर्फ गुलजार उर्फ लोली पुत्र नजर अब्बास उर्फ नजरबाज, फौरमैन उर्फ गड्डी उर्फ ताहिर पुत्र मूसा उर्फ शेट्टी, डॉलर उर्फ अहमद उर्फ दौलत पुत्र मौहम्मद जाफर उर्फ गय्यूर उर्फ मौहम्मद कासिम, शोएब उर्फ पंसारी पुत्र मोहम्मद जाफर उर्फ गय्यूर उर्फ मौहम्मद कासिम, समीना पत्नी गय्यूर उर्फ मौहम्मद जाफर, सना पत्नी करीम खान उर्फ रिहान उर्फ अमरीश निवासी ग्राम बसावनपुर थाना भोजपुर बताया। पुलिस ने आरोपियों से 2715 रुपये, दो पेचकस, हथौड़ी, दो जोड़ी कुंडल और तमंचा बरामद किया है।

एक नजर

चलती बाइक से गिरकर महिला घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर अचानक चक्कर से बाइक सवार महिला गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अख्त्यारपुर गांव निवासी अनीता अपने पति कपिल के साथ बाइक पर सवार होकर संभल आ रही थी। तेज धूप होने की वजह से महिला को चलती बाइक पर अचानक चक्कर आ गया। चक्कर आने की वजह से अनीता चलती बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गई।

टेंपो चालक ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोग घायल

धनारी अमृत विचार : धनारी में बस स्टैंड के पास शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे टेंपो चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिरा। हादसे में बाइक सवार भूरे सिंह निवासी गांव मैदावली थाना जुनावई और टेंपो चालक ब्रजेश कुमार निवासी गांव भोजपुर थाना गुन्नौर घायल हुए। पुलिस ने घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई भेज दिया।

तीन ईंट भट्ठों पर चली प्रशासन की जेसीबी, मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- एक ईंट भट्ठे पर दीवारें तोड़ी तो दो पर नष्ट कराईं कच्ची ईंटें

अमृत विचार : असमोली क्षेत्र में प्रशासन ने बिना प्रदूषण प्रमाण-पत्र और रायल्टी जमा किए संचालित तीन ईंट भट्ठों पर कार्रवाई की। जेसीबी से एक ईंट भट्ठे की दीवारें तुड़वा दी जबकि दो पर कच्ची ईंटों को नष्ट कराया। इस कार्रवाई से आसपास के ईंट भट्ठा संचालकों में खलबली मची रही।

प्रशासन ने नियमों को ताक पर रखकर चल रहे ईंट भट्ठों पर फिर कार्रवाई शुरू की है। शुक्रवार को नायब तहसीलदार सतेन्द्र चाहर ने टीम के साथ असमोली क्षेत्र के गांव ओबरी में स्थित चौधरी बिक्र वर्क्स पर छापेमारी की। यहां भट्ठा संचालक से प्रदूषण प्रमाण पत्र मांगा तो नहीं दिखा सका। जिसके बाद जेसीबी से ईंट भट्ठे की दीवारों को तुड़वा दिया गया। नायब तहसीलदार ने रहीस ईंट उद्योग व अहमद शाह ईंट उद्योग पर भी

ओबरी गांव में भट्ठे पर ईंट ध्वस्त कराते नायब तहसीलदार सतेन्द्र चाहर।

कार्रवाई कराई। इन भट्ठों पर फड़ों में पथ रहीं कच्ची ईंटों को जेसीबी से नष्ट कराया गया। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से क्षेत्र में आसपास के ईंट भट्ठा संचालकों में खलबली मच गई। कई तो आनन फानन में भट्ठों से चले गए और संपर्क में रहकर टीम के आने बारे में जानकारी हासिल करते रहे।

जमीन के विवाद में उठाया आत्मघाती कदम, किसान के भाई ने व्यापारी से खरीदी थी साढ़े पांच बीघा जमीन

बदायूं के किसान ने व्यापारी के प्रतिष्ठान पर किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में बदायूं जिले के किसान ने जमीन के विवाद के चलते व्यापारी के प्रतिष्ठान पर खुद पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। भाई और अन्य लोगों ने किसान को बचाया। पुलिस ने किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घंटों तक चलते उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत में किसान को मुरादाबाद रेफर कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बहटा अंतर्गत गांव थानपुर निवासी ओमकार ने 2021 में संभल के आनंद विहार कॉलोनी निवासी व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल से बदायूं के ही गांव नगला जैतपुर में 11 लाख रुपये में साढ़े पांच बीघा जमीन खरीदी थी। जमीन पर गेहूं की फसल खड़ी है लेकिन विवाद के चलते उसकी कटाई शुरू नहीं हो सकी है। व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल ने यही जमीन वर्ष 2014 में गांव नगला जैतपुर के नेमपाल से खरीदी थी लेकिन वर्ष 2021 में ओमकार को बेचने के बाद दाखिल खारिज नहीं हो सका। दस्तावेजों में नेमपाल का नाम चला आ रहा है। जिसे लेकर मामला बिसौली में नायब तहसीलदार के यहां चल रहा है। शुक्रवार को सुबह ओमकार और उसका भाई मुकेश व्यापारी के हल्लू सराय तिराहा पर स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। यहां मुकेश ने जमीन के विवाद के लेकर पहले बोतल से डीजल पीया और फिर शरीर पर उड़ेलकर आग लगाने का प्रयास किया। हालांकि ओमकार और अन्य लोगों ने मुकेश को रोक लिया। जिसके बाद मुकेश की हालत बिगड़ गई और तड़पने लगा। मौके पर भीड़ जुट गई तो सूचना मिलने पर कोतवाल पवन कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए। कोतवाल ने व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल से मामले की जानकारी की तो उन्होंने कहा कि पूरे मामले में उनका कोई कसूर नहीं है। करीब छह साल तक दस्तावेज में उनके नाम पर ही जमीन रही लेकिन नायब तहसीलदार के स्तर से किसी तरह फिर से नेमपाल का चलने लगा। पुलिस ने मुकेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के बाद डॉक्टर ने मुकेश को रेफर कर दिया।

संभल में किसान द्वारा आत्मदाह का प्रयास करने के दौरान पानी से उसके शरीर पर लगी आग बुझाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

दूसरा पक्ष नहीं काटने दे रहा गेहूं फसल

संभल अमृत विचार : किसान ओमकार का कहना रहा कि साढ़े पांच बीघा जमीन में गेहूं की फसल खड़ी है लेकिन दूसरा पक्ष फसल को नहीं काटने दे रहा है। चूंकि दस्तावेज में नेमपाल का नाम आ रहा है। हम इसमें क्या कर सकते हैं। जब व्यापारी को रुपये देकर जमीन खरीदी है तो फिर उस पर उगाई गई फसल को क्यों नहीं काटने दिया जा रहा।

पुलिस पहुंची तो आ गए भाजपा नेता

संभल अमृत विचार : किसान मुकेश द्वारा आत्मघाती कदम उठाने के बाद जैसे ही सूचना मिलने पर पुलिस व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंची तो भाजपा नेता कपिल सिंघल भी आ गए। कोतवाल ने व्यापारी को भी कोतवाली ले जाने के निर्देश पुलिस कर्मियों को दी। बाद में मामले को लेकर स्थिति साफ हुई। कोतवाल ने कहा कि जरूरत पड़ने पर फोन करेंगे तो कोतवाली आना पड़ेगा। हालांकि व्यापारी और भाजपा नेता जिला अस्पताल भी पहुंचे। किसान मुकेश के इलाज को लेकर जानकारी की।

लोगों की जुटी भीड़, समझा माजरा

संभल अमृत विचार : किसान मुकेश व्यापारी के प्रतिष्ठान के बाहर ही तड़प रहा था। बहजोई मार्ग से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी तो कुछ ही मिनटों में भीड़ जुटने लगी। लोगों ने पूरा मामला समझा। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने मुकेश की हालत देखकर सबसे पहले उसे ई रिक्शा से जिला अस्पताल भिजवाया।

- जमीन का दाखिल खारिज नहीं हो सका, नायब तहसीलदार के यहां हो रही थी सुनवाई
- दस्तावेज में दूसरे व्यक्ति के नाम दिख रही जमीन

वापस कराई ग्रामीण की 50 हजार की रकम

संभल/असमोली, अमृत विचार : ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के ग्रामीण से गलती से किसी दूसरे खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर होने की जानकारी मिलने पर साइबर हेल्प डेस्क टीम हरकत में आ गई। टीम ने ग्रामीण को रकम वापस करा दी।

क्षेत्र के गांव पंसुखा निवासी रागिब ने थाना ऐंचौड़ा कम्बोह की साइबर हेल्प डेस्क टीम को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 14 अप्रैल को गलती से किसी दूसरे के खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए। जिसके बाद टीम ने साइबर सेफ पोर्टल के माध्यम से अज्ञात खाते की जानकारी निकाली। अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल नंबर व खाता संख्या को जेम्स पोर्टल के माध्यम से सत्यापित किया। एयू फाइलेंस बैंक के नोडल अधिकारी व बेनिफिशियरी से संपर्क करे रागिब के खाते में रकम वापस करा दी। साइबर हेल्प डेस्क टीम का कहना रहा कि प्रलोभन में आकर किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न किया जाए।

अंतिम दिन 14 प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे

अब तक 21 उम्मीदवारों ने 32 नामांकन पत्र किए दाखिल, एक महिला भी दावेदारी में शामिल

संवाददाता, बहजोई/संभल

अमृत विचार: नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सबसे अधिक 14 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। । इस तरह संभल लोकसभा सीट के लिए कुल 21 प्रत्याशियों ने अपने 32 नामांकन पत्र दाखिल किये। एक महिला उम्मीदवार ने भी नामांकन दाखिल किया है।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय नामांकन स्थल पर अंतिम दिन सुबह 11 से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व गहमा गहमी के बीच नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

तलाशी के बाद नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशियों को नामांकन स्थल पर प्रवेश दिया गया। सबसे पहले वंचित समाज इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी

एक और नामांकन सेट जमा कराते सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क। ● अमृत विचार

- सपा प्रत्याशी ने एक बार फिर नामांकन पत्र किया दाखिल

शीशपाल ने अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के समक्ष दाखिल किया। जनता शासन पार्टी से जयगम उल इस्लाम ने नामांकन पत्र दाखिल किया। राष्ट्रीय समता पार्टी दल से मोहम्मद असलम उर्फ पाशा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाऊर्ररमान अंतिम दिन फिर पहुंचे।

उन्होंने तीन सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। लोक पार्टी से पवन कुमार ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अनुज वार्ष्णेय, राजेश कुमार, मोहम्मद वसीम, महेंद्र सिंह, कौशल शर्मा, तुबा, शाहने अली, वसीम, मुस्कुरान ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अंतिम दिन जहां सबसे ज्यादा 14 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

आज होगी पर्चों की जांच 22 को साफ होगी तस्वीर

बहजोई, अमृत विचार : पूरी नामांकन प्रक्रिया के दौरान अंतिम दिन जहां सबसे ज्यादा 14 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। अंतिम दिन आठ निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनावी मैदान में अपनी ताल ठोंकी है। अब कल 21 प्रत्याशियों के 32 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इन नामांकन पत्रों की जांच शनिवार को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय नामांकन स्थल पर होगी। इसके बाद साफ हो जाएगा कि किसका नामांकन पत्र खारिज हुआ है और किसका सही है। सोमवार को 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

15 से अधिक प्रत्याशी हुए तो दो मशीनों से होगा मतदान

बहजोई, अमृत विचार : पूरी नामांकन प्रक्रिया के तहत अंतिम दिन तक 21 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। इससे जिला प्रशासन का सिर दर्द की बढ़ गया है। क्योंकि 15 से अधिक प्रत्याशी रहे तो फिर मतदान के दिन दो ईवीएम मशीन का प्रयोग मतदान केंद्र पर करना पड़ेगा। क्योंकि एक ईवीएम मशीन से केवल 15 प्रत्याशी ही का नाम व चुनाव चिन्ह आ सकता है।

सार-संक्षेप

एमजीएम कॉलेज में रंगोली सजाती छात्राएं। ● अमृत विचार

मतदाता जागरूकता के लिए छात्राओं ने बनाई रंगोली

संभल, अमृत विचार : एमजीएम पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत संयोजिका डॉ. अनुभा गुप्ता द्वारा रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। रंगोली प्रतियोगिता में वर्षा, निकिता, फरहा, राशि, अल्फिया, नेहा, दीपिका, सोफिया ने शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मनमोहक रंगोली बनाई। आओ चलो करें मतदान, यही है अपनी पहचान एवं राष्ट्र हित में वोट करें आदि स्लोगन भी लिखे। रंगोली प्रतियोगिता में वर्षा, राशि एवं अल्फिया की रंगोली प्रथम, निकिता, फरहा और सोफिया की रंगोली द्वितीय, दीपिका एवं छाया की रंगोली तृतीय स्थान पर रही। समिति की सदस्य डॉ.पूजा गुप्ता, डॉ. दुष्यंत मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डॉ.प्रकाश नारायण, डॉ. रोहित अग्रवाल, डॉ. हुमा फातिमा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सोनू, सौरभ और मोहम्मद उमर का सहयोग रहा।

मतदाता जागरुकता रैली निकालती आशा व आंगनबाड़ी। ● अमृत विचार

रैली निकाल कर मतदान के प्रति किया जागरुक

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : विकास खण्ड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत गुमथल स्थित सरकारी विद्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान नंदकिशोर दिवाकर ने हरी झंडी दिखा कर रैली का आरंभ किया। रैली में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और आशा बहनें और बच्चे हाथों में जागरुकता के बैनर व नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रही थीं। साथ ही जागरुकता के नारे लगा कर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक कर रही थीं। इस दौरान ग्रामीणों को बताया कि संभल लोकसभा का चुनाव सात मई को होगा। शत प्रतिशत मतदान कर इस महापर्व के भागीदार बनें। रैली गांव गुमथल की सड़कों पर भ्रमण करते हुए गांव पचाक पहुंच कर संपन्न हुई। रैली में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहनें, विद्यालय स्टाफ समेत रोजगार सेवक योगेन्द्र मौर्या, दीपक दिवाकर, राशन डीलर प्रेमलाल, सुंदर सिंह समेत कार्यकारिणी प्राइमरी और जूनियर स्कूल का स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

श्री श्याम खाटू के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : श्री श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम खाटू वाले का 20वां भव्य संकीर्तन आयोजित हुआ। संकीर्तन में जयपुर और स्थानीय कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु झूम उठे। देर रात तक भजनों से श्री श्याम खाटू का गुणगान किया जाता रहा।

जिला अस्पताल के पास स्थित परिसर में श्री श्याम खाटू वाले श्याम बाबा के संकीर्तन की तैयारी की गई।

भक्तों ने बंगलौर, कलकत्ता और दिल्ली के फूलों से श्री खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार किया। गुरुवार को देर रात आयोजित हुए संकीर्तन का शुभारंभ श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष अनुज गर्ग, विशेष गुप्ता, विजय चंद्रा ने श्याम बाबा के समक्ष संयुक्त रूप से ज्योत प्रज्वलित करके किया।

संकीर्तन की शुरूआत संभल के

श्री श्याम खाटू संकीर्तन कार्यक्रम में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- जयपुर और स्थानीय कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति

अग्रवाल बंधुओं ने भजनों से की। उन्होंने कई भजनों की प्रस्तुति देते हुए श्री खाटू श्याम का गुणगान किया। जिसके बाद जयपुर के सुप्रसिद्ध गायक मुकेश बागड़ा ने भजनों की प्रस्तुति देते हुए पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। हालात ऐसे बने कि देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। इस बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्री श्याम खाटू वाले के दर्शन करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान वंदित गर्ग, अविरल गर्ग, प्रशांत रूहेला, विशाल रूहेला, विनीत रूहेला, अंकित भटनागर, कमल गुप्ता, नवनीत, शशांक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, निखिल गुप्ता, हर्ष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, प्रतीक कुमार, पंडित शोभित शास्त्री आदि मौजूद रहे।

डीसीएम में घुसी बाइक एक युवक की मौत

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर रोड पर देर रात दावत खाकर लौट रहे युवकों की बाइक सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

हादसा गुरुवार को देर रात लगभग दो बजे संभल हसनपुर रोड पर मिर्जापुर ककरौआ गांव के निकट हुआ। सिंहपुरसानी गांव में शादी समारोह से दावत खाकर बाइक पर सवार होकर लौट रहे मुरादाबाद जिले में काजीखेड़ा निवासी रमन व सनी हादसे का शिकार हुए। युवकों की बाइक सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में जा घुसी। हादसा इतना जबरदस्त था कि रमन व उसका साथी सनी बुरी तरह घायल हो गये। पुलिस दोनों को अस्पताल ले गई जहां डाक्टर ने रमन को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने तीन वाहन चोर पकड़े, 10 बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: कैलादेवी थाना पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी की दस बाइक बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह के लोग गाजियाबाद व अलीगढ़ आदि जनपदों से बाइक चोरी कर उन्हें संभल जनपद में बेचने का काम करते थे।

सीओ अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि कैला देवी थाना पुलिस की टीम सारंगपुर अमावती तिराहा पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो बाइकों पर सवार होकर जा रहे युवकों को रोका गया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगे। शक होने पर कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया कि उनकी बाइक चोरी की हैं और वह बाइक चोरी कर बेचने का काम करते हैं। पकड़े गये विकास शर्मा व रविशंकर निवासी भटोला ने बताया कि

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

बिजली मिस्त्री की दुकान करने वाला प्रशांत भी उनके साथ बाइक चुराने का काम करता है। यह भी बताया कि चोरी की बाकी बाइकें प्रशांत की दुकान में ही हैं। पुलिस ने प्रशांत की दुकान पर छापा मारकर यहां खड़ी आठ और बाइक बरामद कर लीं। यहां से अंकित निवासी भटौला को भी गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि फरार बाइक चोर प्रशांत की गिरफ्तारी का भी प्रयास किया जा रहा है।

संभल के चौधरी सराय में बस का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

बसों की किल्लत से दिल्ली का सफर दुश्वार

संभल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में रोडवेज बसों को लगाए जाने के चलते यात्रियों की दिक्कतें बरकरार हैं। शुक्रवार को तमाम यात्री दिल्ली जाने के लिए रोडवेज बसों का इंतजार करते रहे। जब रोडवेज बसें नहीं मिलीं तो डग्गामार वाहनों का सहारा लिया। प्रथम चरण के चुनाव को लेकर रोडवेज बसों को लगाया गया है। संभल से मुरादाबाद के लिए चलने वाली अनुबंधित बसें भी चुनाव में लगी हैं। जिसके चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच शुक्रवार को दिल्ली जाने के लिए तमाम यात्री भटकते नजर आए। संभल के चौधरी सराय चौराहा पर चिलचिलाती धूप के बीच यात्री बसों का इंतजार करते रहे। काफी देर तक बस नहीं आई तो तमाम यात्रियों ने डग्गामार वाहनों से सफर तय किया।

व्यवस्थाओं का जायजा लेते स्टेट सर्विलांस अधिकारी डॉ.विकास सिंधु अग्रवाल।

जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कोल्ड रूम, सीटी स्कैन और लैब का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

अमृत विचार : स्टेट सर्विलांस अधिकारी डॉ.विकास सिंधु अग्रवाल ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने सीएमएस से जानकारी हासिल करके जरूरी निर्देश दिए।

स्टेट सर्विलांस अधिकारी डॉ.विकास सिंधु अग्रवाल शुक्रवार को दोपहर टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। यहां हीट वेव को लेकर तैयार किए गए कोल्ड रूम को देखा। कोल्ड रूम में व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए। उन्होंने सीटी स्कैन और आरटीपीसीआर लैब का भी निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में घूम कर दूसरी व्यवस्थाओं को लेकर सीएमएस डॉ.अनूप कुमार अग्रवाल के साथ चर्चा की। कहा कि जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को और बेहतर किस तरह किया जा सकता है, इसे लेकर मंथन किया जाए। व्यवस्थाएं बेहतर होने से मरीजों को ज्यादा सुविधाएं मिलेगी। इस दौरान एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी आदि मौजूद रहे।

बढ़ी बिक्री संभल और आसपास क्षेत्र में तैयार किए जा रहे देसी फ्रिज, शुरू हुई खरीदारी

ठंडे पानी से प्यास बुझाने को याद आने लगे घड़े

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : गर्मी के मौसम में ठंडे पानी से प्यास बुझाने के लिए लोगों को देसी फ्रिज यानी घड़े की याद आने लगी है। संभल और आसपास के क्षेत्रों में कई दुकानों पर घड़े की खरीदारी शुरू हो चुकी है। चूंकि घड़े की कीमत ज्यादा नहीं है, इसलिए लोग खरीदने से परहेज भी नहीं कर रहे हैं। घड़े की बिक्री को लेकर दुकानदारों में भी उत्साह का माहौल बना है।

अप्रैल के महीने में तापमान बढ़ने से कुछ ही देर में गला सूख रहा है। वैसे तो तमाम लोग प्यास बुझाने के लिए फ्रिज का ठंडा पानी इस्तेमाल करने लगे हैं लेकिन काफी लोग ऐसे भी हैं जो घड़े की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। देसी फ्रिज यानी घड़े की खरीदारी तेजी से शुरू हो चुकी है। संभल के

संभल में घड़े की खरीदारी करते ग्राहक। ● अमृत विचार

मुहल्ला बरेली सराय के अलावा सरायतरीन और हयातनगर में घड़े की बिक्री हो रही है।

वहीं गांव सौंधन मोहम्मदपुर में भी घड़े की दुकानें सजी हैं। घड़े की बिक्री होने से दुकानदारों में भी उत्साह का माहौल बन रहा है। औसतन प्रत्येक दुकान से रोजाना 10 से 12 घड़े बिक्र रहे हैं।

लोगों का मानना यह भी है कि घड़े का ठंडा पानी गुणकारी होता है। यह पानी स्वास्थ्य को किसी तरह नुकसान भी नहीं पहुंचाता है।

60 से लेकर 150 रुपये तक का घड़ा

संभल अमृत विचार : संभल के मुहल्ला बरेली सराय निवासी दुकानदार आकाश ने कहा कि घड़े की बिक्री शुरू हो गई है। रोजाना 10 से 12 घड़े बिक रहे हैं। दुकान पर 60 रुपये से लेकर 150 रुपये तक का घड़ा है। गर्मी बढ़ने पर घड़े की बिक्री में भी इजाफा होने की उम्मीद है।

स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है घड़े का पानी

सौंधन अमृत विचार : गांव सौंधन मोहम्मदपुर में दुकान लगा रहे घड़ा विक्रेता किशोरी प्रजापति का कहना है कि स्वास्थ्य के लिए घड़े का पानी फायदेमंद होता है। घड़ा के पानी को गुणकारी माना जाता है। कहा कि वह घड़े घर पर तैयार करते हैं। अब गर्मी बढ़ रही है तो घड़े की मांग और बिक्री भी बढ़ने लगी है।

दो ट्रैक्टरों में हुई टक्कर, लोगों में मची चीख पुकार

जुनावई अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में जुनावई-पतरिया मार्ग पर दो ट्रैक्टर आमने-सामने से भिड़ गए। ट्रैक्टरों में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। हालांकि कोई चोटिल नहीं हुआ। जुनावई निवासी सुरेंद्र शर्मा के ट्रैक्टर से लोग गुरुवार को रात गांव सिमरई बारात में जा रहे थे। वहीं गांव डडवारा निवासी संजीव के ट्रैक्टर से लोग गांव बझांगी बारात में शामिल होने जा रहे थे। पतरिया मार्ग पर गांव बसीटा के पास दोनों ट्रैक्टरों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिससे ट्रैक्टरों पर सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी। सुरेंद्र के ट्रैक्टर का अगला पहिया टूट गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

एक नजर

श्री परशुराम प्रकटोत्सव समिति का हुआ गठन

संभल, अमृत विचार : नगर के मुहल्ला तिवारी सराय में स्थित मुन्नी माता मंदिर पर भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव समिति का गठन किया गया। जिसमें कई लोगों को जिम्मेदारी दी गई।

श्री परशुराम प्रकटोत्सव समिति में अशोक त्रिवेदी अध्यक्ष, संजीव शर्मा और प्रभावकर शुक्ला उपाध्यक्ष, संजीव शुक्ला महामंत्री, मुकेश शर्मा मीडिया प्रभारी, अतुल शर्मा प्रवक्ता, शंकर शर्मा कोषाध्यक्ष, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय मंत्री, सुभाष चंद्र शर्मा, उमेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गए। वहीं नितिन शर्मा, राजकुमार शर्मा को सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

मृतक की दूसरे दिन भी नहीं हुई शिनाख्त

चन्दौसी, अमृत विचार : हादसे में बदायूं रोड पर युवक की मौत के मामले में उसकी पहचान दूसरे दिन भी नहीं हो सकी। पुलिस पहचान कराने का प्रयास कर रही है। गुरुवार की सुबह पांच बजे बदायूं रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने युवक की पहचान कराने का प्रयास किया। मगर पहचान नहीं हो सकी। मृतक के कपड़ों की तलाशी लेने पर 300 रुपये मिले। इसके अलावा अन्य कोई ऐसी चीज नहीं मिली जिससे उसकी पहचान हो सके। शुक्रवार को दूसरे दिन भी पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। मगर देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

गुन्नौर के पुलिस प्रेक्षक का नंबर जारी

संभल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बदायूं लोकसभा सीट के लिए पुलिस चुनाव प्रेक्षक की नियुक्ति हो गई है। संभल जनपद की गुन्नौर विधानसभा सीट बदायूं लोकसभा सीट का हिस्सा है। ऐसे में संभल पुलिस ने प्रेक्षक का नम्बर सार्वजनिक किया है। कहा गया है कि चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन तृतीय चरण दिनांक 7 मई को जनपद बदायूं में पर्यवेक्षण कार्य हेतु पुलिस प्रेक्षक प्रियंका नामवारे को नियुक्त किया गया है। लोकसभा बदायूँ के विधानसभा गुन्नौर क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की पुलिस सूचना, शिकायत प्रेक्षक को मोबाइल नम्बर 9068237100 पर कर सकते हैं। प्रेक्षक पुलिस से सूचना व शिकायत को लेकर मिलने का समय 2 बजे से 4 बजे तक रहेगा।

महिला से बदसुलूकी, पति से मारपीट

आर्टीफिशियल ज्वेलरी खरीदने के दौरान दुकानदार और ग्राहक के बीच विवाद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- महिला की तहरीर पर दो नामजद सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट
- शुक्रवार को दूसरे पक्ष से भी चार के खिलाफ मामला दर्ज

बजाजा बाजार में सीसीटीवी कैमरे में कैद मारपीट की घटना। ● अमृत विचार

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के बाजार बजाजा में आर्टीफिशियल ज्वेलरी खरीदने के दौरान दुकानदार व ग्राहक के बीच मारपीट हो गई। जिसमें महिला ग्राहकों ने अपनी बहन व पति के साथ मारपीट करने व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर दो नामजद सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना की वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। जबकि शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से एक नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के बजाजा बाजार में कन्हैया ज्वेलर्स की दुकान है। गुरुवार शाम सात बजे मोहल्ला चुन्नी निवासी महिला रचना गौतम पत्नी कपिल कुमार मोनू अपनी बहन राशि, खुशबू व मां ममता के साथ आर्टीफिशयल ज्वेलरी खरीदने गई थी। महिला का आरोप है कि ज्वेलरी खरीदने के दौरान दुकानदार भाइयों ने उनसे व बहनों के साथ छेड़खानी की, विरोध करने पर गाली-गलौज की। इस पर महिला ने फोन करके अपने पति कपिल कुमार मोनू को बुला लिया। जब महिला का पति मौके पर पहुंचा तो दुकानदार दो भाई व एक अन्य उनके साथ मारपीट करने लगे। जिसमें पति व चारों महिलाओं के साथ मारपीट की गई। जिसका आसपास के लोगों ने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

घटना के बाद महिला कोतवाली पहुंची और घटना की तहरीर दी। महिला ने बताया कि मारपीट के दौरान दुकानदार भाइयों ने उन्हें व परिवार को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर यश वार्ष्णेय व उनके भाई कन्हैया वार्ष्णेय निवासी मोहल्ला डहरिया व एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं पुलिस ने दूसरे पक्ष के कन्हैया वार्ष्णेय की तहरीर के पर मारपीट व गाली-गलौच की धाराओं में कपिल कुमार उर्फ मोनू व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> एक पक्ष से रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दूसरे पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल जारी है।
>
> **-अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक, चन्दौसी।

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बदायूं, अमृत विचार : टंकी फिटिंग का काम करने ककराला जा रहे बाइक सवारों को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे बैठे युवक का सिर रोडवेज बस के पहिया से कुचल गया। उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीरा सराय के काशीराम कॉलोनी निवासी चंद्रपाल कश्यप (45) पुत्र जालिम प्लंबर थे। वह आसपास क्षेत्रों में जाकर टंकी फिटिंग का काम करते थे। शुक्रवार सुबह वह ककराला क्षेत्र के एक गांव में काम करने के लिए बाइक से जा रहे थे। उनके साथ शहर के मोहल्ला कबूलपुरा निवासी वीरपाल भी थे। वीरपाल बाइक चला रहे थे। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार से आई रोडवेज बस की चपेट में आ गए। चंद्रपाल का सिर कुचल गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वीरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

गर्मी शुरू होते ही थाली से गायब हो रही सब्जी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- 30 रुपये प्रति किलोग्राम से कम नहीं कोई सब्जी, आलू 25 रुपये किलोग्राम बिक रहा
- बिगड़ा रसोई का बजट, गर्मी बढ़ने पर और महंगी होंगी हरी सब्जियां

अमृत विचार: गर्मी का मौसम अभी शुरु ही हुआ है और हरी सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी शुरू हो गई है। जो सब्जी दस दिन पहले 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही थी, उसके दाम पर डेढ़ गुना बढ़ गए हैं। इतना ही नहीं अभी गर्मी बढ़ने पर हरी सब्जियों के दाम और बढ़ने का अंदेशा जताया जा रहा है। जिससे घर की रसोई का बजट बिगड़ने लगा है।

आमतौर पर गर्मी के मौसम में अधिकतर सब्जियां बाजार में बिकने लगती हैं। चिकित्सक भी गर्मी के मौसम में हरी सब्जी का सेवन करने की सलाह देते हैं। मगर अभी गर्मी का मौसम शुरू ही हुआ है और सब्जियों में तेजी आनी शुरू हो गई है।

सबसे ज्यादा महंगी सब्जी भिंडी, मटर, टमाटर, अरबी, करेला, तोरई है। जो सब्जियां पहले 10 से 15 रुपये प्रति किलो बिक रही है। वह अब डेढ़ से दो गुना महंगी हो गई है। जिससे आम आदमी के घर की रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। लोगों का कहना है कि अभी गर्मी की शुरूआत है और हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं।

सब्जियों के दाम

हरी सब्जी	पहले	अब
तोरई	30 रुपये	50 रुपये
करेला	30 रुपये	40 रुपये
भिंडी	30 रुपये	50 रुपये
खीरा	10 रुपये	30 रुपये
शिमला मिर्च	25 रुपये	40 रुपये
वींश फली	30 रुपये	50 रुपये
हरी मटर	40 रुपये	80 रुपये
टमाटर	20 रुपये	40 रुपये
अरबी	40 रुपये	60 रुपये

(सभी प्रति किलोग्राम में)

पैसों के तगादे पर मां और बेटे को फावड़ा मार कर किया लहूलुहान

संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

विवाद

- थाना बनियाठेर के गांव अमियापुर पचाक में हुई घटना, तीन नामजद
- सीमेंट के कट्टों के पैसे मांगने पर हुआ था विवाद, पुलिस ने घायलों का कराया उपचार

अमृत विचार: सीमेंट के कट्टों के पैसों का तगादा करने पर मां-बेटा से घर में घुस कर मारपीट की और घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव अमियापुर पचाक निवासी मनोज कुमार पुत्र गजपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने घर के कमरे में बैठा चाय पी रहा था। उसी समय पड़ोस के विपिन, शिवम पुत्र रंजीत व कुसुम पत्नी रंजीत गाली देते हुए घर में घुस आए। सभी के हाथों में लाठी डंडे व फावड़ा था। आते ही बोले कि तू अपने सीमेंट के कट्टों के पैसों का बहुत तगादा करता है। आज तुझे तेरे उधार के पैसे देते हैं। ये कहते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और सिर पर सब्बल से वार किया। जिससे वह लहुलुहान हो गया। बचाने आयी मां विमला देवी के सिर पर फावड़ा मार कर लहुलुहान कर दिया। चीख पुकार सुन कर पास पड़ोस के लोग आ गए। जिससे हमलावर जान से मानने की धमकी देते हुए चले गए।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर विपिन, शिवम व कुसुम निवासी गांव अमियापुर पचाक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव रतनपुर में मतदाता जागरुकता रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

मतदाता जागरूकता रैली निकाली

संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

अमृत विचार: शुक्रवार को थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रतनपुर में ग्राम पंचायत की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें ग्राम पंचायत के सदस्य व दिव्यांग विद्यालय के छात्र तथा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। मतदाता जागरूकता रैली को माधवी पांडे जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अभियान संभल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बैनर पर लिखे स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली में ग्राम प्रधान सुमन यादव, सत्येंद्र कुमार ग्राम विकास अधिकारी, राम प्रकाश यादव, जितेंद्र सिंह, राम ललित, राहुल कुमार सिंह, लालजी सिंह, नन्नू लाल, श्रीराम पटेल, सपना शर्मा, कुसुम लता, हेमलता, राम कुमारी, कुल्लो रानी, अभिषेक यादव आदि शामिल रहे।

सार-संक्षेप

रोटरी आई हॉस्पिटल में महिला का हाल जानतीं वूमेन पावर की सदस्य।

महिला की आंखों का कराया निशुल्क ऑपरेशन

चन्दौसी, अमृत विचार : दृष्टि अमूल्य है, इसे महत्व दें। इस संदेश के साथ जायंट्स ग्रुप वूमेन पावर द्वारा शुक्रवार को एक गरीब जरूरतमंद महिला जिसको नेत्र में डॉक्टर ने मोतियाबिंद बताया था और वह अपनी आंख का ऑपरेशन करवाने में असमर्थ थी। उक्त महिला के मोतियाबिंद का ऑपरेशन रोटरी आई हॉस्पिटल बिसौली गेट में ग्रुप के सदस्यों द्वारा धन एकत्र करके करवाया गया। साथ ही महिला को खाद सामग्री व दवाई आदि भेंट कर सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों को भी ग्रुप के द्वारा खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर जायंट्स फेडरेशन फाउंडेशन की स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी समेत ग्रुप अध्यक्ष साधना अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, वंदना गुप्ता, नैना अग्रवाल, मीनू आहूजा, ज्योति अक्षत आदि मौजूद रहीं।

तीरंदाजी अकादमी के उद्घाटन के मौके पर मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

सिंहपुरसानी में तीरंदाजी अकादमी का हुआ उद्घाटन

संभल/सिंहपुरसानी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी में स्थित खेल मैदान में तीरंदाजी अकादमी का उद्घाटन हो गया। भाकियू शंकर के युवा जिलाध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि तीरंदाजी अकादमी खुलने से क्षेत्र एवं जिले के बच्चों को खेलों के माध्यम से भविष्य उज्जवल बनाने का सुनहरा मौका मिलेगा। कहा गया कि बच्चे खेल में रुचि लेंगे। कहा गया कि अकादमी के कोच वरुण धनोआ 2021 में खेलो इंडिया में चयनित होने वाले देश के पांचवें खिलाड़ी हैं। युवाओं से तीरंदाजी की कला में निपुणता के लिए अकादमी से जुड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान मिंकू चौधरी, जिला खेल अधिकारी प्रमिला, जिला ओलंपिक सचिव आशु, महीपाल सिंह, मास्टर राजवीर सिंह, चेतन चौधरी, होमपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, शिक्षिका मीना बेगम, गिरीराज सिंह, विश्वास शर्मा, महेंद्र सैनी, हरद्वारी लाल गौतम, मोहित चौधरी आदि रहे।

जुनावई में आग से जलती गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

आग से जली तीन बीघा गेहूं की फसल

जुनावई अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली में लदी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। करीब तीन बीघा फसल जल गई। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ। थाना क्षेत्र के गांव रैंदा निवासी पप्पू शुक्रवार को खेत से कटी गेहूं की फसल ट्रैक्टर ट्राली में लादकर दूसरे स्थान पर पहुंचा रहा था। रास्ते में अचानक ट्राली में लदी गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग लगी देखकर शोर मचाया तो ट्राली को दूसरे खेत में खाली कर दिया गया। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जल गई। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ। हालांकि ट्रैक्टर चालक झुलसने से बच गया।

बाल विद्या मंदिर स्कूल की कार्यशाला में शामिल शिक्षक। ● अमृत विचार

शिक्षकों ने किया नैतिकता और ईमानदारी के महत्व पर मंथन

कार्यालय संवाददाता,संभल

- बाल विद्या मंदिर स्कूल में किया गया दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से नैतिकता और ईमानदारी विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 36 शिक्षकों ने प्रतिभाग कर ईमानदारी और नैतिकता के महत्व पर मंथन किया।

संभल के बाल विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में संभल, बहजोई और चंदौसी क्षेत्रों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। मनीष पंवार ने कार्यशाला में ईमानदारी के महत्व को उजागर करने के साथ ही समाज में विभिन्न दुराचारों का भी जिक्र किया। उन्होंने एनईपी 2020 के अनुसार शिक्षकों के 50 घंटे के निरंतर पेशेवर विकास की अनिवार्यता को भी जाहिर किया। मनीष पंवार ने स्कूल प्रबंधन को भी अपने शिक्षकों को सीबीएसई द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यशालाओं में नामांकित करने की सलाह दी। डॉ. रीता शर्मा ने शिक्षण- अधिगम (सीखना) प्रक्रिया में सत्यनिष्ठा के महत्व और समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डाला। स्कूल प्रबंधक हरीश गर्ग ने कार्यशाला के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए रिसोर्स पर्सन्स को बधाई दी।

शादी से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

बदायूं, अमृत विचार : शादी समारोह में दावत खाकर लौट रहे बाइक सवार को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे जिला अस्पताल लेकर आई। जहां चिकित्सक द्वारा रेफर किए जाने के बाद युवक के परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे। रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव नगला खिमाई निवासी सत्यवीर सिंह (40) पुत्र राम भरोसे गुरुवार को थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव कुड़िया लभारी निवासी अपने रिश्तेदार के यहां शादी के समारोह में दावत खाने गए थे। वह देर शाम बाइक से वापस लौट रहे थे। कुड़िया लभारी से गांव हजरतपुर मार्ग स्थित ईंट भट्टा के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सत्यवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने रेफर कर दिया।

ग्रीष्मकाल में घूमने के लिए रेलवे बोर्ड ने शुरू की नई ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

सुविधा

- दौराई से टनकपुर के बीच 30-30 फेरे लगाएगी ट्रेन
- सप्ताह में तीन दिन अप व तीन दिन डाउन चलेगी ट्रेन

अमृत विचार: रेलवे बड़ौदा हाउस ने जनता की मांग को देखते हुए पुनः टनकपुर से दौराई (राजस्थान) जाने वाली ट्रेनों का संचालन आरंभ करने का निर्णय लिया। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन अप व डाउन करेगी। उक्त ट्रेन संचालन यात्रियों को गर्मियों में सुविधा के लिहाज से किया जा रहा है। यह ट्रेन दोनों ओर से 30-30 फेरे लगाएगी।

रेलवे स्टेशन अधीक्षक आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि रेलवे बड़ौदा हाउस ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए वाया चन्दौसी होकर टनकपुर से दौराई जाने के लिए एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन टनकपुर से दौराई (राजस्थान) के बीच चलाई जा रही है। टनकपुर से दौराई जाने वाली ट्रेन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को जाएगी। वहीं दौराई से मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को वापस टनकपुर पहुंचेगी। उक्त ट्रेन का संचालन गर्मियों की छुट्टियों को देखते हुए किया जा रहा है, ताकि लोगों को परिवार के साथ घूमने में परेशानी का सामना न करना पड़े। अब गर्मियों की छुट्टियों में चन्दौसी की जनता को पूर्णागिरि, खाटूश्याम जाने के लिए परेशानी नहीं होगी। यह ट्रेन दौराई से चन्दौसी शाम 5.10 बजे पहुंची और 5.15 बजे आगे के लिए रवाना होगी। जबकि टनकपुर से रात 11.25 बजे चन्दौसी पहुंचेगी और 11.30 बजे आगे के लिए रवाना होगी।

मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के लिए मौलाना तौकीर का तीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बोले- एंटी मुसलमान एजेंडा चला रही भाजपा को करना है नाकाम
- मुस्लिमों का वोट चाहिए पर साथ नहीं खड़े हो रहे धर्मनिरपेक्ष दल

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हुई मौलाना तौकीर की सक्रियता पर 2010 के दंगे के केस में गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद विराम लग गया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद उन्हें दांव चलने का मौका मिल गया। आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान को चुनाव मैदान में उतारने के फैसले को फिलहाल मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण की ही मंशा के तौर पर ही देखा जा रहा है। हालांकि यह देखना बाकी रहेगा कि मौलाना का यह तीर बरेली की चुनावी तस्वीर को बदल पाएगा या नहीं।

फरहत के नामांकन के बाद मौलाना तौकीर ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की साजिशों को बेनकाब किया जाएगा। एक तरफ खुली तानाशाही कर मुसलमानों के खिलाफ एजेंडा चला रही भाजपा को नाकाम करना है। दूसरी तरफ तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल हैं जो मुसलमानों का वोट तो लेना चाहते हैं लेकिन उनके साथ खड़े नही रहना चाहते। मुस्लिम कयादत को खत्म करने की कोशिशें हो रही हैं। मौलाना ने कहा कि ऐसे लोगों से होशियार रहने की जरूरत है जो मुसलमानों के हमदर्द बनकर उनके वोट पर हक जता रहे हैं। शहर के अमन के लिए उनके किरदार भी दागदार हैं जो साजिश रचकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर ने निर्देश दिए हैं कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता फरहत के चुनाव प्रचार के लिए घर-घर संपर्क करें। लोगों को उनके वोट की अहमियत को समझाएं और खुद की ताकत।

किसान आंदोलन के कारण देरी से पहुंचीं कई ट्रेनें

बरेली, अमृत विचार : अंबाला रेल मंडल और पंजाब और हरियाणा के शंभू बार्डर पर किसान आंदोलन की वजह से शुक्रवार को भी कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। सियालदह, गंगा सतलुज और पंजाब मेल समेत कई ट्रेनों के देरी से आने से यात्री परेशान हुए।

किसान आंदोलन की वजह से 13152 सियालदह एक्सप्रेस को डायवर्ट किया गया था। इसकी वजह से ट्रेन बरेली जंक्शन पर करीब छह घंटा की देरी से पहुंची। इसके अलावा 14674 शहीद एक्सप्रेस तीन घंटे 39 मिनट, 13308 गंगा सतलुज पांच घंटे 20 मिनट, 13006 पंजाब मेल नौ घंटे 41 मिनट, 15212 जननायक दो घंटे 30 मिनट और 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस नौ घंटे 16 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इन ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग-सनेहवाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट से संचालित किया गया। इसके अलावा 12470 जम्मूतवी-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस निरस्त रही।

चुनाव संभल लोकसभा में तीसरे चरण में 7 मई को होगा मतदान

समस्याओं का समाधान करने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: लोकसभा के चुनावों को लेकर लोगों का खासा उत्साह है। सांसद जनता के बीच जाकर क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान कराए, जनता ऐसे सांसद को चुनने का मन बना रही है। लोगों का कहना है कि चुनाव जीतने के बाद सांसद समय-समय पर जनता से रूबरू हो, न कि अपने घर पर बैठकर राजनीति करें।

7 मई को संभल जनपद में मतदान होगा। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे लोगों ने अपने सांसद से उम्मीद करनी भी शुरू कर दी है।

लोगों का कहना है कि सांसद ऐसा हो जो चुनाव जीतने के बाद जनता के बीच रहे, उनके सुख-दुख में साथ रहे हैं। जनता से पूछकर उनकी समस्या का समाधान कराने का प्रयास करें। न कि चुनाव जीतने के बाद जनता से बात करना बंद कर दे। लोग ऐसे ही सांसद को इस बार चुनना पसंद करने वाले हैं। ताकि लोग अपनी समस्या का समाधान सांसद से मिलकर करा सके।

हमारा सांसद क्षेत्र में काम कराने वाला व क्षेत्र को नई योजना की सौगात देकर उसे ऊंचाई पर ले जाए। ताकि उनके कार्यकाल को जनता हमेशा याद रखे।

-संतोष कुमार बालाजी

हमारा जनपद काफी पिछड़ा हुआ है। सबसे पहले सांसद प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र का विकास कराए। इसके बाद क्षेत्रीय जनता की समस्या को सुन उनका समाधान कराए।

-अभय प्रताप सिंह

हमारा सांसद मिलनसार होना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति सांसद से मिलने उनके द्वार पर पहुंचे तो उसकी समस्या पूछकर शीघ्रता से समाधान कराए।

-दीपक शर्मा

सांसद चाहे किसी भी पार्टी का हो। मगर वह जनता से भेदभाव न करें। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान कराए।

-अंकुर शर्मा

बस से सिपाही की 14 लाख की ज्वेलरी चोरी

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रामगंगा पुलिस चौकी के पास रोडवेज बस में एडीजी कार्यालय में तैनात सिपाही का ट्राली बैग काट कर चोरों ने 14 लाख रुपये की ज्वेलरी चोरी कर ली। रास्ते में चोर उतरने लगे तो शक के आधार पर सिपाही ने उनका पीछा किया लेकिन चोर भाग गए।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम राबिया (RABIYA) से बदलकर राबिया राशिद हुसैन (RABIYA RASHID HUSAIN) रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

राबिया राशिद हुसैन पत्नी मोइन उद्दीन उझारी (अमरोहा)

एक नजर

क्षेत्र के बूथों पर दिखी मतदाताओं की कतार

नगीना, अमृत विचार : क्षेत्र में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक मतदान हुआ। अधिकांश मतदान केंद्रों के बूथों पर वोट डालने के लिए सुबह सात बजे से ही मतदाताओं की कतारें लगी नजर आईं। 11 बजे तक मतदान की रफ्तार बढ़ी। लेकिन दोपहर को गर्मी अधिक होने से मतदान की गति धीमी रही। तीन बजे से मतदान में पुन: तेजी देखी गई। सभी मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिसकर्मी तैनात रहे। दिव्यांग मतदाताओं ने व्हीलचेयर से मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मतों का प्रयोग किया। मोहल्ला बिश्नोई साराय की बीएलओ रचना द्वारा वोटर पर्ची का वितरण नहीं करने पर मतदाता परेशान हुए। उधर, मतदान के दौरान दुकानें बंद रहीं और बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। पुलिस की सख्ती के कारण लोग बेवजह सड़कों पर घूमते नजर नहीं आए। छह बजे तक हुए मतदान के बाद नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट से भाजपा के प्रत्याशी ओम कुमार, सपा के मनोज कुमार, बसपा के सुरेंद्र पाल व आसपा के चंद्रशेखर आजाद समेत सभी प्रत्याशियों की भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। मतदान के बाद पोलिंग पार्टियां ईवीएम और वीवीपैट लेकर वापस रवाना हो गईं। उन्होंने कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम जमा की।

मतदान केंद्रों पर सुबह लगी लाइन, दोपहर में सन्नाटा

किरतपुर, अमृत विचार : नगीना लोकसभा सीट के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदान में मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है। मुस्लिम और वंचित समाज के लोगों का मत का धूर्वीकरण होने से मुकाबला त्रिकोणीय होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर जहा सुबह से ही भीड़ देखने को मिली। दोपहर में जुमे की नमाज के समय मतदान केंद्र खाली पड़े रहे। दोपहर बाद सभी मतदान केंद्रों पर मतदान की रफ्तार कम रही। नगर के 10 मतदान केंद्रों पर व ग्रामीण क्षेत्र में मतदान शांति पूर्वक संपन्न हो गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगभग कुल 56 प्रतिशत मतदान हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे।

डीएम, एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

बढ़ापुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने नगर के आर्य इंटर कॉलेज सहित ग्रामीण अंचलों में ग्राम नूरपुर में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था व अन्य सुविधाएं देखीं।

नगीना में मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की कतार। ● अमृत विचार

नगीना में आईडी दिखातीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

नगीना में 60, बिजनौर में 59 प्रतिशत मतदान

मतदान कर्मियों ने ईवीएम और वीवीपैट कलेक्ट्रेट स्थित वेयर हाउस में कीं जमा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिले में शुक्रवार को दोनों लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले गए। बिजनौर लोकसभा सीट के लिए शाम छह बजे तक 59 प्रतिशत और नगीना सीट के लिए 60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद मतदान कर्मियों ने देर शाम ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सील कर कलेक्ट्रेट स्थित वेयर हाउस में जमा किया।

जिले में आठ विधानसभा क्षेत्र के तीन लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं ने शुक्रवार सुबह सात बजे से वोट डालने शुरू किए। दोपहर तक मतदाताओं ने तेजी से वोट डाले। इस समय तक 38 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। दोपहर को मतदान धीमी गति से रहा। नहटौर विधानसभा क्षेत्र में करीब 67 प्रतिशत मतदान हुआ। डीएम व एसपी ने कई बूथों का निरीक्षण किया। बिजनौर लोकसभा के रामसहाय वाला में ईवीएम खराब होने पर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने पहुंचकर ईवीएम को बदलकर मतदान सुचारू कराया। उधर, नूरपुर में आसपा के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद मतदान केन्द्रों पर छोटी पर्चियों से मतदान न करने की शिकायत पर खालसा इंटर कॉलेज के बूथों पर पहुंचे, जहां उन्होंने जिला अधिकारी को फोन पर शिकायत दर्ज कराते हुए पर्चियों से मतदान कराने और ईवीएम मशीनों के लेट शुरू होने की शिकायत दर्ज कराई।

बढ़ापुर क्षेत्र में 61.99 मतदान : बढ़ापुर : बढ़ापुर क्षेत्र में 61.99 प्रतिशत मतदान हुआ। नगर के प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए बूथ संख्या 184 पर ईवीएम खराब होने के कारण मतदान बाधित हो गया था। करीब आधा घंटे तक ईवीएम को सही करने की कोशिश के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट पुनीत कुमार ने नई ईवीएम लगाकर मतदान आरम्भ कराया गया।

आर्य इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 175 पर भी ईवीएम खराब होने के कारण करीब 45 मिनट तक मतदान बाधित रहा। ईवीएम सही होने पर मतदान शुरू किया जा सका। 17617 मतदाता में से 9466 मतदाताओं ने वोट डाले। नगर पंचायत कार्यालय व बारात घर में बनाए आदर्श मतदान केंद्र पर नए मतदाता व दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

नगीना में मतदान करने जाते एक परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

मतदाताओं में दिखा उत्साह

नांगल सोती/हल्दौर/ नहटौर, अमृत विचार : नगीना लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले गए। बूथ संख्या 44 पर 54 प्रतिशत, बूथ संख्या 45 पर 61, बूथ- 46 पर 53, बूथ-47 पर 67, बूथ-48 पर 63, जीतपुर के बूथ संख्या 49 पर 73, शहजादपुर के बूथ संख्या-42 पर 74, 43 पर 67 प्रतिशत मतदान हुआ। उधर, हल्दौर नगर व क्षेत्र में 55 प्रतिशत मतदान हुआ। 73 मतदान केंद्रों के 137 बूथों पर छह बजे तक वोट डाले गए। हल्दौर में तीन मतदान केंद्रों के 18 बूथों पर करीब 51 .5 प्रतिशत मतदान हुआ। बल्दिया, लाड़नपुर, त्रिलोकपुर, मुकरंदपुर, अगरी, धर्मपुरा, कूकड़ा इस्लामपुर, बिलाई, अम्हेड़ा आदि गांवों में युवाओं ने पहली बार मतदान करने में रुचि दिखाई। उधर, नहटौर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह दिखाई दिया। दोपहर तक मतदान केंद्रो पर भीड़ दिखाई दी। उसके बाद मतदान की गति धीमी रही। नहटौर नगर के एसएनएसएम इंटर कॉलेज में आदर्श मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए सेल्फी प्वाइंट पर पहुंचकर सेल्फी ली। एसपी नीरज कुमार जादौन ने नहटौर क्षेत्र के कई मतदान केंद्रो पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

स्याही दिखाते विधायक मनोज पारस।

रामसहाय वाला में किया चुनाव का बहिष्कार

बिजनौर, अमृत विचार : बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के गांव रामसहाय वाला में ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्य नहीं होने का आरोप लगाते हुए चुनाव का बहिष्कार किया। अधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की। लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के गांव राम सहाय वाला में सड़क आदि नहीं बनने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण चुनाव का बहिष्कार कर दिया। दोपहर तक मात्र 532 वोटो में से एक वोट ही मतदान केंद्र पर डाला गया। इसको लेकर तहसीलदार गांव पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से चुनाव बहिष्कार के संबंध में वार्ता की और मतदान करने की अपील की। लेकिन ग्रामीण अपनी मांगो को लेकर अड़े रहे। मतदान केंद्र पर कम ही वोट पड़े।

झलकियां

कितरपुर में मतदान केंद्र के बाहर कतार में मौजूद मतदाता। ● अमृत विचार

मतदान करने के बाद स्याही का निशान दिखाते सपाई। ● अमृत विचार

महिलाओं से जानकारी लेते आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद।

व्हीलचेयर पर मतदान करने जातीं 64 वर्षीय चमनो। ● अमृत विचार


नगीना में बुजुर्ग मतदाता को मतदान कराने लेकर जाते परिजन।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन। ● अमृत विचार

वोट डालने जाते मतदाता। ● अमृत विचार

नगीना के मीडिया कर्मियों ने किया मतदान। ● अमृत विचार

घटनास्थल पर कार्रवाई करती पुलिस। ● अमृत विचार

खेत में मिला ई-रिक्शा चालक का शव, हत्या की आशंका जताई

संवाददाता, नहटौर (बिजनौर)

अमृत विचार : नगीना मार्ग स्थित गांव डूंडाखेड़ी के पास खेत में शुक्रवार को लापता ई-रिक्शा चालक का शव मिला। उसकी हत्या करने की आशंका व्यक्त की गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

नहटौर के मोहल्ला छापेग्रान निवासी राजेश सैनी (50) ई-रिक्शा चलाते थे। गुरुवार दोपहर तीन बजे वह ईरिक्शा लेकर निकाले थे। लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश की। इस बीच गांव डूंडाखेड़ी के पास कुछ लोगों ने एक खेत में शव पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। गला घोंटकर और पीटकर उसकी हत्या करने की आशंका व्यक्त की जा रही है। उसके गले में गमछा लिपटा मिला है। उधर, उसकी ई-रिक्शा भी बरामद नहीं हुई है। कोतवाल धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

10 बजे के बाद मतदान ने पकड़ी रफ्तार, दिखा उत्साह

संवाददाता, अफजलगढ़/सहसपुर

अमृत विचार : नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शांति पूर्वक मतदान सम्पन्न हुआ। शुक्रवार को जुमा होने से मतदान की रफ्तार धीमी रही। बूथों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान हुआ। 10 बजे के बाद मतदान ने रफ्तार पकड़ी। युवाओं में वोट डालने के लिए उत्साह दिखाई दिया। पूर्व विधायक शेख सुलेमान, भाजपा नेता सलीम अंसारी एडवोकेट, मेम्बर कलवा कुरैशी ने अपनी पूरी टीम के साथ मतदान किया। शाम पांच बजे के बाद अधिकतर बूथ खाली नजर आए। एएसपी धर्म सिंह मार्छाल, सीओ अर्चना ने भी क्षेत्र का दौरा किया।

मुस्लिम क्षेत्र के बूथों पर सुबह सन्नाटा रहा जबकि 10 बजे के बाद मतदान ने रफ्तार पकड़ी। शाम छह बजे तक कस्बे में 59 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए अफजलगढ़ को चार सेक्टर में बांटा गया। नौ मतदान केंद्रों के 21 बूथों पर मतदाताओं की संख्या 20390 थी। जबकि मतदाताओं ने 12117 वोट डाले। इस लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले मतदाता जुनैद अहमद, इलमा परवीन, उजमा परवीन, सदफ परवीन, शीनम परवीन आदि ने बताया कि अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करना बहुत अच्छा लग रहा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह व सपा गठबंधन प्रत्याशी कुंवरानी रूचि वीरा के बीच कांटा का मुकाबला दिखाई दिया।

बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी के हाथी की चाल बड़ी सुस्त दिखाई दी। भाजपा नेता सलीम अंसारी, नफीस कुरैशी, भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भीम सिंह, समीम अंसारी ने भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की जीत का दावा किया। पूर्व विधायक शेख सुलेमान, पूर्व सपा प्रत्याशी बढ़ापुर कपिल कुमार, सपा नगर अध्यक्ष शेख इरशाद हुसैन ने कहा कि इस बार मुरादाबाद लोकसभा सीट पर सपा गठबंधन प्रत्याशी रूचि वीरा ऐतिहासिक जीत दर्ज कर एक नया इतिहास बनाएंगी।

सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अफजलगढ़ अर्चना सिंह, थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा,एसआई श्रीपाल सिंह व कस्बा इंचार्ज सुमित राठी सहित भारी पुलिस तैनात रही। उधर, सहसपुर नगर में 51 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम छह बजे तक मतदान किया।

सहसपुर में अंगुली पर स्याही का निशान दिखाते मतदाता। ● अमृत विचार

चुनाव

- **12117 मतदाताओं ने डाले वोट पहली बार मतदान करने वालों ने साझा किया अनुभव**

आग का कहर स्वार क्षेत्र में अलग-अलग गांवों में हुईं गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाएं, किसानों को लाखों रुपये का नुकसान

बिजली की चिंगारी से 34 एकड़ गेंहू की फसल जली

संवाददाता, स्वार(रामपुर)

अमृत विचार : बिजली के तारों से निकली चिंगारी से अलग-अलग जगह एक दर्जन किसानों की लगभग 34 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। किसानों ने तहसीलदार से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर चुन्नावाला निवासी किसान नरवैल सिंह, जकी खां, जलील अहमद, मोहम्मद रफी, कल्लन खां, वसी अहमद, अमरीक सिंह, अफसर अली, नवदीप सिंह, निसार अली की 30 एकड़ में गेहूं की फसल खड़ी थी। खेतों के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। बिजली के तारों से निकली चिंगारी से गेंहू की फसल ने आग पकड़ ली। लपटें उठती देख किसानों ने खेतों की ओर दौड़ लगा दी और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। किसानों ने पानी एवं अन्य तरीकों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। किसानों ने अन्य खेतों में आग लगने की आशंका के चलते आसपास के फसल में ट्रैक्टर-हैरो चलाकर जोत दिया। तब आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक दस किसानों की खून पसीने की लगभग 30 एकड़ फसल जलकर राख हो गई।

वहीं दूसरी और तहसील क्षेत्र के गांव हरदासपुर कोठरा निवासी किशन लाल व राजेन्द्र सिंह की चार एकड़ गेहूं की फसल भी बिजली के तारों की चिंगारी सें जलकर राख हो गई। किसानों ने तहसीलदार अशोक संत से जांच कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। हलका लेखपाल को जांच के निर्देश दिए हैं।

स्वार में गेहूं की फसल में लगी आग। ● अमृत विचार

आग से 25 एकड़ गेहूं की फसल हुई राख

केमरी(रामपुर), अमृत विचार : अज्ञात कारणों से करीब 25 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसी तरह से लोगों ने आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के गांव कमुआनगला निवासी नरेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, मेहंदी हसन, अनवरी, बल्लू, शाहिद अली, नबी हसन, हरजीत सिंह, गुरिंदर सिंह, जसविंदर कौर, नाथूलाल आदि किसानों के खेत आसपास हैं। सभी किसानों के खेत में गेहूं की फसल खड़ी थी। शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। सूचना के करीब एक घंटे तक भी फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंच सकी। इस पर थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव और राजस्व विभाग की टीम से किसानों की नोकझोंक हुई।

तीन किसानों की 20 बीघा फसल जली

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में आग से तीन किसानों की 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। आग लगने का कारण साफ नहीं हो सका है। थाना क्षेत्र के गांव देवरनिया में शुक्रवार की दोपहर बिजली के तार से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। पल भर में ही फसलों से लपटें उठने लगीं। इस दौरान मोहम्मद सलीम की छह बीघा, मोहम्मद नईम की छह बीघा और सुभान अली की आठ बीघा गेहूं की खड़ी फसल को आग ने अपनी चपेट में ले लिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने की मतदान की अपील

हापुड़, अमृत विचार : गोशाला स्थित चुनाव कार्यालय से शुक्रवार शाम भाजपा कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मतदान की अपील करने चंडी रोड, सर्राफा बाजार पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों को बताया कि सरकार ने किस प्रकार देश का विकास किया है, सर्व समाज के लिए कार्य किया है, संकल्प पत्र में किन बातों का उल्लेख है।इसके बारे में जानकारी दी। विधायक विजयपाल, प्रफुल्ल सारस्वत, संजय कृपाल, कपिल, बिजेंद्र पंसारी, अशोक छारिया, श्यामेंद्र त्यागी, मोहन सिंह, डॉ. पायल गुप्ता, राहुल शर्मा, सुनील वर्मा, पवन गर्ग, मुदित गोयल, प्रशांत त्यागी, गौरव शर्मा, विनित दीवान, जयप्रकाश, योगेंद्र पंडित, विनोद गुप्ता, सौदान सिंह, गोपाल शर्मा, राजेश सक्सेन आदि रहे।

अस्पतालों में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी

संवाददाता, हापुड़

अमृत विचार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि इन दिनों लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। गर्मी के कारण लोगों ने घर से निकलना कम कर दिया है। असावधानी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं।

अस्पतालों में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉ. सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि दोपहर के समय जितना हो सके धूप से बचें। यदि जरूरी कार्य से घर से बाहर निकलना भी पड़ता है तो पूरे शरीर को कवर करने वाले कपड़े पहनें। गर्मी में लोगों के शरीर से ज्यादा पसीना निकलता है और लोग डिहाइड्रेशन के शिकार हो जाते हैं। डिहाइड्रेशन होने पर तत्काल चिकित्सक से सलाह लें। लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। वहीं, भोजन में भी तरल पदार्थ का सेवन अधिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी पड़ने के कारण ज्यादा मेहनत करने वाले लोग कभी-कभी बेहोश हो जाते हैं। इस दौरान तत्काल चिकित्सकों से सलाह लेनी चाहिए। लोगों को ओआरएस का घोल, नारियल का पानी आदि लेते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि दोपहर में मोटरसाइकिल से चलने पर शरीर का पानी ज्यादा सूखता है। इसलिए लोगों को दोपहर में मोटरसाइकिल का उपयोग कम करना चाहिए। गर्मी से बीमार होने पर शीघ्र चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

स्वास्थ्य

- **चिकित्सक की सलाह, धूप में निकलने से बचें लोग**
- **भोजन में तरल पदार्थ का अधिक सेवन करें, ज्यादा पानी पीएं**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड: स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्द्रंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै: सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

वर्षा का पूर्वानुमान सुखद

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा में परिवर्तन हो रहा है। वर्ष-दर-वर्ष प्राकृतिक परिवर्तनशीलता भी हो रही है। देश के कुछ हिस्सों में 1950 के बाद से मानसूनी वर्षा में कमी आई है। देश का करीब 46 फीसदी कार्यबल कृषि क्षेत्र में काम करता है, इसलिए मानसून भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए काफी मायने रखता है। कई राज्यों में बढ़ते तापमान और लू के मद्देनजर, भरपूर बारिश का पूर्वानुमान सुखद है। 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश में कुल वर्षा का औसत 87 सेंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 1971 से 2020 तक के वर्षा के आंकड़ों के अध्ययन में नई दीर्घकालिक औसत और सामान्य शुरुआत की। भारत में अच्छे मानसून से जुड़ी ला नीना की स्थिति अगस्त-सितंबर के बीच विकसित होगी। आईएमडी के अनुमान और आकलन के अनुसार चूंकि बीते साल सामान्य से कम बारिश हुई थी, लिहाजा इस बार यह संभावना सुखद लग रही है। यदि बारिश सामान्य से अधिक हुई तो मानसून खरीफ की फसलों के लिए लाभकारी हो सकता है। सवाल उठता है कि क्या अब भी कृषि, किसान और उनके जरिए देश की अर्थव्यवस्था मानसून की बारिश के भरोसे है?

2002 और 2009 में कृषि का उत्पादन घटा था, क्योंकि बारिश कम हुई थी, लेकिन खाद्य सुरक्षा का कोई भी संकट सामने नहीं आया, लिहाजा उन दोनों अनुभवों को भूल जाना चाहिए। आईएमडी जून और जुलाई में बारिश की मात्रा को लेकर मौन है, लेकिन उम्मीद है कि उस समय "तटस्थ स्थिति" (न तो अल नीनो, न ही ला नीना) व्याप्त होगी। दो शुष्क मानसून महीने और आखिरी दो महीनों में मूसलाधार बारिश कृषि के लिए मुफीद हो सकती है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप अत्यधिक बाढ़ आने की संभावना है। भारत प्राकृतिक आपदाओं के मामले में असुरक्षित है। आईएमडी के वर्तमान संकेत पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए। राज्यों को आपातकालीन योजनाएं बनानी चाहिएं कि बुनियादी ढांचे मजबूत हों, लोगों की निकासी की योजनाएं तैयार रहें, बांधों की संरचनात्मक स्थिरता एवं उनके संकट-संकेतन नेटवर्क की पर्याप्त जांच-परख हो और व्यापक पूर्व-चेतावनी नेटवर्क मौजूद रहे। यदि मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ, भूजल को रिचार्ज करने का भी सकारात्मक प्रयास किया जा सकता है। बारिश के पानी को जमा करने और फिर उसे भूजल के तौर पर इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति हमारे देश में 100 फीसदी नहीं है। शोधकर्ता अभी भी जांच कर रहे हैं कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन से मानसूनी वर्षा की मात्रा कैसे प्रभावित होगी? कृषि की नियति जलवायु-परिवर्तन पर भी आश्रित होगी, इसके आसार दुनियाभर में बनते जा रहे हैं, लिहाजा मानसून की बारिश के पानी को सहेजना सीखें।

जायंट किलर बन रही हैं सड़कें

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं।

देश में एक तरफ सड़कों का निरंतर विस्तार हो रहा है तो दूसरी तरफ उस पर वाहनों की बढ़ती रफ्तार जन-धन की क्षति भी बढ़ाते जा रहा है। तेज रफ्तार की इस जिंदगी में पल-प्रतिपल मौत तेजी से जिंदगी से आगे निकलती जा रही है। अंधाधुंध रफ्तार के साइड इफेक्ट में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिदिन जाने-अनजाने लोग लगातार बिछड़ रहे हैं। सही कहते हैं कि काल का दूसरा नाम सड़क दुर्घटना हो गया है। पिछले एक दशक में देश में सड़क दुर्घटनाओं में 13 लाख से भी ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। सड़क परिवहन की इसी खतरनाक स्थिति पर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कभी देश की सड़कों को 'राक्षसी हत्यारे' या जायंट किलर कहा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपने रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं को "सबसे बड़े कातिल" की संज्ञा दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि हर साल दुनियाभर में सड़क हादसों में 1.2 मिलियन लोगों की मृत्यु हो जाती है और 50 मिलियन लोग इससे प्रभावित होते है। साल 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हो गई। वहीं लाखों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो दिए। प्रत्येक घंटे सड़क दुर्घटना में लगभग 19 लोगों की मौत होती है। भारत में दुर्घटनाओं की संख्या 2021 की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत बढ़ गई है और मरने वालों की संख्या 9.4 प्रतिशत बढ़ गई है। भारत को प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाला नुकसान भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग तीन प्रतिशत है। भारत में हरेक मिनट में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होती है। लगभग 75 प्रतिशत दुर्घटनाओं का कारण वाहनों की तेज रफ्तार है। लगभग 42 प्रतिशत मामलों में पैदल चलने वाले होते हैं। लगभग 33 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं एक्सप्रेस वे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई हैं। राज्य राजमार्गों पर लगभग 23 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुई हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण प्रत्येक 23 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु होती है। कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवर स्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है, तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है।

के उल्लंघन के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। देश में दोपहिया वाहनों पर दुर्घटना के शिकार होने वाले 73 प्रतिशत लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं, जबकि चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट का प्रयोग नहीं करना है। गलत दिशा में ड्राइविंग के कारण लगभग छह प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। नशे में गाड़ी चलाना और गाड़ी चलाते समय फोन का उपयोग करना अन्य बड़े कारण हैं। भारत में अनिवार्य सीट बेल्ट नियम लागू करने के बावजूद, 2022 में इसे न पहनने के कारण लगभग 17 हजार लोगों की जानें चली गईं। इसका बहुत बड़ा उदाहरण उद्योग पति साइरस मिस्त्री की मौत है। हालांकि भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत वाहन ही हैं, लेकिन सड़क हादसों में एक चौथाई लोग भारत में जान गंवाते हैं। इसके पीछे अंधाधुंध रफ्तार, ट्रैफिक नियमों को तोड़ना, नशे में गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाने के दौरान नींद आना, खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण, गाड़ियों की खराब हालत और तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता होना है। बिना हेलमेट लगाए स्कूटर सवार, एक बाइक पर एक साथ बैठे चार लोग, बिना सीट बेल्ट लगाए कार ड्राइवर, बिना लाइट का ट्रक और यात्रियों से ठसाठस भरी बस के खुले दरवाजे पर लटके तथा छत पर बैठे बीसियों लोग इत्यादि दुर्घटना और मौत के कारण हैं। बहुत सी सड़क-दुर्घटनाएं बस, ट्रक या कार ड्राइवर द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने तथा लापरवाही से या गंतव्य पर पहुंचने की जल्दी में तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण भी होती हैं।

हालांकि सड़क परिवहन के संबंध में सरकारी नियम कानून पहले से बने हैं, परंतु उसे कठोरता से लागू करने की आवश्यकता है। हाल ही में भारतीय न्याय संहिता के उस प्रावधान का वाहन चालकों द्वारा विरोध किया गया जिसमें सड़क दुर्घटना में हिट एंड रन मामलों के लिए अधिकतम 10 साल तक की सजा एवं भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है। कानूनों के अलावा सड़क दुर्घटनाओं से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है कि तकनीक में निवेश किया जाए। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई तकनीक इसमें काफी उपयोगी साबित हो सकती है। वाहनों को एआई से लैस करके उनकी ट्रैकिंग संभव है। इससे वाहन की ड्राइविंग और रफ्तार के पैटर्न पर नजर रखी जा सकती है और ड्राइवर का संपर्क स्टीयरिंग व्हील से टूटते ही इससे पता लगाकर ड्राइवर को सतर्क किया जा सकता है। यदि हम इसे जीपीएस से जोड़ दें और 'जियो-फेंसिंग' जैसी तकनीक का इस्तेमाल करें तो शहरी एवं दुर्घटना आशंकित क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति को अपने आप ही नियंत्रित कर सकेंगे जिससे हादसे का खतरा कम हो जाएगा। इसी तकनीक का इस्तेमाल रात के वक्त या घने कोहरे के समय भी किया जा सकता है। स्टेयरिंग व्हील के पैटर्न से लेकर ड्राइवर की आंखों और चेहरे की लगातार निगरानी की जाती है ताकि उसकी थकान का पता चल सके।

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है, तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है। यह चालक को पहुंचने वाली किसी भी चोट की खबर उसकी लोकेशन के साथ उसके परिवार और दोस्तों को देता है जिससे उसका बचाव तत्काल संभव हो सकता है। एआई से किसी भी ओवरलोडेड ट्रक और ट्राली को ट्रैक किया जा सकता है और उनके आकार को देखकर उन्हें रोका जा सकता है। किसी भी दुर्घटना के बाद पहले घंटे को 'गोल्डन आवर' कहते हैं। यदि इस आरंभिक एक घंटे में पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिल सकती है। इस गोल्डन आवर के उपयोग के संबंध में ड्राइविंग लाइसेंस लेते समय लोगों का 'फर्स्ट एड' टेस्ट पास करना अनिवार्य बनाया जा सकता है। इसके लिए सामान्य रूप से स्कूलों और कालेजों में भी युवाओं को आकस्मिक प्राथमिक चिकित्सा में दक्ष बनाना होगा। यूरोपीय देशों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाहन चलाने के संबंध में एक आचार संहिता लागू है जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इसके अनुसार यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट होना चाहिए। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो यह माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा, जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। तीन चौथाई दुर्घटनाएं चालकों की लापरवाही के चलते होती हैं।

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं। सड़क सुरक्षा को एक गंभीर मुद्दा मानते हुए वर्ष 2015 में भारत ने ब्रासीलिया घोषणा पर हस्ताक्षर किया था और सड़क दुर्घटनाओं तथा मृत्यु दर को आधा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की सड़क सुरक्षा पर ताजा वैश्विक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार सड़क यातायात से होने वाली मौतों की वार्षिक संख्या 5 प्रतिशत घटकर 1.19 मिलियन प्रति वर्ष हो गई है। जबकि भारत में यह संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं विश्व स्तर पर संख्या में थोड़ी कमी आई है। वर्ष 2030 तक सड़क यातायात से होने वाली मौतों और चोटों को आधा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा कार्रवाई दशक 2021-2030 के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिसमें भारत को विशेष प्रयास की आवश्यकता है। बेलारूस, ब्रुनेई दारुस्सलाम, डेनमार्क, जापान, लिथुआनिया, नॉर्वे, रूसी संघ, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त अरब अमीरात और वेनेजुएला जैसे देशों में सड़क यातायात से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत से ज्यादा कम करने में सफलता पाई है तो भारत भी इसे प्राप्त कर सकता है। इसके लिए सेफ्टी नियमों के कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

प्रसंगवश

दयानंद सरस्वती और मूर्ति पूजा

श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाएं उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

दयानंद सरस्वती की समाज सुधार आंदोलन में जो भूमिका रही है वह हम सब जानते हैं, लेकिन 1857, 58 और 59 में तीन साल तक वे कहां रहे और क्या करते रहे, यह हम सब कम ही जानते हैं। इस प्रसंग में स्वामी दयानंद ने यही लिखा कि मैं "मैं इन तीन वर्षों में नर्मदा तट पर घूमता रहा।" कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि वे इस दौर में स्वाधीनता संग्राम के लिए आम जनता को संगठित करने का काम कर रहे थे। इस संदर्भ में वासुदेव वर्मा की लिखी किताब "अठारह सौ सत्तावन और दयानंद सरस्वती" महत्वपूर्ण कृति है। मूर्तिपूजा और सोमनाथ मंदिर के प्रसंग में दयानंद सरस्वती ने "सत्यार्थ प्रकाश" में लिखा है, एक प्रश्न सोमनाथ मंदिर के बारे में था, " देखो! सोमनाथ जो पृथिवि पर रहता था और बड़ा चमत्कार था। क्या यह भी मिथ्या बात है?" उत्तर, "हां मिथ्या है सुनो! नीचे-ऊपर चुंबक पाषाण लगा रखे थे। उसके आकर्षण से वह मूर्ति अधर खड़ी थी-जब ऊपर की छत टूटी तब चुंबक पाषाण पृथक होने से मूर्ति गिर पड़ी"। (सत्यार्थ प्रकाश, दिल्ली, 1954, पृ.334) इसके बाद अगला प्रश्न है, " द्वारकाजी के रणछोड़ की जिसने 'नरसी महता' के पास हुंडी भेज दी और उसका ऋण चुका दिया इत्यादि बात भी क्या झूठ है?" उत्तर, "किसी साहूकार ने रुपये दे दिए होंगे। किसी ने झूठा नाम उड़ा दिया होगा कि श्रीकृष्ण ने भेजे। जब संवत् 1914 के वर्ष में तोपों के मारे मंदिर-मूर्तियां अंग्रेजों ने उड़ा दी थीं तब मूर्ति कहां गई थी? प्रत्युत बाघेर लोगों ने जितनी वीरता की और लड़े, शत्रुओं को मारा, परंतु मूर्ति एक मक्खी की टांग भी न तोड़ सकी। श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाए उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।"

ईश्वर को जानना या मानना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इतना तो समझ में आता है, किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मनुष्य की एक आंख विवेक और दूसरी सत्य के प्रति निष्ठा है। ये दोनों आंखें जिसके न हों वह शीघ्र ही अज्ञान के कुंए में गिर जाता है, इसमें कोई संदेह नहीं। विवेक से प्राप्त सत्य के प्रति निष्ठा। न धर्म, न ईश्वर। बस विवेक से जो भी सत्य लगे, उसके प्रति निष्ठा। सत्य को खोजना पड़ता है, फिर बुद्धि विवेक से तय करना पड़ता है कि जो मिला वह सत्य है या असत्य।

ईश्वर को खोजना नहीं, मानना पड़ता है। जाने कितने हजार साल से लोग कहते आए हैं कि वह है। मां-बाप, दादा-परदादा से यही सुनते आए हैं। इसलिए मान लिया। सवाल है कि यदि सबने किसी न किसी से सुना ही तो खोजा किसने, देखा किसने? वह कौन था जो ईश्वर जी से मिलकर आया और ईश्वर जी ने तस्दीक किया कि हां, यह बंदा मुझसे मिलकर जा रहा है, इसकी बात को मेरी बात मानो। कहने को तो कोई भी कह सकता है, ईश्वर जी से मिलकर आ रहा हूं। आगे जो भी कहूंगा, उन्हीं की बात कहूंगा। या जब मन में आए, ईश्वर जी से बात कर सकता हूं।

आदि शंकराचार्य मानव चेतना की रहस्यमयता को पकड़कर बैठ गए। हम सब कुछ जान सकते हैं, किंतु अपनी ही चेतना को, यानी अपने आपको (साधारणतः) नहीं जान सकते। न उसका वर्णन कर सकते हैं, न यह बता सकते हैं कि अगले क्षण वह क्या होगी, उसे क्या अनुभूति होगी, क्या आभास होगा। बस इतना समझ में आता है कि चेतना जो भी जानती है, पार्थक्य भाव से जानती है। जिसे जानना है वह मुझसे भिन्न है। मैं जानने वाला हूं और वह जानने योग्य है। ज्ञाता और ज्ञेय का पार्थक्य। इसलिए चेतना खुद को कैसे जानेगी? शंकर ने कहा, बस उसी को जान लो तो सब कुछ जान जाओगे, क्योंकि सब कुछ तुम्हारी चेतना में ही है। सबकी चेतना में वही है। पूरे ब्रह्मांड में वही है। सबकी चेतना की डोर एक ही स्रोत से बंधी है। सब उसी की प्रतिबिंब हैं। जान लोगे तो ज्ञाता ज्ञेय और ज्ञान का भेद खत्म हो जाएगा। सिर्फ शुद्ध चेतना रह जाएगी। बोध हो जाएगा कि बाकी सब भ्रम है, अध्यास है, माया है, विवर्त है।

क्वांटम भौतिकी की कृपा से अब तो पूरे ब्रह्मांड के बारे में ज्ञात हो चुका है कि इसमें मौजूद जड़, चेतन और रिक्त आकाश तीनों ऊर्जा के क्वांटा फील्ड (इलेक्ट्रॉन) और क्वार्क से बने परमाणुओं के संघटन हैं और सभी क्वांटा फील्ड एक एकीकृत क्वांटा फील्ड के अविभाज्य अंग हैं, जो परस्पर उलझे हुए हैं। करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर होने पर भी एक इलेक्ट्रॉन पर पड़ने वाला प्रभाव दूसरे को संप्रेषित हो सकता है। तो समस्त ब्रह्मांड सूक्ष्मतम में एक जैसा नहीं, एक ही है। क्या इलेक्ट्रॉन में भी चेतना जैसी कोई चीज होती है? नहीं हो सकती। इलेक्ट्रॉन पदार्थ और ऊर्जा दोनों एक साथ है। ऊर्जा जो खंडों में काम करती है, लेकिन चेतना न पदार्थ है, न ऊर्जा। ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए पदार्थ को खर्च होना पड़ता है, चेतना की उत्पत्ति के लिए पदार्थ को खर्च नहीं होना पड़ता। वह मानव मस्तिष्क में अभिनिविष्ट होती है।

बच्चा जन्म के समय शरीर के साथ चेतना को भी लेकर आता है। समय बीतने के साथ एक क्षण आता है जब उसे स्वयं का यानी अपनी चेतना का और शेष विश्व का पृथक-पृथक एहसास हो जाता है। इसी को होश संभालना कहते हैं। उसका खुद का शरीर भी विश्व में शामिल होता है, "उसमें" नहीं। उसका शरीर और शरीर के अंग-प्रत्यंग सब "उसके" होते हैं, "वह" नहीं होते। वह माने उसकी चेतना, खुद के होने का एहसास। इतना तो समझ में आता है, किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मुश्किल है, लेकिन कोशिश करके देखने में क्या हर्ज! जब तक समझ में नहीं आता, अनजान ही बने रहेंगे। अनजान होना स्वीकार भी कर लेंगे। सत्य और विवेक के सहारे तो इतना ही कह सकते हैं कि भैया, अभी तक स्वयं को, स्वयं की चेतना के आत्मरूप को, जो मेरा, आपका, सबका आत्मरूप हो, नहीं समझ पाया। जीते जी समझ में आ गया तो मान लूंगा। नहीं तो अंतिम क्षण तक अज्ञान में ही रहूंगा। स्वीकार भी करूंगा कि अज्ञान में हूं, लेकिन बिना खुद समझे मानूंगा नहीं।

सोशल फोरम

चंदा या धंधा

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

इलेक्ट्रोल बांड पर मुझे कभी हैरानी नहीं हुई। दरअसल ये हमारी चंदाखोर संस्कृति का ही थोड़ा विस्तारित रूप था। चंदे को सामाजिक स्वीकृति तो हासिल है ही, ये चंदा रूपी बांड को भी वैधानिक स्वीकृति देने का प्रयास था। वो तो शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी, लेकिन क्या आम जीवन मे हम चंदाखोरी पर रोक लगा पाने में सफल हुए हैं। इस व्यवस्था से परेशान सारे हैं, खासकर व्यापारी वर्ग, लेकिन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे?

आजकल सब्जी बाजार जाता हूं तो लोगों के समूह को चंदा मांगते हुए देखता हूं। छोटे-छोटे दुकानदार बेचारे भी परेशान है कि आखिर कितनो को चंदा दें। चंदे से कोई सामाजिक आयोजन करना गलत नहीं। लोगों के सहयोग के बिना बड़े आयोजन सम्भव ही नहीं, लेकिन चंदा श्रद्धा और औकात के हिसाब से ही दिया जाता है। जब धार्मिक आयोजनों में चंदा देने का एक अदृश्य सामाजिक दबाव आप महसूस करने लगे तो मान लीजिए कि समस्या गंभीर है। एक बार मैं हरिद्वार गया। वहां हर की पौड़ी पर कुछ लोग रसीद ले चंदा मांगने पहुंच गए। कहने लगे मां गंगा और स्थान को साफ सुथरा रखने के लिए कुछ दान कीजिए। मैंने कहा मां गंगा खुद को साफ करना जानती हैं। मां को आपकी जरूरत नहीं। आप केवल इसे गंदा करने वाले कृत्य करना बंद कर दीजिए। वही मां गंगा पर आपका बहुत बड़ा अहसान होगा। ये घटना बहुत साल पहले की है। आज अगर ऐसा कुछ होता तो मैंने भी चुप चाप रसीद कटा ली होती।

वैसे कहने को तो मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं कि हजारों लोगों का रोज लंगर कैसे चलता है? कैसे मात्र कुछ रुपये में एमआरआई, सिटी स्कैन और अन्य टेस्ट किए जाते हैं? कैसे किसी आपदा में सबसे पहले यही नजर आते हैं? आखिर इसके लिए पैसा कहां से आता है? ये कभी चंदा मांगने क्यों नहीं जाते? क्यों यहां अपनों के साथ दूसरे लोग भी खुद आगे बढ़कर चंदा देते हैं? क्यों दान का सर्वाधिक सदुपयोग यहीं होता है? मैं इसमें बड़ाई नही कर रहा, लेकिन ध्यान जरूर दिला रहा हूं कि एक दूसरे के धर्म की बेहतर बातों से हम क्यों नहीं सीख सकते? और अगर हम सीखने में रुचि नहीं रखते हैं तो चंदे और धंधे वाला इल्जाम तो लोग लगाएंगे ही। **-फेसबुक वॉल से**

बरेली में एक थे प्रोफेसर कृपानंदन



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

वे बरेली कालेज में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष थे। गांधीवादी थे और खादी पहनते थे। कुर्ता-पाजामा उनकी वेषभूषा थी। एक बार बरेली क्लब में उन्हें इसी पहनावे के कारण घुसने नहीं दिया गया। इससे वे बहुत आहत हुए और गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह पर बैठ गए। उनकी लड़ाई रंग लाई और बरेली क्लब को माफी मांगनी पड़ी। यह उनकी बहुत बड़ी जीत थी, लेकिन बरेली क्लब आज भी उस अंग्रेजियत से मुक्त नहीं हो सका है। 2005 में 20 अप्रैल को कृपानंदन जी का निधन हुआ तो लगा कि बरेली की जमीन का एक खालिस धर्मनिरपेक्ष और सिद्धांतप्रिय व्यक्ति हमारे मध्य से चला गया।

वे रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थापना समिति के संस्थापक अध्यक्ष थे। धार्मिक विश्वासों में उनकी कतई आस्था नहीं थी, बल्कि वे उन चीजों के विरोध में खड़े थे, जो मनुष्य को धर्म और ईश्वर का गुलाम बनाती हैं। उन्होंने मार्क्सवाद का अध्ययन किया था, पर वे उससे बंध नहीं पाए। यद्यपि अनेक कम्युनिस्ट उनके पक्के मित्र थे। उन्हें दकियानूसी और कट्टरता से सख्त नफरत थी और जातिवाद उनके लिए किसी गैरजरूरी चीज का नाम था। उन्होंने एक मुस्लिम महिला जकिया से विवाह किया था। उन्होंने उनका न तो धर्मपरिवर्तन किया और न ही नाम बदला। दरअसल वे धर्म के प्रति एकदम उदासीन थे। निजी और सार्वजनिक जीवन में भी। सुबह जल्दी उठना। टहलना। बागवानी करना। किताबें बहुत पढ़ते थे। रात में बिना पढ़े नींद नहीं आती थी। उनके पास शेक्सपीयर की काफी किताबें थीं। कुछ भारतीय लेखकों की भी। अंग्रेजी अध्यापन के बाद भी किसी पर रोब झाड़ने के लिए अंग्रेजी बोलना उन्हें स्वीकार नहीं था। उन्होंने कभी नहीं समझा कि वे अंग्रेजी के प्रोफेसर हैं। पहनावे में, न व्यवहार में। 77-78 के बाद उन्होंने खादी का कुर्ता-पाजामा ही पहना। पूरी तरह शाकाहारी थे। खाने के बहुत शौकीन थे। वे अंधविश्वासों के घोर विरोधी थे। निधन के दिन 12-1 बजे तक मित्रों के बीच चर्चा करते रहे और एकाएक रुखसत हो गए। कृपानंदन जी की खेलों में भी बहुत रुचि थी। क्रिकेट, हॉकी, कैरम आदि उन्हें बहुत प्रिय थे। मेरे पास कृपानंदन जी का एक पुराना चित्र है 1976 में बरेली कालेज के अध्यापकों की हॉकी टीम में प्रोफेसर उस्मान और डॉ. मेहरा उनके साथ थे। 1944 में कृपानंदन जी को लोगों ने हाउजी खेलते-खिलाते भी देखा था। उन दिनों बरेली जंक्शन के रेलवे इंस्टिट्यूट में हाउजी होती थी। उन्हें ताश के पत्तों की रमी खेलने का भी शौक था। एलन क्लब में वह रमी के अच्छे खिलाड़ी रहे थे। एमएन रायवादी निरंकार देव सेवक से उनकी खूब पटती थी। वे 'सैटरडे क्लब' की मीटिंगों में भी जाते थे। सेवक जी के साथ रहकर भी वे एमएन रायवादी नहीं हो पाए। साम्यवाद की खूबियों को मानते हुए कृपानंदन जी गांधी की चीजों में भरोसा करते थे। वे राजनीतिक दर्शन में व्यक्ति चरित्र, सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते थे। धर्मनिरपेक्षता के मामले में वे पंडित नेहरू के अधिक नजदीक थे। उर्दू शायरी का दार्शनिक पक्ष उन्हें पंसद था। उर्दू और फारसी उनकी मातृभाषा जैसी थी। वे रूसी भाषा के भी अच्छे जानकार थे। फिराक, इकबाल, गालिब और चकबस्त उनके पसंदीदा शायर थे।



वर्ष 2000 में उन्होंने हमारी पत्रिका 'संदर्श' के निरंकार देव सेवक विशेषांक के लिए एक संस्मरण लिखा था जिसका शीर्षक था 'मुद्दत हुई कि ग़ालिब मर गया, पर याद आता है' जिसमें सेवक जी से उनकी मित्रता के अछूते प्रसंगों के साथ विभिन्न वैचारिक मुद्दों पर उनकी असहमतियां भी दर्ज हैं। 1937 में जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित ने कुतुबखाने के मोती पार्क में जब छात्रों में देशभक्ति का जज्बा फूंका, तब बरेली कालेज के हॉल पर लगा यूनियन जैक जलाकर कृपानंदन जी ने ही तिरंगा फहराया था। वे 1943 में बरेली कालेज छात्र यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। अपने बाद के दिनों में कृपानंदन जी बरेली कालेज के शैक्षिक माहौल को लेकर बेहद चिंतित थे। उनके जेहन में संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था थी। बाद के दिनों में पंडित दीनानाथ मिश्र स्कूल के पिछले हिस्से की एक बगिया में अपना छोटा-सा आशियाना बनाकर वे रहने लगे थे। वे निहायत ईमानदार और पारदर्शी व्यक्तित्व के मालिक थे। सही अर्थों में प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को जीवन में उतारने वाले। उनका बाहर और भीतर एक समान था। उनकी सुनाई प्रिय कविता मुझे याद आ रही है, 'नार लव दाइ लाइफ नार हेट/बट व्हाट दो लिवेस्ट लिव वेल/हाउ लांग ऑर शार्ट/परमिट टु हेवेन।' कृपानंदन जी के भीतर कविता की गजब की समझ थी। अक्सर वे कहने लगे थे कि मशीनों के इस हंगामी दौर में जहां हर वक्त हर तरफ शोर ही शोर है, कविता की नर्म-ओ-नाजुक आवाज पनप सकती है कहीं? बालजती मुहल्ले में उनके बेटों की रिहायश और उनके द्वारा संस्थापित दो विद्यालय हमें उनकी याद दिलाने के लिए काफी हैं, पर उनमें उनके विचारों की महक नहीं। विगत दिनों उनकी पत्नी जकिया का भी निधन हो गया जो एक प्रेमकथा का भी अवसान था।

400 पार में कितनी धार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव प्रारंभ हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने एक आकर्षक नारा दिया है, "अबकी बार चार सौ पार" यानी कुल 543 सीटों में यह पार्टी अपनी झोली में इतनी सीटें आ जाने की दम भर रही है। मीडिया का एक वर्ग तरह-तरह की खींचतान करके यह संख्या पौने चार सौ तक पहुंचा भी रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खाती। दक्षिण में इस दल का प्रभाव अत्यंत अल्प है। पश्चिम बंगाल में दूसरे नंबर पर और ओडीसा में सत्तारूढ़ पटनायक से तालमेल न बैठ पाने के कारण काफी कम। यूपी के पश्चिमी भाग, हरियाणा, पंजाब में अनेक जगह भाजपा विरोधी साइन बोर्ड लगे हैं कि भाजपाई यहां न आएं। विगत में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान के काफिले पर पथराव तक हुआ जिसमें कई भाजपाई कार्यकर्ता घायल हुए। सदा भाजपा का साथ देने वाला क्षत्रिय समुदाय इस बार विरोध में है। ठाकुर चौबीसी गाजियाबाद से पूर्व सेनापति वीके सिंह का टिकट कटने व अपने वर्ग की उपेक्षा से असंतुष्ट है और विरोध में पंचायतें कर रहा है। डैमेज कंट्रोल के लिए स्वयं मुख्यमंत्री योगी और राजनाथ सिंह के विधायक पुत्र पंकज सिंह को दौड़ना पड़ा, जो क्षत्रिय हैं।

हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर भले ही हटा दिए गए हैं, किंतु उनकी और सहयोगी रही जजपा की किसान विरोधी छवि उभर चुकी थी जिसका प्रभाव विरोध प्रदर्शनों के रूप में वहां साफ दिख रहा है। राजस्थान में असंतुष्ट वसुंधरा राजे सिंधिया, स्टार प्रचारक होते हुए भी, अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के निर्वाचन क्षेत्र झालावाड़ के अतिरिक्त कहीं पार्टी प्रचार में नहीं जा रहीं हैं। वे प्रधानमंत्री की सभा में भी नहीं गईं। उनका जनता पर प्रभाव है और विगत विधानसभाई चुनावों की सभाओं में राजनाथ और गडकरी उनकी तारीफ करते रहे हैं। यही हाल मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह का है, जिन्हें मोदी शाह ने किनारे लगा दिया है। शिवराज केवल विदिशा तक अपने को सीमित किए हैं, जबां से वे खड़े हैं। पीलीभीत से टिकट कटने के बाद सांसद वरुण गांधी यहां के चुनावी प्रचार से दूर हैं, उनका टिकट कटने से सिख खास तौर से नाराज हैं। नेहरू-गांधी परिवार से होने के कारण वरुण की राष्ट्रीय पहचान है। उत्तराखंड में अग्निवीर योजना को लेकर गहरा असंतोष है, यहां बहुसंख्यक फौजी हैं। बिहार में अब मोदी और नीतीश मंच साझा नहीं कर रहे हैं। एक सभा में नीतीश चार सौ को चार हजार कह गए, तो मोदी उनके मुंह की तरफ देखने लगे। साथ ही अब तक कथित सेकुलर पाले में रहे नीतीश अपने मुख्यमंत्रित्व काल मे सामाजिक सद्भाव की बात रेखांकित कर देते हैं जिसका मतलब हिंदू मुस्लिम एकता से होता है, किंतु भाजपा हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण चाह रही है। अतः भाजपा कार्यकर्ताओं को यह एकता राग रास नहीं आता है। इस बार विपक्षी गठबंधन काफी कुछ मिलकर टक्कर दे रहा है, भले ही बाद में आपस में लड़ें। ऐसे में चार सौ पार का यह नारा अतिरंजित और अहंकार मूलक ही लग रहा है और सहयोगी दल तो कभी भी कही खिसक सकते हैं।

राज्य में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट, पिछली बार कांग्रेस ने कुल 20 में 15 सीटें जीत ली थीं

डबल डिजिट के फेर में फंसा केरल

मनोज त्रिपाठी

केरल में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रमुख रूप से दो गठबंधनों के बीच तय होता है। कांग्रेस की अगुवाई में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और वामपंथी दलों का माकपा की अगुवाई में बना लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यहां सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई थी। यह राहुल गांधी के राज्य की वायनाड सीट से चुनाव लड़ने का असर था कि कांग्रेस को केरल की कुल 20 में 15 सीटों पर जीत हासिल मिली थी। इसके मुकाबले सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) केवल एक सीट जीत सकी थी। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने दो सीटें जीती थी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (भाकपा) को एक सीट मिली थी। भाजपा ने करीब 13 फीसदी वोट लेकर चौंकाया था, लेकिन इसके बावजूद पार्टी कोई भी सीट जीतने में सफल नहीं हो सकी थी। कांग्रेस इस बार अपना पिछला प्रदर्शन दोहराना चाहती है, तो भाजपा के साथ ही वामपंथी गठबंधन डबल डिजिट में सीटें जीतने की उम्मीद लगा रहा है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन में वामपंथी दल कांग्रेस के साथ हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की तरह केरल में तस्वीर पुरानी ही है। केरल में वामपंथी दल और इंडिया गठबंधन अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा इस बार मिशन-400 का लक्ष्य पाने के लिए केरल में वोट प्रतिशत बढ़ाने के साथ कम से कम तीन या चार सीटें जीतने की तरफ देख रही है। यही वजह है कि बीते कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधा दर्जन बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। 2019 के चुनाव को गठबंधन की सफलता के आधार पर देखें तो यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने राज्य में 20 में से 19 सीटें जीती थीं, जबकि लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की तरफ से माकपा सिर्फ अलप्पुझा सीट पर जीत हासिल कर पाई थी।



कांग्रेस-भाजपा की परीक्षा

13% वोट लेकर भी भाजपा रह गई थी खाली हाथ

- लेफ्ट गठबंधन में माकपा को मिली थी सिर्फ एक सीट

अनिल एंटनी को उतार भाजपा का ईसाई समाज को साधने का प्रयास

- केरल में डबल डिजिट में सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने हर सीट पर मजबूत प्रत्याशी उतारे हैं। पथानामथिट्टा से कद्दावर कांग्रेस नेता एके एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी को उतार कर पार्टी ने राज्य के ईसाई समुदाय को साधने का प्रयास किया है। अनिल को भाजपा ने राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता बनाया है। 2019 में इस सीट से कांग्रेस के एंटो एंटनी जीते थे। इस बार भी वह कांग्रेस उम्मीदवार हैं, जबकि लेफ्ट गठबंधन ने पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक पर दांव लगाया है।

तिरुवनन्तपुरम में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और शशि थरूर के बीच जंग हुई दिलचस्प

- केरल की राजधानी तिरुवनन्तपुरम लोकसभा सीट पर केंद्रीय इलेक्ट्रनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर को भाजपा ने दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मैदान में उतारा है। शशि थरूर 2019 में इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। तिरुवनन्तपुरम में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी जड़ें तेजी से मजबूत की हैं। इसी का परिणाम है कि 2019 के चुनाव में यहां कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला हुआ था। वामपंथी गठबंधन से उतरा भाकपा का प्रत्याशी तीसरे स्थान पर चला गया था। 2019 में कांग्रेस के शशि थरुर को 4,16,131 वोट मिले थे। भाजपा के कुम्मन राजशेखरन ने 3,16,142 वोट लेकर उन्हें सीधी चुनौती दी थी। इस बार माना जा रहा है कि शशि थरूर को यहां केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर कड़ी टक्कर दे रहे हैं, इन दोनों की लड़ाई में वरिष्ठ भाकपा नेता पूर्व सांसद पन्नयन रवींद्रन तीसरा कोण बना रहे हैं।

त्रिशूर में कांग्रेस नेता मुरलीधरन त्रिकोणीय मुकाबले में फंसते नजर आ रहे

- तीन हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों के कारण त्रिशूर लोकसभा सीट पर भी मुकाबला रोचक हो गया है। कांग्रेस ने यहां से अपने दिग्गज नेता रहे के करुणाकरन के पुत्र के .मुरलीधरन को मैदान में उतारा है। मुरलीधरन वर्तमान में कोझिकोड जिले की वडकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। वह चार बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके हैं। त्रिशूर में मुरलीधरन का मुकाबला अभिनेता से नेता बने भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी और भाकपा प्रत्याशी पूर्व कृषि मंत्री वीएस सुनील कुमार से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में सुरेश गोपी के लिए ही त्रिशूर से एनडीए का चुनाव अभियान शुरू किया था। उधर, भाकपा के वीएस सुनील कुमार इस लोकसभा क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं। मुरलीधरन त्रिशूर को अपना गृह जनपद होने का हवाला दे रहे हैं। इस सीट पर 2019 में कांग्रेस के टीएन प्रतापन ने भाकपा के राजाजी मैथ्यू थॉमस को 93,633 वोटों से हराया था।

2019 में किसको कितनी सीटें और मत प्रतिशत

दल	सीट	प्राप्त वोट	मत प्रतिशत
कांग्रेस	15	7596610	37.3
आईयूएमएल	02	1111697	5.5
केरल कांग्रेस (एम)	01	421046	2.1
आरएसपी	01	499677	2.5
माकपा	01	5270241	25.9
भाकपा	00	1233886	6.1
भाजपा	00	2635810	12.9
अन्य	00	1616249	7.9

2014 के चुनाव में दलीय जनादेश

दल	सीट	प्राप्त वोट	मत प्रतिशत
कांग्रेस	08	5590285	31.1
आईयूएमएल	02	816226	4.5
केरल कांग्रेस (एम)	01	424194	2.4
आरएसपी	01	408528	2.3
माकपा	00	11070	0.1
भाकपा	01	1364010	7.6
भाजपा	00	1856796	10.3
अन्य	07	7504786	41.7

अलाप्पुझा से दो बार के सांसद रहे वेणुगोपाल के सामने माकपा से सीट वापस छीनने की चुनौती

इस बार अलाप्पुझा की सीट माकपा से छीनने के लिए कांग्रेस ने अपने दिग्गज और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल को मैदान में उतार दिया है। वेणुगोपाल वर्ष 2009 और 2014 के चुनाव में यहां से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। पिछली बार 2019 में यहां से माकपा के ए एम आरिफ चुनाव जीते थे। उन्होंने नजदीकी मुकाबले में कांग्रेस के शनिमॉल उस्मान को मात दी थी। माकपा प्रत्याशी को 4,45,970 तो कांग्रेस उम्मीदवार को 4,36,496 मत मिले थे। भाजपा के डॉ. एसके राधाकृष्णन 1,54,152 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। मजे की बात यह है कि इस सीट पर बसपा ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन उसके प्रत्याशी प्रसनाथिभम को सिर्फ 2431 वोट मिले थे। इस बार भाजपा ने अलाप्पुझा सीट से शोभा सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है।

राहुल गांधी के लिए इस बार वायनाड में वॉक ओवर नहीं

भाकपा की एनी राजा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन पेश कर रहे हैं कड़ी चुनौती

आज देश की चर्चित और हॉट लोकसभा सीटों में शुमार वायनाड लोकसभा सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनावों में यहां से कांग्रेस के एमआई शानवास ने जीत दर्ज की थी। 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव लड़कर वायनाड को हाई प्रोफाइल सीट बना दिया। इस सीट पर मुख्य संघर्ष कांग्रेस और भाकपा में ही होता रहा है। लेकिन इस बार भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। भाकपा के टिकट पर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की महासचिव और भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य तथा दिग्गज भाकपा नेता डी राजा की पत्नी एनी राजा चुनाव मैदान में हैं। राहुल गांधी पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी में भाजपा की स्मृति इरानी से भले ही हार गए हों, लेकिन वायनाड में उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी। वायनाड में राहुल गांधी ने कुल पड़े 10,87,783 वोटों में 7,06,367 मत हासिल किए थे। उनके प्रतिद्वंदी पीपी सुनीर को 2,74,597 वोट मिले थे। इस तरह राहुल गांधी ने 4.3 लाख से भी ज्यादा वोटों से जीत का रिकार्ड बनाया था। हालांकि इस बार राहुल गांधी के सामने त्रिकोणात्मक चुनौती नजरआ रही है। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। सुरेंद्रन 2020 में केरल भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार पार्टी को मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं। वह अब तक तीन लोकसभा चुनाव लड़े हैं और तीनों में हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह सुरेंद्रन ने पांच विधानसभा चुनाव लड़े और सभी में हारे। लेकिन दो मुकाबले कांटे के रहे। इनमें उन्हें मात्र 89 और 745 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। वायनाड में तीसरा कोण भाकपा के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद डी. राजा की पत्नी एनी राजा बना रही हैं। लेफ्ट गठबंधन ने उनकी जीत के लिए पूरी ताकत भी लगा रखी है।

दक्षिण का दुर्ग जीते बिना कैसे लहराएगा 400 पार का झंडा

महेश शर्मा

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैरेटिव सेट किया, अबकी बार 400 पार और सारा विमर्श इसी के इर्द-गिर्द घूम गया। अब मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राजग गठबंधन की सीटें क्या इस बार 400 पार होंगी, इसकी परीक्षा भी शुरू हो गई है। 2019 के चुनाव में दक्षिण भारत 130 सीटों में 29 सीटें भाजपा का बेस्ट प्रदर्शन था। लेकिन बड़ा लक्ष्य निर्धारण करने व उसे प्राप्त करने के लिए जीजान से जुटने में माहिर मोदी का आत्मविश्वास गजब का है। भाजपा थिंक टैंक ने दक्षिण में तमिलनाडु, केरल, आंध्र, तेलंगाना, कर्नाटक व पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव जीतने की योजना पर काफी पहले से काम शुरू कर दिया था। तमिलनाडु और केरल में इस बार पार्टी 10 से ज्यादा सीटें जीटने की जुगत में जुटी है। लेकिन भाजपा दक्षिण में मजबूत भाषाई सांस्कृतिक

गौरव को पुशअप करने वाली पार्टियों को तोड़ने में नाकाम रही है, इसके साथ वही वह उत्तर-दक्षिण विभाजन की खाई भी नहीं कम कर पायी। विश्लेषक कहते हैं कि भाजपा की वोट में हिस्सेदारी बढ़ सकती है पर यह सीट बढ़ाने मे कारगर होगी? इसमें संदेह है। भाजपा की पार्टनर रही तमिलनाडु की एआईडीएमके को 2021 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद एहसास हो गया कि भाजपा से गठजोड़ करके उसकी द्रविड़ पहचान पर ग्रहण लगा रहा है, तो उसने बीते साल सितंबर 2023 माह में भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया। हालांकि दक्षिण के हर राज्य में सीटें हासिल करने में जुटी भाजपा ने मोदी के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही अभियान शुरू कर दिया था। ममल्लापुरम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर सम्मेलन, लोकसभा में सेंगोल की स्थापना, धार्मिक लिहाज से काशी टू चेन्नई योजना इसके प्रमाण हैं। लेकिन चुनावी अभियान आगे बढ़ने के साथ जानकार मान रहे हैं कि दक्षिण में बढ़त हासिल करके 400 पार का लक्ष्य जिसमें भाजपा का अपने दम पर 370 सीटें जीतना शामिल है, इतना भी आसान नहीं है। दक्षिण के मैदान-ए-जंग में भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 21 सीटें जीती थी और 2019 में 29 सीटें जीती थीं।

तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं। 2014 में छह फीसद वोट के साथ भाजपा ने एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में चार फीसद वोट के साथ स्कोर शून्य रहा। एआईडीएमके ने 2014 में 45 फीसद वोट के साथ 37 सीटें जीती डीएमके शून्य पर रही, पर 2019 में डीएमके ने 34 फीसद वोट के साथ 23 सीटें जीतीं। उसके सहयोगी दलों ने सात, कांग्रेस ने आठ व एक एआईडीएमके ने जीती। अब आंध्र (25) को देखिए, 2014 में यहां भाजपा ने सात फीसद वोट के साथ दो सीटें जीती थीं जबकि 2019 में एक फीसद वोट के साथ खाता नहीं खुला। मतलब आधार और सीट दोनों ही जाती रहीं। तेलंगाना (17)में 2014 में भाजपा ने 11 फीसद वोट के साथ एक सीट जीती जबकि 2019 में 20 फीसद वोट के साथ चार सीटें जीतीं। केरल (20) राज्य में 2014 में दस फीसद वोट पर सीट शून्य तो 2019 में 13 फीसद वोट फिर भी सीट शून्य। कांग्रेस ने यहां पर 2014 में 31 फीसद वोट पाकर आठ सीटें जीतीं और 2019 में 37 फीसद वोटों के साथ 15 सीटें जीतीं। अब आइए कर्नाटक (28) में। भाजपा के लिए यह राज्य बमबम है। 2014 में 43 फीसद वोट हासिल कर 14 सीटें पायीं तो 2019 में 51 फीसद वोट हासिल कर 25 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने क्रमशः 9 और एक सीटें पाईं। जेडीएस दो और एक पर सिमटी रही। पुडुचेरी (1) में 2014 में भाजपा ने एक 2019 में कांग्रेस ने एक सीट जीती।

चुन लिया सांसद

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता। यहां मतदाताओं में वोट डालने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। देर शाम तक मतदाता बूथों पर डंटे रहे।

हिसार में चौटाला परिवार से ससुर व दो बहुओं में संग्राम

चंडीगढ़। हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट पर भाजपा, आईएनएलडी और जेजपी के उम्मीदवार सामने आने के बाद मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस सीट पर रणजीत चौटाला को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले जेजेपी और आईएनएलडी ने भी चौटाला परिवार से ही प्रत्याशी उतारकर हिसार की जंग रोचक बना दी है। जेजेपी ने अजय चौटाला की पत्नी और दुष्यंत की मां नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया है, तो आईएनएलडी ने देवी लाल के पौत्र रविंद्र उर्फ रवि चौटाला की पत्नी सुनैना चौटाला पर चुनावी दांव लगाया है। रणजीत चौटाला रिश्ते में नैना और सुनैना के चाचिया ससुर लगते हैं। ऐसे में हिसार का मुकाबला अब

- **भाजपा के रणजीत चौटाला के सामने जेजेपी से दुष्यंत की मां नैना, लोकदल से सुनैना**

चौटाला परिवार के बीच सिमट गया है। रणजीत चौटाला अब तक आठ चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन उनका जीत का रिकॉर्ड बढ़िया नहीं है। उन्हें केवल तीन बार ही जीत मिली है और पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। जानकार हिसार के चुनावी मुकाबले में ससुर और बहुओं की लड़ाई में नैना चौटाला की संभावनाएं मजबूत मान रहे हैं। इसकी वजह यह है कि नैना ने अब तक दो विधान सभा चुनाव लड़े हैं और दोनों में ही उन्होंने जीत हासिल की है। उधर, सुनैना चौटाला की बात करें तो यह उनका पहला चुनाव है।

अतीत के झरोखे से | 7 करोड़ 32 लाख पड़े वोटों में कांग्रेस को मिले थे 4,76,65,951 वोट

पहले ही चुनाव में 55 फीसदी लोगों ने नहीं डाले थे कांग्रेस को वोट

1952 में जब पहली लोकसभा का चुनाव हुआ तो 80% से ज्यादा आबादी निरक्षर थी। इस चुनाव में लोकसभा की 489 सीटों के लिए 17 करोड़ 32 लाख (44.87 फीसदी) मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कांग्रेस ने कुल 4,76,65,951 यानी 44.99 वोट हासिल किए। उस वक्त एक निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक सीटें भी होती थीं, लिहाजा 489 स्थानों के लिए 401 निर्वाचन क्षेत्रों में ही चुनाव हुआ। 1960 से इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। एक सीटों वाले 314 निर्वाचन क्षेत्र थे। 86 निर्वाचन क्षेत्रों में दो सीटें और एक क्षेत्र में तीन सीटें थीं। इस चुनाव में 14 पार्टियों को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दी गई। कुल 53 पार्टियों ने चुनाव लड़ा।

1952 के चुनाव में कांग्रेस ने 364 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन पार्टी को 55 प्रतिशत लोगों ने वोट नहीं दिया था। कांग्रेस के पक्ष में लगभग 45 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इसके बावजूद कांग्रेस ने संसद में 489 सीटों में से 364 और राज्य विधानसभाओं में 3,280 में से 2,247 सीटें हासिल करके आराम से जीत हासिल की। पहले आम चुनाव में सीपीआई उपविजेता बनकर उभरी। 16 सीटें जीतकर कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, हालांकि उसे केवल 3.29% वोट ही मिले। इसके बाद जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया की सोशलिस्ट पार्टी थी, जिसने 254 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटें हासिल कीं। कृपलानी की केएमपीपी उन 145 सीटों में से केवल नौ जीतने में सफल रही, जिन पर उसने चुनाव लड़ा था। । वहीं 37 निर्दलीय उम्मीदवार भी जीतने में सफल रहे थे। इनके अलावा गणतंत्र परिषद को 6, हिंदू महासभा को 4, शिरोमणि अकाली दल को 4, अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 3, जनसंघ 49 सीटों पर चुनाव लडी और तीन सीटें जीतने में सफल रही और इसके संस्थापक डॉ. मुखर्जी स्वयं कलकत्ता दक्षिण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से जीते । 1952 के चुनाव में डॉ. अम्बेडकर की एससीएफ को ज्यादा सफलता नहीं मिली और उसने जिन 35 सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से केवल दो सीटें ही हासिल कीं।

पहले आम चुनाव में कुल 53 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 14 राष्ट्रीय और 39 क्षेत्रीय दल शामिल थे। इसमें 22 पार्टी कम से कम एक सीट जीतने में कामयाब रही। इसमें सोशलिस्ट पार्टी को कुल 10.6 प्रतिशत वोट मिले और 12 सीटों पर जीत मिली। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने मात्र 3.3 प्रतिशत वोट पाया और 16 सीटें जीतने में कामयाबी हासिल की। किसान मजदूर प्रजा पार्टी को 5.79 प्रतिशत वोट मिले और 9 सीटों पर जीत हासिल हुई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) 1.3 प्रतिशत वोट प्राप्त कर 7 सीट जीतने में कामयाब रही थी।

गणतंत्र परिषद ने 1 प्रतिशत से भी कम 0.91 फीसदी वोट प्राप्त किए और 6 सीटों पर जीत हासिल की थी। हिंदू महासभा को भी 0.95 प्रतिशत वोट मिले और 4 सीटों पर जीत मिली। इसी तरह शिरोमणि अकाली दल को 0.99 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटों पर जीत मिली। तमिलनाडु टॉयलर्स पार्टी ने 0.84 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटें प्राप्त की। अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 1.97 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन जीत सिर्फ 3 सीटों पर ही हुई। भारतीय जनसंघ को 3.06 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली। कॉमनवेल पार्टी को 0.31 प्रतिशत वोट मिले लेकिन जीत 3 सीटों पर हुई। झारखंड पार्टी को 0.71 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली।

- **प्रो. विवेकानंद तिवारी**

लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनवाई गईं

- पूरे भारत में कुल 2 लाख 24 हज़ार मतदान केंद्र बनाए गए थे. इसके अलावा लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनाई गई थीं जिसके लिए 8200 टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया था। कुल 16500 लोगों को मतदाता सूची बनाने के लिए छह महीने के अनुबंध पर रखा गया था।

केरल में हुआ था 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

- राजस्थान के कोट बूंदी सीट पर सबसे कम 22.59 फीसदी लोगों ने ही वोट डाले, जबकि केरल की कोट्टायम सीट पर सबसे ज्यादा 80.49 फीसदी लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

अपनी ढपली अपना राग

उत्तर प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी आई है। उनके फिल्म की शूटिंग चल रही है, दोनों की फिल्म पहले ही फ्लॉप हो चुकी है।

– नरेन्द्र मोदी

कांग्रेस हो, सपा हो या बसपा, यह देश की समस्या की जड़ हैं भारतीय जनता पार्टी समाधान का नाम है।

– योगी आदित्यनाथ

चुनावी बांड स्कीम भी भाजपा ही लेकर आई। वे इसे गोपनीय रखना चाहती थी, सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक कर दी।

– प्रियंका गांधी

वो करे तो रासलीला और हम करें तो कैरेक्टर ढीला, क्या सपा, बसपा, कांग्रेस पलटू राम नहीं।

– ओम प्रकाश राजभर

सत्ता पक्ष चाहे जो करे, नुक्कड सभाएं बिना परमिशन कर सकता है। लेकिन, विपक्ष नहीं।

–आदित्य यादव

अब हमारे समाज की नाराजगी दूर हो गई है और हम लोग भारतीय जनता पार्टी के साथ ही हैं।

– संगीत सोम

अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम को साथ लेकर दिल्ली नापने निकला हाथी

ताजा राजनीतिक हालात में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी

मायावती ने क्षेत्रीय समीकरण और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर किया टिकटों का बंटवारा, चुनावी संघर्ष को बनाया त्रिकोणीय

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने जब इंडिया गठबंधन में शामिल होने की चर्चाओं को सिरे से नकारा था तो आरोप लगा कि बसपा प्रमुख या तो भाजपा के दबाव में हैं या फिर उनकी मंशा साथ देने की है। हालांकि मायावती ने क्षेत्रीय सामाजिक गणित और विपक्ष के उम्मीदवार को देखकर जिस तरह टिकटों का बंटवारा किया है, उससे तमाम सीटों पर उन्होंने एनडीए बनाम इंडिया के संघर्ष को त्रिकोणीय बना दिया।

बसपा के उप्र. में टिकटों के वितरण को देखें तो साफ नजर आता है कि पार्टी का प्रयास वोट काटने के बजाय अपनी विजय का है। इसलिए टिकट बंटवारे में जाति धर्म की कोई सीमा तय नहीं की गयी है। कोशिश इस बात की गई है कि बसपा से मैदान में आने वाला उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ सके।

रणनीति के मुताबिक बसपा ने पहले सपा-कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों का इंतजार किया। इसके बाद पार्टी ने ऐसे प्रत्याशियों को उतारा कि वह उप्र. की चुनावी लड़ाई में बराबर से टक्कर लेती दिखें।

दरअसल, ताजा राजनीतिक हालातों में कांग्रेस के बाद बसपा की स्थिति जीत हार से कहीं ज्यादा भविष्य के लिए मैदान में टिके रहने की भी है। उप्र. की जाटव जाति पूरी तरह से बसपा को समर्पित मानी जाती है। इनकी संख्या लगभग 12 प्रतिशत के आसपास हैं। हालांकि पश्चिमी उप्र. में चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी के चुनावी मैदान में आने से इस वोटबैंक को विकल्प तो मिला है। नगीना में सपा, भाजपा को टक्कर देने के लिए खुद चंद्रशेखर मैदान में भी हैं।

ऐसे में पश्चिमी उप्र. में जाटव जाति के वोटर कहीं विकल्प पाकर बसपा से छिटक न जाएं इसलिए मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद खुद नगीना पर पैनी नजर बनाएं हुए हैं। असल में, चंद्रशेखर और उनके समर्थक सवर्णों से सीधे संघर्ष की बात करते हैं, इसलिए इस जाति के युवाओं को आकर्षित करते हैं। अंबेडकर जयंती का मौका हो या फिर दूसरी जातियों से मुकाबला करने की नौबत, इस जाति के युवा चंद्रशेखर की भीम आर्मी के बैनर तले गोलबंद हो जाते हैं। लेकिन ऐसी गोलबंदी का संदेश यह नहीं कि, इनकी जाति का वोट भी चंद्रशेखर के पाले में ही जाएगा।

बहरहाल, बसपा ने जहां इस बार अपने वोटबैंक को बचाने की नीयत रखी है वहीं, पार्टी दूसरी जातियों और मुसलमानों को भी साधने की कोशिश में है। उदाहरण के तौर पर मेरठ की सीट पर जहां भाजपा ने वैश्य समाज से आने वाले अरुण गोविल को टिकट दिया तो बसपा ने भी त्यागी उम्मीदवार पर दांव लगाया। यहां से बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी हैं और इस सीट पर त्यागी मतदाताओं का खासा प्रभाव है। इसी तरह जौनपुर से बसपा ने श्रीकला सिंह को टिकट दे दिया है जो कि इस क्षेत्र में बाहुबली नेता समझे जानेवाले धनंजय सिंह की पत्नी हैं। धनंजय सिंह का जौनपुर क्षेत्र में प्रभाव है। वह यहां से चुनाव लड़ने को तैयार थे लेकिन ऐन मौके पर एक पुराने केस में उनको सजा हो गयी। ऐसे में बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी को टिकट देकर इस सीट पर अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।

अकेले कदम बढ़ा रहा हाथी किस पर पड़ेगा भारी

बसपा की एक और चुनावी रणनीति पर गौर करें तो पार्टी ने जहां मुस्लिम मतदाता ज्यादा हैं और उम्मीदवार हिन्दू है वहां पार्टी की ओर से मुस्लिम कार्यकर्ता, नेता नियुक्त किये हैं। ताकि मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित किया जा सके। ऐसा भी नहीं है कि मायावती की नजर में सिर्फ दलित या मुस्लिम वोटर ही हैं। हालांकि बसपा नेत्री मायावती सोशल इंजीनियरिंग की महारथी हैं लेकिन संभवत: यह पहला मौका है जबकि, बसपा में टिकट देते समय केवल अपने कोर वोटर्स और उम्मीदवार के धन को ही ध्यान में नहीं रखा गया है बल्कि हर एक सीट पर मंथन हुआ लगता है। इस जमीनी तैयारी के मद्देनजर देखना यह होगा कि अकेले आगे कदम बढ़ा रहा बसपा का हाथी किस पर भारी पड़ने वाला है।

बसपा की पुरानी चाल बनी राजनीतिक गलियारों में चर्चा

लखनऊ। बसपा ने साल 2007 के विधानसभा चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग कर अप्रत्याशित रूप से सत्ता हासिल की थी। 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे। अब एक बार फिर बसपा ने इसी फार्मूले पर लोस चुनाव में बराबर की टक्कर देने को लालायित है। अभी तक जिन सीटों पर प्रत्याशी दिए हैं, उसमें तीन अगड़े, पांच पिछड़े, एक मुस्लिम और एक एससी-एसटी का प्रत्याशी शामिल है। राजनीतिक गलियारों में बसपा के चाल की इसीलिए चर्चा है कि पार्टी का इससे अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम मतदाताओं में एकजुटता का संदेश जा रहा है।

भाजपा बहुमत से एक बार फिर वापसी करेगी: पाठक

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पहले चरण का चुनाव समाप्त हुआ है, वोटिंग के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा प्रचंड बहुमत से एक बार फिर वापसी करने जा रही है। जनता जनार्दन को मोदी के नेतृत्व के प्रति अपना अपार समर्थन देने के लिए हृदय से आभार। मतदान के समय जनता जनार्दन का उत्साह देखने के लायक़ था। भाजपा पहले चरण की सभी आठ सीटों को भारी अंतर से जीत रही है क्योंकि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का समर्थन भाजपा के पक्ष में है।

पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया: मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को उन्नाव एवं लखीमपुर खीरी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया हैं। उन्होंने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा। यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव है। विपक्षी इंडी पार्टनर्स को फिर से घर बैठाने का समय आ गया है। जनता को मोदी पर भरोसा है, इसलिए प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलेगा।

इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया: चौधरी



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से स्पष्ट है कि हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। उन्होंने कहा प्रथम चरण में हुए मतदान के बाद उत्तर प्रदेश की सभी 8 सीटों पर कमल खिल चुका है। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है। आम चुनाव 2024 की शुरुआत में ही इनके गठबंधन की हवा निकल गई है। इनके वादे और घोषणाएं सब झूठे और बेबुनियाद हैं। वो चाहे जिस डॉक्टर को ले आएं, लेकिन सपा गठबंधन का अब किसी डॉक्टर के पास कोई इलाज नहीं है।

बस्ती में बसपा प्रत्याशी के उतारे जाने से बढ़ी चुनावी सरगर्मी

साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से जीत को प्रयासरत है

बस्ती में सपा-कांग्रेस से राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी और बसपा से दयाशंकर मिश्र हैं उम्मीदवार

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार: बस्ती वो धरती है जहां पर महर्षि वशिष्ठ का आश्रम हुआ करता था। ऐसे में प्राचीन भारत में इस भूमि को ''वैशिष्ठी'' के नाम से भी जाना जाता है। राजा कल्हल के द्वारा इस जगह का नाम बस्ती रखा गया था। लोकसभा सीट की बात करें तो साल 2014 और साल 2019 के चुनावों में लगातार विजयी होने वाली भाजपा तीसरी बार भी यहां से विजयी होने को प्रयासरत है। हालांकि विपक्ष भी यहां पूरी तैयारी से है।

बस्ती लोकसभा सीट में 5 विधानसभा सीट (हरैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती सदर और महादेवा) हैं। पांच विधानसभा सीटों में से तीन पर सपा का कब्जा है और एक पर 2022 में उसी की गठबंधन पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पास है। एक सीट ही भाजपा के है। कई विरोधाभासों अपने समाए हुए बस्ती सीट पर 2024 लोस चुनाव में कड़ी टक्कड़ होने वाली है।

दरअसल, यहां भाजपा और सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा को अपनी पार्टी में शामिल कर यहां से लोस चुनाव का टिकट भी थाम दिया है। 35 साल से भाजपा में सक्रिय दयाशंकर के हाथी पर सवार होकर मैदान में आने से चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

किस करवट बैठेगा चुनावी ऊंट

फिलहाल मौजूदा लोस चुनाव के लिए बसपा द्वारा दयाशंकर मिश्र को प्रत्याशी बनाने ऐलान से ही चुनाव में सरगर्मी बढ़ गई है। बस्ती में अभी तक सपा-कांग्रेस गठबंधन द्वारा राम प्रसाद चौधरी, भाजपा से हरीश द्विवेदी के नाम का ऐलान हुआ था। तीसरे प्रत्याशी के तौर पर दयाशंकर की इंट्री ने चुनाव को रोचक बना दिया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा इस बार चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा। राजनीतिक जानकार यह भी कह रहे हैं कि बसपा के इस चाल का सपा को फायदा हो सकता है। दावा किया जा रहा है कि जब दो ब्राह्मण मैदान में उतरेंगे तब फायदा तीसरे को हो सकता है। हालांकि यह समीक्षा अटकलबाजी तक ही सीमित हैं। बस्ती में 25 मई को मतदान है और 4 जून को मतगणना होगी। परिणाम ही बताएंगे कि किस दल का पलड़ा भारी रहा।

प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला

बस्ती क्षेत्रफल की नजर से उत्तर प्रदेश का सातवां सबसे बड़ा जिला है। दलित, ब्राह्मण, क्षत्रिय, कुर्मी और मुस्लिम बहुल इस क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक क्षेत्र में करीब 5 .98 लाख सवर्ण, 6 .20 लाख ओबीसी, 4 .30 लाख अनुसूचित जाति और 1 .83 लाख मुस्लिम हैं। 2019 में कुल मतदाता 18,31,666 रहे। इनमें 990184 पुरुष, 841345 महिला और 137 थर्ड जेंडर के मतदाता थे। 2011 की जनगणना के मुताबिक बस्ती की आबादी 24,64,464 है।

हरीश द्विवेदी

दयाशंकर मिश्र

लोकसभा सीट का इतिहास

देश की आजादी के बाद बस्ती में 1952 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे। उस चुनाव में हर तरफ कांग्रेस ही कांग्रेस थी। कोई अन्य दल मुकाबले में दिखता नहीं था। पहले चुनाव में यहां से उदय शंकर दुबे ने जीत हासिल की थी। 1957 में हुए दूसरे चुनाव में निर्दल उम्मीदवार के तौर पर रामगरीब विजयी रहे। 1957 में ही हुए उपचुनाव और 1962 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर इस सीट पर कब्जा किया। केशव देव मालवीय यहां से विजयी रहे। 1967 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिवनारायण और 1971 में अनंत प्रसाद धूसिया ने विजय पायी। 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के टिकट पर शिवनारायण जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंदिरा) के प्रत्याशी कल्पनाथ सोनकर ने जीत हासिल की। 1984 में भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार रामअवध प्रसाद जीते। इसके बाद 1989 में जनता दल के टिकट पर कल्पनाथ सोनकर ने विजयी रहे। रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान 1991 में पहली बार भाजपा ने यहां कमल खिलाया। इसके बाद लगातार 1996, 1998 और 1999 में भाजपा प्रत्याशी ही यहां से विजयी होते रहे। फिर आया 2004 का चुनाव। इस बार बसपा के लालमणि प्रसाद ने जीत हासिल कर ली। 2009 के चुनाव में भी बसपा ने सीट पर अपना कब्जा बनाए रखा। इस बार अरविंद कुमार चौधरी यहां से सांसद बने। 2014 में मोदी लहर में एक बार फिर इस सीट पर भगवा लहराया। हरीश द्विवेदी ने जीत हासिल की जिसे 2019 में भी बरकरार रखा। हरीश द्विवेदी वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं। उनके मुकाबले में पिछली बार बसपा से लड़कर दूसरे नंबर पर रहे वरिष्ठ नेता रामप्रसाद चौधरी अब सपा में हैं। सपा की तरफ से भी रामप्रसाद को राष्ट्रीय सचिव का जिम्मा है।

आईना : बस्ती लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
हरीश द्विवेदी	471,163
राम प्रसाद चौधरी	4,40,808
राज किशोर सिंह	86,920



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	हरीश द्विवेदी	3,57,680
सपा	बृजकिशोर सिंह "डिम्पल"	324,118
बसपा	राम प्रसाद चौधरी	283,747
कांग्रेस	बसंत चौधरी	27,673

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1951	उदय शंकर दुबे	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	राम गरीब	स्वतंत्र राजनीतिज्ञ
1957,62	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	शेओ नारायण	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	अनंत प्रसाद धूसिया	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	शेओ नारायण	जनता पार्टी
1980	कल्पनाथ सोनकर	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	राम अवध प्रसाद	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	कल्पनाथ सोनकर	जनता दल
1991	श्याम लाल कमल	भारतीय जनता पार्टी
1996,98 व99	श्रीराम चौहान	भारतीय जनता पार्टी
2004	लाल मणि प्रसाद	बहुजन समाज पार्टी
2009	अरविन्द कुमार चौधरी	बहुजन समाज पार्टी
2014 व 19	हरीश द्विवेदी	भारतीय जनता पार्टी

2014 नोटा 10,168 | 2019 नोटा 10,298

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	अरविन्द कुमार चौधरी	2,68,666
सपा	राज किशोर सिंह	1,63,456
भाजपा	डॉ. वाईडी सिंह	1,17,259
कांग्रेस	बसंत चौधरी	95,235



2024

कुल मतदाता	-1831996
पुरुष मतदाता	- 991527
महिला मतदाता	- 840331

जनता के सवालों पर क्यों मौन हैं प्रधानमंत्री: अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के सवालों पर क्यों मौन रहते हैं। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री की चुनावी सभा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है, आज एक बार फिर पीएम मोदी वही पुरानी स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में देश की भोली-भाली जनता को छलते हैं।

चुनाव प्रचार में रालोद ने शुरू की शक्ति रथ यात्रा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। पश्चिम उप्र. में रालोद और एनडीए प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने के लिए रालोद ने शुक्रवार से शक्ति रथ यात्रा शुरू की है। पहले दिन रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी ने रथ पर बैठकर बागपत लोकसभा सीट में सिवालखास विधानसभा में जनसंपर्क किया है।

रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि पश्चिम उप्र. में रालोद का जनाधार है, मतदाताओं के बीच रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी समेत सभी पदाधिकारी जनसंपर्क लगातार जारी है। अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच पहुंचने के लिए शक्तिरथ यात्रा शुरू की गई है, इसके लिए माध्यम से हर दिन एक विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया जायेगा। सुबह सिवालखास नगर पुल से चारू चौधरी ने यात्रा शुरू की जो कि शाम सात बजे दबुथवा में संपन्न हुई।

हाईटेक चुनाव प्रचार, ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश

झंडा, बैनर, पोस्टर, बिल्ला आदि का मंदा हो गया कारोबार

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : वक्त गुजरने के साथ ही परंपरागत चुनाव प्रचार अभियान की तस्वीर भी बदल गई है। जनता के साथ नेताजी भी खुद को हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

डेढ़ दशक पहले तक उम्मीदवार वोटरों के बीच अपनी बात पहुंचाने के लिए पार्टी का झंडा और भोंपू (लाउडस्पीकर) लगे वाहन से गांव की गलियों में धूल फांकते थे। प्रचार-प्रसार के लिए हैंडबिल, पोस्टर, बैनर के साथ धुआंधार नारेबाजी होती थी। पर अब सब कुछ बदल गया है।

सीमित समय में मतदाताओं तक पहुंचना नामुमकिन होता है। लिहाजा हाईटेक तरीके से प्रचार किया जा रहा है। नेताओं ने भी सोशल मीडिया को प्रचार के लिए बेहतर प्लेटफार्म मान लिया है। हर नेता मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया से जुड़कर दिन भर जनता के बीच रहना पसंद कर रहा है।

फेसबुक, ह्वाट्सएप, ट्यूटर, इंस्टाग्राम प्रचार सामग्री से पटे पड़े हैं। जिले में तकरीबन सभी उम्मीदवार और उनके समर्थक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपनी बात रखने और विपक्षियों के आरोपों का जवाब देने में कर रहे हैं।

उम्मीदवारों की मानें तो सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार करना काफी सस्ता है। इसमें नाम मात्र का ही खर्च आता है। उम्मीदवार अपने प्रचार के लिए भले ही हर घर और हर मतदाता तक स्वयं न पहुंच पाएं। लेकिन उनकी बात ऑडियो वीडियो या लिखित संदेश के जरिए वोटरों के मोबाइल फोन तक जरूर पहुंच रही है। यही नहीं राजनीतिक दल और उनकी नीतियां तथा सूचनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपन-अपने मोबाइल एप भी रखते हैं। उम्मीदवारों का मानना है कि युवा वर्ग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं।

रिझाने का प्रयास

- **नेताजी भी खुद हाईटेक बनकर सोशल मीडिया पर कर रहे हैं चुनाव प्रचार**

पोस्टर नहीं रील्स की बढ़ी मांग

चुनाव में प्रत्याशी डिजिटल कैंपेनिंग पर काम कर रहे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। ऐसे में चुनावी सभा और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार किया जा रहा है। बात अगर पोस्टर, बैनर, बिल्ला व झंडे. आदि की करें तो इसका कारोबारा करीब 40 फीसदी तक घट गया है।

चौथे चरण के लिए छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 12 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल निर्धारित है। 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) में एक, धौरहरा में दो, उन्नाव में दो व इटावा (अजा) में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से प्रेमचन्द्र ने नामांकन पत्र भरा। धौरहरा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार व निर्दलीय प्रत्याशी में नर सिंह शामिल हैं। उन्नाव लोकसभा सीट के लिए दो नामांकन पत्र भरे गये, इसमें शिव प्रकाश सिंह व उमेश निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। इटावा (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जितेन्द्र कुमार ने नामांकन पत्र भरा।

चुनावी चक्कर

- **सोशल मीडिया फिर दिखीं पोलिंग ऑफिसर रीना :** अगर चुनाव चल रहा हो तो पोलिंग ऑफिसर रीना द्विवेदी का भी सुर्खियों में आना तय मानिए। बीते कई चुनाव से रीना द्विवेदी अपने पहनावे और पर्सनालिटी के कारण खासकर सोशल मीडिया पर छा जातीं हैं। जी हां, वही पीली साड़ी वाली पोलिंग ऑफिसर जो साल 2019 के लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के दौरान चर्चा में आयीं थीं। दरअसल, पीली साड़ी वाली मैडम रीना द्विवेदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो पोलिंग बैग हाथ में लिए अपने अंदाज में चलती हुई नजर आ रही है। साथ ही संदेश लिखा है कि, पहले मतदान, फिर जलपान। हालांकि इस बार वह गुलाबी रंग की साड़ी में हैं।
- **मुस्लिम महिला कर्मचारियों की तैनाती :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश मतदान के दौरान कई रोचक दृश्य भी सामने आए। कई मतदान केंद्रों पर तो सुबह 7 बजे से पहले ही चहल-पहल नजर आने लगी। इसमें वोटर्स भी पहुंचे दिखे। खासकर पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे वोटर्स का उत्साह देखते बना। इस बीच कुछ क्षेत्रों में फर्जी मतदान को रोकने के लिए मुस्लिम महिला कर्मचारियों को बुर्का पहनाकर तैनात किया गया था। ये महिला कर्मचारी मतदान के लिए आने वाली बुर्कानशीं मतदाताओं का हिजाब उठाकर आईडी पर लगे फोटो से उनका मिलान कर रही हैं। दरअसल, बुर्के की आड़ में फर्जी मतदान की खबरें हर चुनाव में आती रही हैं, इसलिए ऐसी सतर्कता बरती गई।

धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत का उल्लंघन करने वाले को राहत नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर शिव के बारे में टिप्पणी करने के आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाएं नागरिकों के लिए अत्यधिक महत्व रखती हैं और ऐसी भावनाओं को अपमानित करने या विघटित करने के उद्देश्य से किया गया कोई भी कार्य सहिष्णुता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का गंभीर अपमान है। कोर्ट ने माना कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य की जांच और मामले की गहन समीक्षा करने पर यह सिद्ध होता है कि याची द्वारा अपराध किया गया है।

स्वतंत्रतापूर्ण अधिकार दूसरों की भावनाओं और विश्वासों का सम्मान करने की जिम्मेदारी के साथ आता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने ओवैस खान के खिलाफ समन आदेश, आरोप पत्र एवं संपूर्ण आपराधिक कार्रवाही को रद्द करने से इनकार करते हुए की।

निवेशकों का धन डकारने वाले ग्रुप ने किराये पर ले रखा है आईएएस अफसर का मकान

डेढ़ लाख रुपये है मासिक किराया, रसूखदार पद पर तैनात है आईएएस अधिकारी

विनय सिंह, लखनऊ

- पैसा पाने के लिए मकान पता कर पहुंच रहे निवेशक, गेट के अंदर प्रवेश बंद
- ग्रुप का चेयरमैन था प्रभावशाली इसलिए पंचम तल के आदेश दर्ज हुई थी एफआईआर

अमृत विचार: सैकड़ों निवेशकों की गाढ़ी कमाई जमा करवाकर उनका करोड़ों रुपये डकारने वाले टाइमसिटी ग्रुप के चेयरमैन ने एक आईएएस अफसर का मकान भी किराये पर ले रखा है। किराया भी कम नहीं, बल्कि डेढ़ लाख रुपये महीने है। वह भी शहीद पथ स्थित पॉश रिहायशी इलाके में।

ग्रुप के चेयरमैन के खिलाफ जबसे धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है, उससे दो वर्ष पहले ही उसने आईएएस अफसर का मकान किराए पर ले रखा है। खास बात यह है कि ग्रुप के चेयरमैन निवेशकों का धन वापस नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन उक्त आईएएस के मकान का किराया लगातार खाते में पहुंच रहा है। कई निवेशक चेयरमैन को तलाशने किराए वाले मकान में भी पहुंचे, लेकिन कॉलोनी के मुख्य गेट से ही निवेशकों को एंट्री नहीं मिली। आईएएस अफसर महत्वपूर्ण पद पर तैनात है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के लंबे समय बाद भी अगर मकान ग्रुप को दिया हुआ है, तो उस अफसर पर भी संदेह उत्पन्न होता है।

> प्रकरण की विवेचना अभी चल रही है। हालांकि एक शिकायतकर्ता दो दिन पहले विवेचक बदलवाने के उद्देश्य से प्रार्थनापत्र दिया था। जल्द ही कोई निर्णय लेकर विवेचना पूर्ण करा रहा हूं।
> –**जितेंद्र कुमार दुबे**, एडीसीपी, उत्तरी

टाइमसिटी ग्रुप पर क्या है आरोप

पंकज कुमार। टाइम सिटी का लोगो।

टाइमसिटी ग्रुप पर 2018 से 2023 के बीच एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट तथा अन्य स्कीमों के माध्यम से सैकड़ों निवेशकों का करोड़ों रुपये जमा कराकर फरार होने का आरोप है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के चेयरमैन अंबेडकरनगर निवासी पंकज कुमार पाठक के खिलाफ तहरीरें दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निवेशकों ने किसी तरह पंचम तल पर संपर्क स्थापित किया। फिर जाकर पंचम तल के आदेश पर गुडंबा पुलिस ने ग्रुप के आठ निदेशकों, एक एचआर, दो महाप्रबंधक और एक प्रबंधक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया था, जिसकी विवेचना अब भी जारी है। निवेशकों का कहना है कि टाइमसिटी ग्रुप ने सहारा की तर्ज पर एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट जैसी स्कीमों को लागू करने के लिए जिलों और तहसीलों तक में बैंक शाखाएं खोल रखी थी। इनमें अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर आदि जिले शामिल थे। सभी बैंकों में प्रबंधक और अन्य बैंक कार्मिक कार्यरत थे।

बच्ची का अपहरण कर बेरहमी से हत्या करने वाला गिरफ्तार

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र में मां के साथ घर में सो रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर बेरहमी से हत्या करने वाला उसका चचेरा चाचा निकला। वारदात के 48 घंटे के अंदर हंडिया पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को पत्रकारों के सामने डीसीपी गंगानगर ने बताया कि वेजाइनल स्वॉब की रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जाएंगी और इसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करके फास्ट ट्रैक कोर्ट में आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी।

डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र में हुई डेढ़ साल की मासूम बच्ची की हत्या के आरोप में सूरज उर्फ लल्ली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूरज और उसके चचेरे भाई में मारपीट की नौबत आ गई थी। इससे सूरज की पत्नी नाराज होकर अपनी बेटियों को लेकर मायके चली गई। इसी बात से सूरज नाराज था।

तीन आश्रम पद्धति विद्यालयों में शुरू हुई अध्यापकों की नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से शुरू हुए तीन आश्रम पद्धति विद्यालय में प्राचार्य से लेकर अन्य कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। माह के अंत तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सकती है। अयोध्या और जौनपुर में आश्रम पद्धति विद्यालय के भवन का निर्माण लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व हो गया था मगर इसके बाद भी पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी थी।

आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन करने के लिए फरवरी माह से ही कवायद शुरू कर दी गई थी। आश्रम पद्धति विद्यालय में बच्चों ने दाखिला ले लिया है। पढ़ाई के लिए पुस्तकें भी पहुंच गई हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों जिलों के लिए कुल 40 लोगों को स्टाफ रखा जाना है। इसमें प्राचार्य, शिक्षक, कंप्यूटर प्रशिक्षक और चतुर्थ श्रेणी कर्मी रखे जाएंगे। इनकी नियुक्ति जल्द कर दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा माह के अंत तक कक्षाएं विधिवत संचालित होने लगें।

नए आश्रम पद्धति विद्यालयों के निर्माण का रास्ता साफ

लखनऊ, अमृत विचार : पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सकता है। इसके लिए 20 करोड़ का बजट विभाग को मिला है। बता दें कि कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण होना है। केंद्रीय बजट के दौरान ही एटीएस के लिए राशि बढ़ा दी गई थी। पांच जिलों में एटीएस निमार्ण पर कुल 40 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। 20 करोड़ रुपये शासन से स्वीकृत हो चुके हैं और विभाग को मिल गए हैं।

बांग्लादेश के 4 नागरिकों को पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता, रायबरेली

- रायबरेली और उन्नाव में चलाते थे दवाखाना

अमृत विचार: क्षेत्र में क्लीनिक चलाने वाले फर्जी तरीके से रहे चार बांग्लादेशी नागरिको को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इनके कब्जे से बांग्लादेश के तीन पासपोर्ट भी बरामद किए है। उन्नाव जनपद के मौरांवा कस्बे व रायबरेली के खीरों कस्बे सहित कई जगहों पर क्लीनिक चलाने वाले चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह अपने रिश्तेदारों के साथ यहां पर क्लीनिक चलाते थे।

पुलिस को काफी समय से कस्बे में कुछ बांग्लादेशी रहने की सूचना मिल रही थी, लेकिन पकड़ ने नही आ रहे थे। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कस्बे में ही जमीन खरीदकर मकान बनाने वाले कमल पुत्र दुलाल खीरो के अतरहर रोड क्लीनिक चलाता था उसकी के साथ मंतोष पुत्र नानत भी रहता था। वही तनमय पुत्र सफन हलदर क्षेत्र के महरानीगंज व इन सबको यहां लाने वाला प्रकाश हलदर पुत्र मुकुंद हलदर उन्नाव जनपद के मौरांवा में अपना क्लिनिक चलाता था। पुलिस को इनके ऊपर शक हुआ तो उसने अपनी तफ्तीश शुरू की। सबसे पहले पुलिस ने प्रकाश को उठाया और उसने सब कुछ बता दिया तभी तीन अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सभी से जब वैध पासपोर्ट मांगा तो वह नही दिखा सके। कमल खीरो में अपने को बनर्जी बताता था जिससे किसी को कोई शक न हो और उसे बंगाली माना जाए। पुलिस इनके कब्जे से 1 पासपोर्ट, 4 आधार कार्ड, 2 वोटर कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस व 3 बांग्लादेशी पासपोर्ट बरामद किए है।

चुनाव चिन्ह के मांग वाली अपना दल की याचिका खारिज

लखनऊ, अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपना दल (कमेरावादी) की ओर से अध्यक्ष कृष्णा पटेल द्वारा दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें लिफाफा चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने का आदेश चुनाव आयोग को देने की मांग की गई थी। न्यायालय ने याचिका को पोषणीयता के आधार पर खारिज करते हुए कहा कि आचार संहिता लागू हो जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है लिहाजा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों व संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने पारित किया है। याचिका में कहा गया था कि याची की पार्टी चुनाव आयोग में पंजीकृत है, हालांकि यह एक गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। 22 दिसम्बर 2023 को याची की पार्टी की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित करने संबंधी प्रार्थना पत्र आयोग को दिया गया था।

136 रुपये किलो लड्डू तैयार कर बेच रहे 400 में

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हनुमानगढ़ी पर अब आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। इस बीच हनुमानगढ़ी के लड्डू प्रसाद व्यापारियों ने मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटी घी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। मिलावट करने के बाद लड्डू के थोक व्यापारियों का एक किलो माल 136 रुपये में तैयार हो जाता है। इसे हनुमानगढ़ी के निकट के व्यापारियों को 250 रुपये के करीब में बेचा जाता है और उसके बाद वही लड्डू श्रद्धालुओं को 400 रुपये किलो दिया जा रहा है।

इस कमाई से न सिर्फ सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है बल्कि लोगों की आस्था को भी चोट पहुंचाने का काम किया जा रहा है। हनुमानगढ़ी के मुख्य महंतों के आदेश को 'अमृत विचार' ने 31 जनवरी को सबसे पहले व प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें देसी घी के लड्डुओं की बिक्री को ही अनिवार्य किया गया था। आदेश के दो माह बाद ही स्थानीय दुकानदारों ने बड़ी चालाकी से मोटी रकम कमाने के लिए बीच का रास्ता निकाल लिया। उधर, इस मामले में फूड इंस्पेक्टर अजय सिंह का कहना है कि लड्डू दुकानदारों को विभाग की तरफ से कोई आदेश नहीं दिया गया है। सिर्फ ये कहा गया है कि अच्छी ब्रांड का घी इस्तेमाल करें। जिसमें अमूल, पराग और ज्ञान घी का नाम सुझाया गया था। यदि दुकानदार अन्य सामग्री या अन्य घी का इस्तेमाल करता है तो उसे बताना पड़ेगा और सैंपलिंग भी होगी।

इस पूरे खेल को ऐसे समझिए...

अयोध्या धाम का लड्डू विश्व प्रसिद्ध है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु बड़ी शिद्दत से अपने परिजनों के लिए ले जाता है। हनुमानगढ़ी पर 250 लड्डू व्यापारी हैं। थोक व्यापारियों की संख्या 35 से 40 के बीच में है। 70 से 80 किलो शुद्ध देशी घी का लड्डू बनाने के लिए थोक व्यापारियों को सात हजार रुपये में 15 किलो ज्ञान घी, 88 रुपये किलो मिलने वाला बेसन 20 किलो (कीमत 1760), 35 किलो चीनी (कीमत 1400), 1200 रुपये लेबर चार्ज और एक 1800 रुपये का कॉमर्शियल सिलिंडर लगता है। कुल अनुमानित लागत 13,160 रुपये आती है। सब फाइनल होने के बाद लगभग 188 रुपये किलो लड्डू पड़ता है। वहीं मिलावटी घी से लड्डू बनाने के लिए 3400 रुपये में 15 किलो वाले देशी घी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बेसन व अन्य सामान सही रहता है, लेकिन घी की लागत कम होने से लड्डू की कीमत मात्र136 रुपये किलो आती है। दुकानदारों को थोक रेट में बनाकर बेचने वाले करीब 35 कारखाने इस समय चल रहे हैं।

सार-संक्षेप

इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन : ओपी राजभर

उरई, अमृत विचार : उरई में आए सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन बन कर रह गया है। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए इशारों इशारों में कहा कि वह करें तो रास लीला, और हम करें तो कहते है कि हमारा कैरेक्टर ढीला है। बसपा, कांग्रेस हो या सपा दो-दो बार गठबंधन करते हैं और तोड़ते हैं। तब वह अपने को पलटू राम क्यों नहीं करते। हम अगर सपा को छोड़ अपने पुराने घर आ गए तो पलटू राम कहने लगे, उन्होंने कहा कि विपक्ष का चाल, चरित्र और चेहरा अलग-अलग है। 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में एनडीए चार सौ पार का नारा सिद्ध करके रहेगी। उन्होंने कहा कि फिर तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधान मंत्री बनेंगे। इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन भानवती का पिटारा है, जिसमें शामिल राजनीतिक दल एक दूसरे को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन बन कर रह गया है। ओमप्रकाश राजभर शुक्रवार को अपने एक निजी कार्यक्रम में जनपद जालौन के मुख्यालय उरई आए थे।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (एसएलएससी) की 35वीं बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा बीते साल 2023-24 की विभागवार प्रगति की समीक्षा की गयी। इस दौरान उन्होंने प्रगति 88 प्रतिशत व्यय पर सन्तोष व्यक्त किया गया, साथ ही औसत प्रगति से कम व्यय करने वाले विभागों को सचेत करते हुए साल 2024-25 की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।

पीडीए का गजब कारनामा, मृत अतीक के नाम पर जारी किया ध्वस्तीकरण का नोटिस

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: माफिया अतीक अहमद जिंदा है। यह हम नही प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से माफिया अतीक अहमद के नाम से जारी की गयी नोटिस बता रही है कि अतीक अभी तक जीवित है। प्राधिकरण ने अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की चेतावनी दी है। पीडीए नेयह भी चेतावनी दिया कि आदेश पर अमल नहीं किया गया तो प्रयागराज विकास प्राधिकरण निर्माण को ध्वस्त कर देगा और आने वाले व्यय को अतीक अहमद से वसूल करेगा।

पीडीए विभाग कि जारी इस नोटिस को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही है। पीडीए के इस गजब कारनामे से विकास प्राधिकरण चर्चा में है। एक वर्ष पहले पुलिस अभिरक्षा में गोलियों से भून दिए गए अतीक अहमद को अवैध निर्माण रोकने के लिए पीडीए ने नोटिस जारी किया है। दरअसल हाईकोर्ट चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा के पास उत्तर की पटरी के पास स्वामित्व वाले नजूल भूखंड संख्या 571/2 सिविल लाइंस स्टेशन नंबर दो और को 4 वर्ष पहले पीडीए ने ध्वस्त कर दिया था। अतीक अहमद की मौत के बाद उस भूखंड पर एक बार फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। बाहर से टीन शेड लगाकर अंदर निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायत मिलने के बाद पीडीए ने अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण रोकने और खुद से ध्वस्त करने के लिए सचेत किया है। ज़ोनल अधिकारी की ओर से अतीक के नाम पर भेजे गए नोटिस में लिखा है कि 4 साल पहले 6 अगस्त 2020 को किए गए अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ कारण बताने और अवैध निर्माण रोकने के लिए कहा गया था, लेकिन आपकी ओर से निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में बांग्ला नंबर 2 पर अवैध निर्माण को स्वयं ध्वस्त कर इस कार्यालय को सूचित करें। जनरल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय ने नोटिस में कहा है कि बांग्ला नंबर 2 अवैध निर्माण तत्काल हटा ले अन्यथा किसी भी दिन उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा। यह भी कहा है कि इस बंगले में भवन स्वामी के वारिस या अन्य व्यक्ति रह रहे हो तो उसे तत्काल खाली कर दें। वह मकान अतीक अहमद के नाम से ही बना है।

> मृत माफिया के नाम से नोटिस नहीं जारी किया जा सकता है। इस मामले को देखा जाएगा अवैध निर्माण की सूचना है। इस पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **अरविंद चौहान**, पीडीए, उपाध्यक्ष

अवैध हिरासत में रखने पर 25 हजार का मुआवजा देने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सब- डिविजनल मजिस्ट्रेट, जौनपुर द्वारा मनमाने ढंग से तीन दिनों तक अवैध रूप से एक व्यक्ति को हिरासत में रखने के कारण उसे 25 हजार रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने रमेश चंद्र गुप्ता उर्फ चंदू द्वारा दाखिल आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें दावा किया गया था कि याची को गैर कानूनी रूप से हिरासत में रखा गया था।

दरअसल, 9 जनवरी 2022 को थाना प्रभारी, जौनपुर ने याची का चालान कर दिया और उसे पूरी रात हिरासत में रखा। अगले दिन, 10 जनवरी को याची ने एसडीएम के समक्ष जमानत याचिका दाखिल की, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। 11 जनवरी को याची की ओर से संबंधित अधिकारी के समक्ष एक और जमानत याचिका दाखिल की गई, लेकिन इस पर 13 जनवरी को ही सुनवाई हो सकी।इसके बाद याची को रिहा कर दिया गया। याची का तर्क है कि अधिकारी के समक्ष 11 जनवरी को जमानत आवेदन दाखिल करने के बावजूद उन्होंने 13 जनवरी को सुनवाई की, जिसके कारण उसे अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा गया। हालांकि अपर शासकीय अधिवक्ता का तर्क था कि याची की गिरफ्तारी शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के हित में उचित थी और वह किसी मुआवजे का हकदार नहीं है, लेकिन कोर्ट ने पाया कि याची को तीन दिनों की अवैध हिरासत में रखा गया था। कोर्ट ने कहा कि याची के खिलाफ स्पष्ट प्रावधानों के खिलाफ कार्यवाही की गई है, इसलिए वह मुआवजे का हकदार है।

वर्ग पहेली-45

बाएं से दाएं

1.1. फूंका जाना 2. वस्तु आदि का जलना या भस्म होना 3. व्यर्थ ख़र्च होना 4. नष्ट या बरबाद होना।

2.1. फ़रेब या छल करने वाला, चालबाज़, धोखेबाज़, कपटी, चालाक, धूर्त, ठग 2 फ़रेब संबंधी।

5. विक्रमादित्य के दरबार के एक नवरत्न अमर सिंह का बनाया हुआ प्रसिद्ध कोश।

8.1. तुलसी की एक प्रजाति, काली तुलसी 2. चीड़ का वृक्ष।

9. घुड़सार, अस्तबल।

10.1. मछली के शरीर का छिलका 2. दाल जैसे अनाज का छिलका।

ऊपर से नीचे

2.1. भूलने वाला, भुलक्कड़

3.1. नाश, क्षति, हानि 2. आघात, चोट 3. क्लेश, पीड़ा।

4.1. चुलचुली या हलकी खुजली होना 2. नटखटी करना 3. संभोग की उत्कट इच्छा होना 4. चंचलतापूर्वक इधर-उधर हाथ-पैर मारना।

6.1. बनावटी, अप्राकृतिक, कृत्रिम 2. मिथ्या, पाखंडपूर्ण।

7. नृत्य में निपुण वह व्यक्ति जो तलवार की धार पर नृत्य कर सकता है और अंगों को तोड़-मरोड़कर कई तरह के करतब दिखा सकता है।



वर्ग पहेली -44 का हल

	1 अ	ज	य		2 पा	ड़ा
3 सा	व			4 झ		
	स		5 सि	र	का	
6 चु	र	चु	रा	ना		7 छु
	वा		ज			ट
8 चाँ	द	9 ना			10 जि	प
		11 य	ज	न		न

सुडोकू-124

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5			2			8
1				3			2	
		7	9			4		
5							1	
2			5		4			7
	8					6		
		2			1	7		
	4			8				5
6			7			2		

सुडोकू-123 का हल

4	9	1	7	8	6	2	5	3
3	5	7	9	1	2	6	4	8
6	2	8	5	3	4	1	7	9
7	4	2	8	6	3	9	1	5
5	1	3	4	9	7	8	6	2
8	6	9	1	2	5	4	3	7
1	8	5	3	4	9	7	2	6
9	3	6	2	7	1	5	8	4
2	7	4	6	5	8	3	9	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.41 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष – आज साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

वृष – आज लोन वगैरह के कारण कोई काम अटक सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। असंतुलित खानपान के कारण आपको पाचन की समस्या होगी। अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं।

मिथुन – आज पुराना अनुभव आपके काफी काम आएगा। रिश्तेदारों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। व्यापारिक अनुबंधों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

कर्क – आज बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी आपके प्रदर्शन से काफी प्रसन्न रहेगा और आपकी आय भी बढ़ा सकता है। आपको सामाजिक कार्यों से यश मिल सकता है। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

सिंह – आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

कन्या – आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित व अनुशासित रखें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है।

तुला – आज दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं।

वृश्चिक – आज नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

धनु – आज कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं। कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए।

मकर – आज साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा महसूस हो सकती है। रूढ़िवादी विचारों से स्वयं को दूर रखें। क्रोध करने से आपको बचना चाहिए। आपके मन में तनाव रहेगा। मौसमी बीमारियां घेर सकती है।

कुंभ – आज दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। घर का माहौल काफी सुखद रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय देंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा सामंजस्य रहेगा।

मीन – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन जबरदस्त रहेगा। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे।

आज की फिल्में

घातक
सुबह : 08.35
दानवीर
रात : 07.00
शकुंतला देवी
सुबह : 10.12
भूल भुलैया
शाम : 06.00

वंडर वुमन
सुबह : 10.10
स्पाइडर मैन
रात : 08.34
यमला पगला दीवाना
सुबह : 09.35
बत्ती गुल मीटर चालू
रात : 07.25
रंगीला
सुबह : 11.03
कभी अलविदा न कहना
दोपहर : 02.15

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर :02.15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक प्रसिद्ध गायक अपना कार्यक्रम पेश करने के बाद हॉल से कमरे में जा रही थी।
एक महिला ने पूछा-क्या आप ही वह माहिर गायक हैं, जो ऊंचे सुर में भी आसानी से गा लेती हैं?
गायक ने प्रसन्न होकर- जी हां।
महिला-मेरा जरा सा काम कर दीजिए, मेरे ड्राइवर को जोर से पुकारिए, वह कहीं खो गया है। उसका नाम घनश्याम है।

चंपक- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चंपक- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1155 डीएमओ- 885

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	85300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56400-56600
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	75,900
सोना रवा	75,750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74800
सिल्वर (पक्की)	830 (अनुमानित)

मणप्पुरम कर्ज के जरिये जुटाएगी 4,100 करोड़

नई दिल्ली। सोने के बदले कर्ज देने वाली कंपनी मणप्पुरम फाइनेंस ने शुक्रवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिये 50 करोड़ डॉलर (लगभग 4,100 करोड़ रुपये) तक की राशि जुटाने की मंजूरी दे दी है। मणप्पुरम ने शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि यह राशि एक या अधिक किस्तों में जुटाई जाएगी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की वित्तीय संसाधन एवं प्रबंध समिति की 19 अप्रैल को हुई बैठक में धन जुटाने के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कंपनी ने कारोबार बढ़ाने के लिए एक या अधिक किस्तों में निजी आवंटन या सार्वजनिक निर्गम के जरिये 6,000 करोड़ की सीमा तक गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके धन जुटाने को मंजूरी दी थी।

काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति से बढ़ेगा सब्जियों का रकबा

आईआईवीआर वाराणसी की विकसित 19 प्रजाति केंद्र से अधिसूचित, बीज तैयार कर करेंगे बिक्री, प्रसंस्करण पर भी होगा काम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति, अन्नपूर्णा, उत्कर्ष आदि से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में सब्जियों का रकबा बढ़ेगा। यह सभी सब्जियों की नई प्रजाति के नाम हैं। इस तरह की 19 प्रजाति भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) वाराणसी ने विकसित की है। जिसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय बीज समिति के परामर्श पर अधिसूचित किया है। यानी इन नामों से सब्जियों के बीजों का उत्पादन, बिक्री और पैदावार किसान करेंगे।

खासियत यह है कि ज्यादातर सब्जियां हर मौसम में कम समय पर उगेंगी और ज्यादा दिन तक सुरक्षित रहेंगी। लंबी दूरी तक ले जाने में खराब नहीं होंगी। यह अधिक पौष्टिक हैं। पुरानी प्रजातियों के मुकाबले इनमें आयरन, विटामिन बी, सी व डी जैसे तत्व अधिक हैं। इन सब्जियों से प्रसंस्करण कर पाउडर भी बनाया जा सकेगा।

उप्र में 19 सब्जियों की नई प्रजाति विकसित और अधिसूचित होना बड़ी उपलब्धि है। अब बीज तैयार कर किसानों को पैदावार के लिए देंगे। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी। अन्य राज्यों को भी इसका लाभ मिलेगा। किसानों की आय बढ़ेगी।

-डॉ. राजीव वर्मा, संयुक्त निदेशक (शाकभाजी), उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

इन नामों से आएंगी ये नई प्रजाति

टमाटर : काशी तापस, टमाटर : काशी अद्भुत, बैगन : काशी उत्तम, सब्जी मटर : काशी पूर्वी, भिंडी : काशी उत्कर्ष, मूली : काशी ऋतुराज, टिंडा : काशी हरि, ककड़ी : काशी विधि, मिर्च : काशी गरिमा, परवल : काशी परवल 141, फलीदार मटर : काशी तृप्ति, फावा बीन (बकला) : काशी संपदा, विंगडबीन (सेम) : काशी अन्नपूर्णा, पालक चुकंदर : काशी बारामासी, पालक : काशी मनु, चौलाई : काशी चौलाई-1, तरबूज : काशी मोहिनी, करेला : काशी प्रतिष्ठा व करेला/लौकी : काशी शुभ्रा

शोध करने में लगे करीब 10 वर्ष

शासन ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 17 सदस्यीय कमेटी की स्वीकृति पर प्रदेश से विकसित 20 सब्जियों की नई प्रजाति का प्रस्ताव पिछले वर्ष केंद्र को अनुमोदन के लिए भेजा था। इसमें भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी की 19 प्रजाति, जबकि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की एक खीरा की प्रजाति शामिल है। इसमें वाराणसी की सभी प्रजाति अधिसूचित हुई है। इन प्रजाति को शोध कर विकसित करने में विज्ञानियों को आठ से 10 वर्ष लगे हैं।

चार दिन बाद तेजी लौटी सेंसेक्स 599 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिन से जारी गिरावट का क्रम टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। लेकिन बैंक शेयरों में खरीदारी से तेजी पकड़ने में सफल रहा। एनएसई का निफ्टी भी 151.15 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र में यह 21,777.65 के निचले स्तर तक पहुंचा लेकिन बाद में बढ़त के साथ बंद हुआ।

● बैंक और वाहन के शेयरों में अधिक खरीदारी से बाजार उबरा

बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी ने बढ़त हासिल की। वहीं नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई।

जीएसटी प्राधिकरण ने सिप्ला पर 1.83 करोड़ का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम,

2017 के प्रावधानों के तहत लगा है। जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी।

विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सात सप्ताह की बढ़त गंवाते हुए 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.5 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 564.7 अरब डॉलर रह गया। वहीं, स्वर्ण भंडार 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.8 अरब डॉलर पहुंचा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 9.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.5 करोड़ डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

नेस्ले के शिशु उत्पादों में चीनी संबंधी रिपोर्ट पर गौर करें एफएसएसएआई

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को नेस्ले इंडिया द्वारा कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचने की रिपोर्ट पर गौर करने को कहा है।

स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने रिपोर्ट में दावा किया है कि नेस्ले ने यूरोप की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। उपभोक्ता मामलों की सचिव एवं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण

● आईबीएफएएन का दावा, नेस्ले ने विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे

(सीसीपीए) की प्रमुख निधि खरे ने कहा कि हमने एफएसएसएआई को नेस्ले के शिशु उत्पाद पर आई रिपोर्ट का संज्ञान लेने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में खरे ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग को लेखों के भारत में नेस्ले कंपनी के चलन के बारे जानकारी मिली, खासकर सेरेलैक के संबंध में। स्विट्जरलैंड के संगठन ने भारत में नेस्ले की विनिर्माण प्रथाओं पर रिपोर्ट पेश की है। भारत में बेचे जाने वाले नेस्ले सेरेलैक में एक बार के खाने में 2.7 ग्राम चीनी मिलाने का आरोप लगाया गया है, जबकि जर्मनी, स्विट्जरलैंड, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे अन्य देशों में ऐसा नहीं किया जा रहा।

एक नजर

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में महसूस किए गए भूकंप के झटके

शिमला। हिमाचल प्रदेश के आदिवासी जिला लाहौल-स्पीति में गुरुवार रात आठ बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में था। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यदि आपके क्षेत्र के आसपास भूकंप के कारण कोई क्षति होती है तो इसकी सूचना 1077 पर दी जा सकती है। कांगड़ा भूकंप, जो चार अप्रैल, 1905 को आया था, हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे विनाशकारी भूकंपीय घटनाओं में से एक था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.0 थी और इसका केंद्र धर्मशाला के पास करेरी में था। भूकंप ने पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विनाश किया, इमारतों, बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण क्षति हुई और जीवन की हानि हुई। अनुमान बताते हैं कि 20,000 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल या विस्थापित हो गए। राज्य सरकार लोगों को आपदाओं से बचाने के लिए कई कदम उठा रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला से नौ ड्रग तस्करों को पकड़ा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला जिलों में मादक पदार्थ के नौ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पांच थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वाघामा बिजबेहारा के फिरोज अहमद राथर और ऐजाज अहमद मंटू को गिरफ्तार किया और उनके पास से नौ किग्रा डोडा पोस्त मिला, जबकि नागम कोकरनाग के सुहैल अहमद डार और वॉटनार्ड कोकेरनाग के रेयाज़ अहमद मीर के कब्जे से 16.450 किग्रा भांग पाउडर मिला। उत्तरासू में पुलिस ने ऐशमुकाम से शकील अहमद वानी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 21 ग्राम चरस, 350 ग्राम डोडा पोस्त और 10,000 रुपये बरामद किए। पुलिस ने येन्नेर पहलगाम के गुलाम नबी भट से चार किग्रा डोडा पोस्त और 1.25 किग्रा भांग बूसा पकड़ा। वाघामा बिजबेहरा के इंद्राज अहमद थोकर के कब्जे से करीब पांच किलो भांग पाउडर बरामद किया।

साइबर पुलिस का अधिकारी बनकर 46 लाख रुपये ठगे

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताकर ठगों ने 47 वर्षीय व्यक्ति से 46 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ठगों ने पीड़ित के खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ का मामला दर्ज करने की धमकी देकर उसके साथ ठगी की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताया और नेरुल के रहने वाले पीड़ित से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें उसके (पीड़ित के) खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ के संबंध में शिकायत मिली है।

राष्ट्रीय

निषेधाज्ञा रद करने के अनुरोध पर सुनवाई को तैयार अदालत

पीठ ने प्राधिकरण को सभाओं की अनुमति की अर्जी पर निर्णय लेने का दिया निदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया, जिसमें सिर्फ चुनाव होने के आधार पर, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी किये गए निषेधाज्ञा आदेशों को रद करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि सक्षम प्राधिकार चुनावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यात्रा या जन सभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर तीन दिनों के अंदर निर्णय करे।

पीठ सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा राय और निखिल डे की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में, लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले और परिणामों की घोषणा होने तक बैठकों,

● सिर्फ चुनाव के आधार पर धारा 144 के तहत जारी आदेशों को रद करने के लिए दायर की गई है याचिका

सभाओं, जुलूस या धरने को निषिद्ध करने के लिए मजिस्ट्रेट और राज्य सरकारों द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने के लिए आदेश जारी किये पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। धारा 144 उपद्रव की आशंका होने पर लागू की जाती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा, कुछ बहुत शानदार हो रहा है। छह महीनों में, निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से लेकर चुनावों के समापन की पूरी अवधि तक (सीआरपीसी की) धारा 144 लागू करने का धड़ल्ले से आदेश जारी किया जा रहा है। यह धारा चुनावों के दौरान हर तरह की सभाओं, बैठकों और प्रदर्शनों को निषिद्ध करती है। पीठ ने कहा, इस तरह का आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के तीन निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि जब तक शांति भंग होने की प्रबल आशंका न हो यह आदेश जारी नहीं किया जा सकता। उन्होंने राजस्थान में 16 मार्च को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये जाने का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि यह आदेश 16 मार्च को प्रभावी होगा और छह जून तक पूरे बाड़मेर में प्रभावी रहेगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले साल के विस चुनाव में मतदाताओं के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक यात्रा की इजाजत लेने के वास्ते आवेदन दिया था।

कर्नाटक में छात्रा की हत्या के बाद प्रदर्शन भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

हुब्बाली, एजेंसी

कर्नाटक के हुब्बाली में निगम पार्षद की बेटी की उसके कॉलेज में हत्या की घटना के बाद विरोध प्रदर्शन हुआ। इसको लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्ष भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस ने जहां इसको दो लोगों का निजी मामला बताया वहीं भाजपा ने लव जिहाद का संदेह जताया और कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को दर्शाता है।

भाजपा की छात्र इकाई एबीवीपी और हिंदू संगठनों से जुड़े संगठनों ने न्याय और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घटना को लेकर कई अन्य स्थानों पर भी विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिली है। चौंकाने वाली घटना में, हुब्बाली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की गुरुवार को बीवीबी कॉलेज में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी फैयाज खोंडुनाईक मौके से

हुबली : नेहा हिरेमथ के अंतिम संस्कार में शामिल लोग।

● कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की गुरुवार को बीवीबी कॉलेज में चाकू मारकर की गई थी हत्या

भाग गया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पहले उसका सहपाठी था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार आरोपी फैयाज ने दावा किया कि दोनों में प्रेम संबंध था लेकिन वह कुछ समय से उसे नजरअंदाज कर रही थी। बेलागवी जिले में फैयाज के गृहनगर मुनवल्ली में इस हत्या की निंदा करते हुए लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। केंद्रीय मंत्री एवं धारवाड़ सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि ये मामला लव जिहाद से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के शासन के तहत कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। जोशी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से तुष्टीकरण की राजनीति और विशेष समुदाय के साथ विशेष व्यवहार बंद करने का आग्रह किया।

घर से आया 48 बार भोजन सिर्फ तीन बार खाये आम

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ईडी पर जेल में उनके आहार को लेकर संकीर्ण सोच रखने और राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अदालत में कहा कि उन्होंने जो खाना खाया वह उनके डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए चार्ट के अनुरूप था और उन्होंने जेल में उन्हें इंसुलिन दिए जाने का अनुरोध किया। केजरीवाल ने उनकी शर्करा के खतरनाक स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए इंसुलिन देने की अनुमति का निर्देश जेल अधिकारियों को देने के लिए अदालत में नई याचिका दायर की। वहीं सीएम के सिंघवी ने ईडी के आरोप पर कहा कि घर से 48 बार भोजन भेजा गया, जिसमें से केवल तीन बार आम भेजे गए। आठ अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया।

सीएम के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद से शर्करा को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता 22 वर्ष से मधुमेह से पीड़ित है। एक फरवरी, 2024 से चिकित्सा निगरानी के तहत, आवेदक इंसुलिन रिवर्सल प्रोग्राम (आईआरपी) शुरू करने में सक्षम हो पाए थे और उन्हें इंसुलिन दिया जाना

● कोर्ट में सीएम के वकील ने कहा- भोजन को लेकर ईडी का रुख संकीर्णता और राजनीति वाला

बंद कर दिया गया था। गिरफ्तारी के कारण, केजरीवाल उक्त आईआरपी का पालन करने में असमर्थ हैं और उन्हें इंसुलिन की जरूरत है। ईडी ने गुरुवार को कोर्ट में दावा किया था कि केजरीवाल चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए जेल में उच्च शर्करा युक्त आहार ले रहे हैं, जबकि उन्हें टाइप-2 डायबिटीज है। केजरीवाल के अधिवक्ता सिंघवी ने कहा, ईडी ने दावा किया है कि मेरे मुवक्किल जमानत के लिए शर्करा स्तर बढ़ाना चाहते हैं। मैं क्या जमानत के लिए लकवा का जोखिम उठाऊंगा? मैं जो भी भोजन कर रहा हूं वह गिरफ्तारी से पहले मेरे डॉक्टर द्वारा तैयार चार्ट के अनुसार है। केजरीवाल के नियमित रूप से आम, मिठाई, आलू-पूरी खाने के ईडी के दावे पर उन्होंने कहा कि उन्हें एक-दो बार ऐसा भोजन दिया गया। केजरीवाल को जेल में घर के खाने की अनुमति है। मैं केवल शुगर फ्री चाय लेता हूं। जबकि आलू-पूड़ी केवल एक बार पूजा के समय दिया गया था।

प्रचार अभियान से संबंधित वाहन दुर्घटनाग्रस्त, नाबालिग की मौत

राजम। आंध्र प्रदेश के राजम में वाईएसआरसीपी के विधानसभा उम्मीदवार का प्रचार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे नौ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना गुरुवार रात आठ बजे हुई जब बिस्कुट खरीदने आए लड़के को वाईएसआरसीपी उम्मीदवार टी राजेश के वाहन ने टक्कर मार दी। गाड़ी में प्रत्याशी मौजूद नहीं थे और प्रचार के बाद जब चालक गाड़ी के टायर में हवा भराने के लिए ले गया तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने वाहन के चालक एम सुधीर को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और पोस्टमॉर्टम के बाद लड़के का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

बोर्ड किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध नहीं करता है : मौलाना मुजद्दिदी

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड किसी राजनीतिक दल का विरोध या समर्थन नहीं करता है। बोर्ड महासचिव मौलाना मुहम्मद फजल-उर-रहीम मुजद्दिदी ने शुक्रवार को जारी बयान में ये बात कही।

उन्होंने कहा कि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद अली मुहम्मद नकवी द्वारा भाजपा को समर्थन देने की बात सामने आयी है, यह उनकी निजी राय है, लेकिन इसका ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विधान परिषद सदस्य डॉ खालिद अनवर के बोर्ड के पदाधिकारियों के बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने संबंधी बयान को निराधार बताया है और कहा है कि डॉ अनवर ने गलत बयानी की है। स्थापना के बाद से ही बोर्ड ने खुद को राजनीति से दूर रखा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड कभी भी किसी पार्टी विशेष का समर्थन या विरोध नहीं करता।

तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी, अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 40 ट्रेनें रद

अंबाला, एजेंसी

पंजाब और हरियाणा सीमा के पास शंभू में किसानों के शुक्रवार को तीसरे दिन पटरियों पर बैठे रहने से अंबाला-अमृतसर मार्ग रेल यातायात बाधित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि किसान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन साथियों को रिहा करने की मांग कर रहे हैं। आज 40 रेलगाड़ियां रद की गई हैं, जबकि 54 का मार्ग बदला गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर के तले पटियाला जिले के शंभू में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के तीसरे दिन भी जारी रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कुछ मालगाड़ियों का भी परिचालन होता है। रेलगाड़ियों की आवाजाही बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हो रही है।

एनआईए ने बाइक विस्फोट के आरोपी की अचल संपत्ति की जब्त

नई दिल्ली। एनआईए ने पंजाब में 2021 में हुए विस्फोट में शामिल और खालिस्तानी आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोपी की संपत्ति जब्त कर ली है। मामला जलालाबाद में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के पास बाइक में विस्फोट से संबंधित है, जिसमें हमलावर मारा गया था। एनआईए ने पंजाब के सदर फाजिल्का थानांतर्गत महातम नगर गांव के निवासी सूरत सिंह उर्फ सुरती की संपत्ति जब्त कर ली है। सूरत के पाकिस्तान में मौजूद खालिस्तानी आतंकवादियों हबीब खान उर्फ 'डॉक्टर' और लखवीर सिंह उर्फ 'रोडे' के साथ संबंध थे।

दीपक, सुजीत ओलंपिक क्वालीफायर से चूके

बिश्केक, एजेंसी

भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ा झटका, दुबई में खराब मौसम के कारण हुई उड़ान में देरी की वजह से टोक्यो ओलंपियन दीपक पुनिया और सुजीत कलाकल एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 2024 से चूक गए।

आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में पुनिया और कलाकल को एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी।

दीपक पुनिया

सुजीत कलाकल

लगातार बारिश से दुबई में उड़ान में देरी की वजह से कल सुबह बिश्केक पहुंचने के बावजूद, भारतीय पहलवान समय पर वेट-इन के लिए रिपोर्ट नहीं कर सके। पुनिया और कलाकल, कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुये थे क्योंकि कई उड़ानें देरी से चल रही थी या रद्द कर दी गई थी। ये दोनों पहलवान क्वालीफायर के लिए रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। मई में तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए अभी भी दोनों पहलवान ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त कर सकते हैं। दीपक पुनिया को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में और कलाकल को 65 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करनी थी। उल्लेखनीय है कि दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट और पूर्व अंडर-23 विश्व और एशियाई चैंपियन अमन सहरावत सहित पंद्रह अन्य भारतीय पहलवान 19 से 21 अप्रैल तक चलने वाले बिश्केक में एशियाई कुश्ती क्वालीफायर में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

आकांक्षा सालुखे स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारीं

नयी दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुखे शुक्रवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर प्रतियोगिता बाहर हो गईं। राष्ट्रीय खेल 2023 की चैंपियन और यहां दूसरी वरीय आकांक्षा को कम रैंकिंग वाली मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार के खिलाफ 6-11 5-11 8-11 से हार झेलनी पड़ी। वह टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय थीं।

12 निशानेबाज ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में करेंगे स्पर्धा

दोहा, एजेंसी

भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे।

महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा। प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज (प्रति देश अधिकतम एक), बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने स्पर्धा के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, दोहा से कोटा सुरक्षित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लों (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) को ओलंपिक कोटा हासिल है। प्रत्येक देश हर श्रेणी में अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर सकता है।

डिकॉक और राहुल ने चेन्नई को दिखाया आईना

लखनऊ सुपर जायंट्स की आठ विकेट से जीत, केएल राहुल ने 82 और क्विंटन डिकॉक ने 54 रनों की पारी खेली

केएल राहुल

लखनऊ, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक (54) और कप्तान केएल राहुल (82) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मुकाबले में गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पीटकर अपने मनोबल में इजाफा किया। पीले समंदर में तब्दील इकाना स्टेडियम पर चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 176 रन बनाये, जिसके जवाब में लखनऊ ने विजय लक्ष्य छह गेंद शेष रहते दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह इकाना स्टेडियम के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज रहा।

डिकॉक और राहुल की जोड़ी ने शुक्रवार को 2022 के आईपीएल सत्र की याद दिला दी, जब दोनों ने अपने दम पर 210 रन की पार्टनरशिप कर केकेआर के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की थी। केएल राहुल की शुक्रवार की पारी अब तक के सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी थी, इससे पहले उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 58 रन बनाये थे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
दिल्ली	7	3	4	6	-0.074
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

- **चेन्नई सुपरकिंग्स के महेंद्र सिंह धोनी ने 9 गेंदों पर 28 रन ठोके**

अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होने 53 गेंद खेलकर नौ चौके और तीन छक्के जड़े। राहुल सीएसके के सफल गेंदबाज पथिराना का शिकार बने जब प्वाइंट पर खडे जडेजा ने उनका कैच एक हाथ से लपका। इससे पहले दूसरे छोर पर डिकॉक पारी के 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर मुस्तफिजुर रहमान का शिकार बने। उन्होंने अपनी सत्र की तीसरी अर्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर पांच चौके और एक छक्का लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद जीत की औपचारिकता को निकोलस पूरन (23) और मार्कस स्टॉयनिस (8) ने बगैर और नुकसान के पूरा कर लिया। पूरन ने नो बाल में फ्री हिट पर चौका जड़कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इकाना स्टेडियम में आज 50 हजार दर्शकों का दिल अपने चहेते सितारे सीएसके के महेन्द्र सिंह धोनी के साथ था मगर दिमाग में उनके लखनऊ की जीत की तमन्ना थी और दर्शकों की दोनों तमन्नायें पूरी हुईं। जब उन्होंने धोनी की पैसा वसूल पारी देखी। उधर एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने अपने घरेलू दर्शकों की जीत की चाहत को भी पूरा कर दिया। सातवें बल्लेबाज के रूप में पिच पर उतरे धोनी ने अपने खास अंदाज में नौ गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन ठोक दिये जिसके चलते चेन्नई मेजबान टीम के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार करने में सफल हो सका। हालांकि उनकी इस पारी पर राहुल और डिकॉक ने पानी फेर दिया। धोनी के साथ दूसरे छोर पर हरफनमौला रविंद्र जडेजा की साहसिक नाबाद पारी ने न सिर्फ चेन्नई को मुश्किलों के भंवर से निकाला बल्कि मैदान पर बैठे एलएसजी के समर्थकों की भी खूब वाहवाही लूटी।

चेन्नई 176/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 4

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्य रहाणे बोल्ड क्रुणाल	36	24	5/1
रचिन रविंद्र बोल्ड मोहसिन	00	01	0/0
ऋतुराज का राहुल बो ठाकुर	17	13	1/0
रविंद्र जडेजा नाबाद	57	40	5/1
शिवम का राहुल बो स्टॉयनिस	03	08	0/0
समीर स्टंप राहुल बो क्रुणाल	01	05	0/0
मोईन का बडोनी बो बिश्नोई	30	20	0/3
एमएस धोनी नाबाद	28	09	3/2

गेंदबाजी : मैट हेनरी 3-0-26-0, मोहसिन खान 4-0-37-1, यश4-0-45-1, क्रुणाल 3-0-16-2, बिश्नोई 4-0-44-1, स्टॉयनिस 2-0-7-1

लखनऊ 180/2 — 19 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डिकॉक का धोनी बोल्ड मुस्तफिजुर	54	43	5/1
के एल राहुल का जडेजा बो पथिराना	82	53	9/3
निकोलस पूरन नाबाद	23	12	3/1
मार्कस स्टॉयनिस नाबाद	08	07	1/0

गेंदबाजी : दीपक चाहर 3-0-26-0, तुषार देशपांडे 4-0-42-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-43-1, रवींद्र जडेजा 3-0-32-0, मथीशा पथिराना 4-0-29-1, मोईन अली 1-0-5-0

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
रोहित शर्मा (मुंबई)	07	297

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

खेल डायरी

अप्रैल तक नये कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। सूत्र ने कहा, ''पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने साफ तौर पर कहा है कि पूरी प्रक्रिया का पालन करके दीर्घकालिन आधार पर कोचों की नियुक्ति की जायेगी।''

कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में

बार्सिलोना। नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हैं। रूड की सीजन की यह 26वीं जीत है। इसके साथ ही रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए है। रूड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। रूड क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 धुला

रावलपिंडी। तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिये पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ। दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जायेगा। आमिर और इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर लौटे हैं।

मेघा ने नौकायन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

टोक्यो। भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए।

पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, '' मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।''

मजबूत मानसिकता से जीत सकते हैं पदक

नयी दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने आत्म-संदेह से पार पाकर तीसरी बार ओलंपिक खेलों में देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया है, जिसे वह मजबूत मानसिकता के दम पर पदक में बदलना चाहती है। लंदन और रियो ओलंपिक में भाग लेने वाली 34 साल की इस खिलाड़ी ने पिछले साल जनवरी में 20 वर्षीय तनीषा क्रास्टो के साथ जोड़ी बनाकर इस साल पेरिस में होने वाले खेलों के लिए क्वालिफिकेशन को पक्का कर लिया है।

पिछले कुछ सप्ताह भारतीय खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहे हैं क्योंकि उन्होंने पेरिस का टिकट बुक करने के लिए छह सप्ताह में पांच टूर्नामेंटों में भाग लेना पड़ा। आखिरी क्वालीफाइंग सूची इस महीने के अंत में आने वाली है। अश्विनी ने कहा, ''हमने लगातार चार टूर्नामेंट खेले हैं और यह काफी थकाने वाला रहा है। लेकिन सभी के लिए स्थिति एक जैसी थी क्योंकि हम सभी ओलंपिक में जगह पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह राहत और खुशी की बात है कि हम क्वालीफाई कर गए हैं।'' अश्विनी को खुद पर संदेह करने वालों को गलत साबित करने में खुशी हुई।

मैदान पर वापसी आपको परिभाषित करती है: शमी

नयी दिल्ली। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा करते हुए जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जतायी। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। उन्होंने 24 विकेट चटकाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से हालांकि यह 33 साल का खिलाड़ी चोट के कारण खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है।

दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती

नयी दिल्ली, एजेंसी

मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा।

पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है।

सनराइजर्स हैदराबाद : जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**

बॉलीवुड हलचल

जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने अपने ट्रेनर मन्नव कुमार का जन्मदिन मनाया। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर अपने विनम्र व्यक्तित्व और शानदार ऑन-स्क्रीन अभिनय के कारण जाने जाते हैं। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर का अपने फिटनेस ट्रेनर के प्रति प्रेम नेटिज़न्स का दिल जीत रहा है। एनटीआर जूनियर जो इस समय शूटिंग के लिए मुंबई में हैं, उन्होंने अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ अपने फिटनेस ट्रेनर कुमार मन्नव का जन्मदिन मनाया। मन्नव कुमार ने एनटीआर जूनियर के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए मन्नव ने लिखा, "<bha>@</bha>जूनियरएनटीआर, मैं अभिभूत हूँ। अपना जन्मदिन याद रखना और फिर एक हेल्दी केक पाना, यह जानते हुए कि मैं खाने में कितना नखरेबाज़ हूं। हमारे बीच का बंधन, आप मुझ पर और मेरे परिवार पर जो प्यार बरसाते हैं, इतने बड़े स्टार होने के बावजूद भी इतने विनम्र। यार, मैं क्या कह सकता हूँ! आप, <bha>@</bha>जूनियरएनटीआरविनम्रता और प्यार की एक किताब हैं। आपके आस-पास रहना बहुत अच्छा लगता है।

धर्मेन्द्र ने फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो शेयर किया

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता धर्मेन्द्र ने 53 साल पुरानी सुपरहिट फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। धर्मेन्द्र ने एक इंस्टाग्राम फैन पेज का वीडियो शेयर किया, जिसमें मेरा गांव मेरा देश के लोकेशन की अब की झलक देखने को मिली है। इसी वीडियो पर कमेंट करते हुए धर्मेन्द्र ने लिखा, प्यार उन पुरानी यादों के लिए। इसी वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने एक्स अकाउंट पर लिखा, 50 साल पुरानी उन प्यारी यादों को प्यार। फिल्म मेरा गांव मेरा देश वर्ष 1971 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र के अलावा, विनोद खन्ना, आशा पारेख, जयंत, लक्ष्मी छाया और असित सेन अहम रोल में नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन राज खोसला ने किया था।

धाविका शालू को क्लीन चिट नमूना दूषित होने का खुलासा

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थीं। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिंक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा, ''मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।''

इसने कहा,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।'' पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

जिम्नास्ट दीपा करमाकर विश्व कप में चौथे स्थान पर

नयी दिल्ली। स्टार भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर शुक्रवार को दोहा में एफआईजी एपेरेटस विश्व कप में महिला वॉल्ट फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

पिछले महीने अजरबैजान में बाकू एपेरेटस विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं 30 साल की दीपा एक बार फिर पदक से चूक गईं। उन्होंने 13.333 अंक जुटाए। पनामा की नवास कर्ला ने (13.850) ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कोरिया की आन चैंग ओक (13.833) तथा जॉर्जिएवा वेलेंटिना (13.466) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। दीपा क्वालीफाइंग दौर में छठे स्थान पर रही थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय प्रणति नायक क्वालीफाइंग दौर में 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

नई अर्जी में सीएए के नियमों को चुनौती

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और असम सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील की दलीलों को गौर से सुना और फिर राज्य सरकार और केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किया।

कोर्ट ने साथ ही यह आदेश दिया कि नई याचिका को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं के साथ टैग किया जाए। याचिका में कहा गया है कि बांग्लादेश से असम में अवैध प्रवासियों के अनियंत्रित संख्या में आने से राज्य में भारी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ। मूलनिवासी, जो कभी बहुसंख्यक हुआ करते थे, अब अपनी ही भूमि पर अल्पसंख्यक हो गए हैं। हाल ही में पीठ ने सीएए नियमों के संचालन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र से उन आवेदनों पर जवाब देने को कहा, जिनमें कोर्ट की ओर से सीएए की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निपटारा होने तक उनके कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा कि स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता को लेकर हुई सुनवाई

नई दिल्ली। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिका में उठाया गया मुद्दा में ओटीटी प्लेटफार्म पर (अश्लीलता और आपत्तिजनक) जैसी अभद्र चीजे दिखाने की रजामंदी दी जा सकती है जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। वकील ने यह आरोप लगाया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नग्नता दर्शाने वाले आपत्तिजनक दृश्य दिखाए जा रहे हैं। इस बात पर न्यायमूर्ति पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, सेंसर बोर्ड के पास जाएं। पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा, आप सरकार को एक प्रतिनिधित्व बनाकर दें। साथ ही यह भी पूछा कि क्या, आप दर्शक नियंत्रण पर कुछ दिशानिर्देश चाहते हैं? याचिकाकर्ता के वकील ने इस मुद्दे पर सरकार से संपर्क करने की छूट के साथ याचिका वापस लेने की मांग की है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को सरकार को प्रतिनिधित्व देने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दी। इसमें कहा गया है कि यदि ऐसा कोई प्रतिनिधित्व दिया जाता है, तो उसके ऊपर संबंधित कानूनों के मुताबिक फैसला लिया जाना चाहिए।

कैग का अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर बुल्गारिया से समझौता

नई दिल्ली। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बुल्गारिया के राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय 'एसएआई बुल्गारिया' के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कैग द्वारा जारी बयान में कहा कि दोनों देशों के शीर्ष ऑडिट संस्थानों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे दोनों देशों के बीच ऑडिटिंग के क्षेत्र में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान बढ़ेगा। सहयोग और ऑडिट कार्यों में परस्पर सहयोग से ऑडिटिंग पेशेवरों और तकनीकी टीमों के बीच ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए एक मंच स्थापित किया जाएगा। एमओयू पर हस्ताक्षर के समय बुल्गेरियाई राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय की कार्यवाहक अध्यक्ष गोरिट्सा ग्रैनचारोवा- कोजोरेवा भी मौजूद रहीं।

भारत ने पहली बार ब्रह्मोस मिसाइल की खेप फिलीपींस को सौंपी

भारत ने चीन के पड़ोसी फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप सौंप दी है। इस मिसाइल से फिलीपींस की रक्षा क्षमता में इजाफा होगा। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपये) की डील की थी। भारत ने फिलीपींस को कितनी मिसाइलें दीं, अभी इसका पता नहीं चला है। इंडियन एयरफोर्स ने सी-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति 332 मीटर प्रति सेकेंड होती है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है।

डील से भारत को होने वाले फायदे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलीपींस के साथ यह डील देश को रक्षा क्षेत्र में एक्सपोर्टर बनाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में मदद देगी। इस डील से मिलिट्री इंडस्ट्री का भी मनोबल बढ़ेगा और साउथ-ईस्ट एशिया में भारत को भी एक बड़ा भरोसेमंद एक्सपोर्टर के रूप में देखा जाएगा। साथ ही इस डील से भारत-फिलीपींस के रिश्तों में मजबूती आएगी और चीन को दोनों देशों की एकजुटता का संदेश जाएगा।

ये है खासियत

- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की स्पीड काफी तेज है और इसकी मारक क्षमता 290 किमी है।
- इस मिसाइल की खास बात ये है कि इसे पनडुब्बी, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।
- एक खास बात इस मिसाइल में यह भी है कि यह हवा में अपना रास्ता भी बदल सकता है, जिससे इसे ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

फिलीपींस ने क्यों खरीदी मिसाइलें

फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। ब्रह्मोस मिसाइलों से समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।

अर्जेंटीना-वियतनाम में भी ब्रह्मोस मिसाइल की मांग

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के डायरेक्टर जनरल अतुल दिनाकर राणे ने जून 2023 में कहा था- अर्जेंटीना, वियतनाम सहित 12 देश ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को खरीदने में इंटरेस्ट दिखा चुके हैं। बाहरी देशों की ब्रह्मोस की मांग बताती है कि यह मिसाइल सिस्टम बहुत भरोसेमंद है।

एक नजर

केन्या: हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सेना प्रमुख समेत 9 की मौत

नैरोबी। केन्या के सेना प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला की गुरुवार को देश के पश्चिमी हिस्से में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। राष्ट्रपति विलियम रूटो ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में यह जानकारी दी। रूटो ने कहा कि हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल ओगोला और सेना के नौ अन्य कर्मियों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग बच गए। हेलीकॉप्टर गुरुवार की दोपहर (स्थानीय समायानुसार) उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कारणों की जांच की जा रही है।

अमेरिका में भारतीय पर 1.7 करोड़ डॉलर की बैंक धोखाधड़ी का आरोप

वाशिंगटन। अमेरिका में 52 वर्षीय भारतीय नितिन वत्स को 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन के संबंध में अमेरिकी बैंक में धोखाधड़ी की योजना के लिए दोषी ठहराया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप सेलिंगर ने बताया, उसने जुर्म कुबूल कर लिया है। मार्च 2016 से मार्च 2018 तक, वत्स सहित लोटस एक्जिम (एलईआई) के एक मालिक और कर्मचारियों ने धोखाधड़ी वाले तरीकों से पीड़ित बैंक से 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन लेने की साजिश रची। पीड़ित बैंक ने क्रेडिट लाइन बढ़ा दी, जबकि साजिशकर्ताओं ने प्राप्य खातों में से कई को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था।

श्रीलंका : पूर्व सैनिकों को रूसी सेना में भेजने पर पूर्व मेजर बंदी

कोलंबो। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच श्रीलंका में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां सेना का एक पूर्व मेजर कई माह से मोटी रकम लेकर पूर्व सैन्यकर्मियों को रूसी सेना में भेज रहा था। पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने पूर्व मेजर और एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में पिछले महीने यह बताया गया था कि श्रीलंका के 100 से अधिक पूर्व सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ओर से सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें 3,000 डॉलर (करीब 2.50 लाख रुपये) के मासिक वेतन पर युद्ध में सेवा का लालच दिया गया।

न्यूयॉर्क में बड़ा साइबर हमला विधानमंडल के कंप्यूटर ठप

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य विधानमंडल का कंप्यूटर बुनियादी ढांचा बड़े साइबर हमले का शिकार हुआ है। इसके चलते राज्य में पहले से ही हफ्तों से लंबित राज्य बजट वार्ता में देरी हुई। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होकुल ने कहा, साइबर हमला गुरुवार तड़के (भारतीय समयानुसार) हुआ। सबसे बड़ा झटका विधायिका के बिल प्रारूपण कार्यालय को लगा, जो राज्य के बजट पर निर्णय लेने का प्रभारी है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, बिल मसौदा तैयार करने वाला कार्यालय एक कंप्यूटर फाइल सिस्टम का इस्तेमाल करके हमले का जवाब दे रहा है।

पाकिस्तान में जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला, सुरक्षा गार्ड की मौत

बाइक सवार हमलावरों ने वैन में मारी टक्कर बाल-बाल बचे जापानी कर्मी, दोनों आतंकी ढेर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के बाद अब जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला हुआ है। सिंध प्रांत के बंदरगाह शहर कराची में शुक्रवार को सुजुकी मोटर में काम करने वाले पांच जापानी नागरिकों को एक आत्मघाती हमलावर और एक बंदूकधारी द्वारा निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। वहीं, दोनों हमलावर मार गिराए गए हैं। इस दौरान एक सुरक्षा गार्ड की भी जान चली गई, जबकि दो राहगीर घायल हैं। अभी तक इस हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ईस्ट, अजफर महेसर ने बताया कि पांच जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ अपने आवास जमजमा क्लिफ्टन से एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन जाने के लिए वैन से निकले थे। आतंकी लांधी में मुर्तजा चोरांगी के पास सड़क पर पहले से जापानी नागरिकों के वैन का इंतजार कर रहे थे। हमलावरों ने उनके वैन को निशाना बनाने की कोशिश की। एक ने वैन के पास जाकर खुद को उड़ा लिया लेकिन सफलता न मिलने से दूसरा हमलावर घबरा गया और उसने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा गार्डों ने दूसरे आतंकी को मार गिराया। इस दौरान एक सुरक्षा गार्ड व दो राहगीर घायल हो गए। डीआईजी ने बताया कि हमला शुक्रवार सुबह किया गया। घटना में तीनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिन्ना हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां एक 45 वर्षीय सुरक्षा गार्ड ने दम तोड़ दिया।

राष्ट्रपति आसिफ अली और पीएम शहबाज ने की घटना की निंदा

टोक्यो में जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि इस घटना में कई जापानी शामिल थे और उनमें से एक घायल हो गया। लेकिन पाकिस्तानी पक्ष ने इस जानकारी की पुष्टि नहीं की है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने उत्तर-पश्चिमी प्रांत में आतंकी हमले में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) में काम करने वाले पांच चीनी नागरिकों व उनके पाकिस्तानी ड्राइवर को आत्मघाती हमले में मार गिराया था। इस पर चीनी कंपनियों ने जल विद्युत परियोजनाओं को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया था।

पांच सीमा शुल्क खुफिया अधिकारियों की आतंकी हमले में मौत

पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान शहर में बंदूकधारियों के हमले में पांच सीमा शुल्क खुफिया अधिकारियों और एक पांच वर्षीय लड़की सहित दो नागरिकों की दुखद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार को हुई जब सीमा शुल्क खुफिया टीम डेरा इस्माइल खान जिले के सग्गू में नियमित जांच कर रही थी, जहां उन्हें पास की झाड़ियों में छिपे हमलावरों से भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा।

आतंकी हमला के बाद चीन का अफगानी रुख

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान का सीपैक दरकिनार अफगानिस्तान में वखान कॉरिडोर को खोलने की तैयारी में चाइना

चाइना-पाकिस्तान इकॉनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) के पाकिस्तान में विरोध और अपने इंजीनियरों पर आतंकी हमलों से परेशान चीन का इस प्रोजेक्ट से भरोसा उठ गया है। अब चीन ने पाकिस्तान को दरकिनार करके दूसरे विकल्प तलाशना शुरू कर दिया है ताकि वह अरब सागर तक आसानी से पहुंच सके।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, चीन अब अफगानिस्तान को मनाने में जुटा है ताकि वह वखान कॉरिडोर के जरिए ईरान के चाबहार बंदगाह तक पहुंच सके।

वखान कॉरिडोर उत्तरी अफगानिस्तान में स्थित एक संकरी पट्टी है जहां अफगानिस्तान, पाकिस्तान और चीन मिलते हैं। वखान कॉरिडोर 350 किमी लंबा और 16 से 35 किमी चौड़ा गलियारा है, जिसमें 125 गांवों में 12 हजार लोग रहते हैं। इसी से पहले इसी चीनी व्यापारी अरब सागर तक पहुंचते थे। बता दें, अफगानिस्तान में खनिजों का भंडार है।

जो एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के हैं। यहां लोहा, तांबा, लिथियम, मार्बल, क्रोमाइट, कोबाल्ट के अलावा सोने व पेट्रोलियम और गैस के विशाल भंडार हैं। जनवरी में अफगानिस्तान ने अमू नदी बेसिन में तेल और गैस खोजने के लिए चीन की झिंजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी से समझौता किया है।

गूगल ने इजराइल विरोधी कर्मियों को नौकरी से निकाला

वाशिंगटन। गूगल ने उन 28 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है जो इजराइली सरकार के साथ गूगल अनुबंध को लेकर अपने कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन में शामिल थे। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका में नौ कर्मचारियों को निलंबित करने और फिर गिरफ्तार किए जाने के बाद यह छंटनी हुई। जिन 28 कर्मचारियों को हटाया गया है, उन्होंने इजराइली सरकार के लिए 1.2 अरब डॉलर के गूगल क्लाउड अनुबंध का विरोध किया था। कर्मचारियों को दिए एक आंतरिक ज्ञापन में कंपनी ने कहा कि इस तरह के बर्ताव का कार्यस्थल पर कोई स्थान नहीं है, और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अब जनरल स्टोर्स पर भी मिल सकेंगी सामान्य दवाएं

नई दिल्ली। देश में जल्द ही जनरल और प्रोविजन स्टोर्स पर सर्दी-खांसी, गैस, बुखार की दवाएं मिलने लगेंगी। केंद्र सरकार ने इसके लिए साल के शुरुआत में विशेषज्ञों की एक समिति बनाई थी, जो ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवा नीति बनाने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि, इसी समिति की हाल ही में बैठक हुई, जिसमें उन दवाओं की प्रारंभिक सूची पर मंथन हुआ, जिन्हें जनरल स्टोर्स पर आसानी से बेचा जा सकता है।

ओटीसी दवाएं वे हैं जिन्हें डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना खरीदा जा सकता है। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उनकी बिक्री के लिए सख्त गाइडलाइन बनाई गई है। सूत्रों के मुताबिक, इस सुविधा का ज्यादा फायदा गांव-देहातों में होगा, क्योंकि वहां मेडिकल स्टोर्स कम ही होते हैं। बता दें कि देश में अभी प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवाएं बेची जाती हैं।

परिस्थितियों में सुधार करें या फिर दूसरे विभागों में भेज दें, रेलवे से महिला ट्रेन पायलटों की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में महिला ट्रेन पायलटों ने रेलवे बोर्ड से आग्रह किया है कि कामकाज की 'दयनीय' परिस्थितियों में सुधार किया जाए या उन्हें अन्य विभागों में स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए।

महिला लोको पायलट के एक समूह ने रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा को ज्ञापन दिया है। इसमें उन्होंने 'एक बार कैडर परिवर्तन' विकल्प की मांग की है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन की सदस्य महिला लोको पायलटों ने इंजन में शौचालय न होने, मासिक धर्म के समय पैड नहीं बदल पाने, रात में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए इंजन से बाहर आने का अनिवार्य नियम और देर रात की ड्यूटी के लिए आवास से लाने-पहुंचाने की सुविधा नहीं होने जैसी समस्याओं का उल्लेख किया है। अभी देशभर में 1500 से अधिक महिला लोको पायलट और सहायक लोको पायलट हैं।

लद्दाख में खुबानी उत्सव

लेह: लद्दाख में इन दिनों वसंत ऋतु आने के साथ ही खुबानी (एप्रिकॉट) के पेड़ सुंदर फूलों से लदे हुए हैं। सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत से समृद्ध लद्दाख के कई गांवों में खुबानी के फूल खिलाने के अवसर पर उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें शामिल होने के लिए लद्दाख के कई गांवों के लोगों के अलावा बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आते हैं। लद्दाख के निचले हिस्से में दुनिया की सबसे अच्छी खुबानी पैदा होती है। लद्दाख की खुबानी की किस्मों में से एक 'रकत्से कार्यों' को 2022 में भौगोलिक संकेत (जीआई) मिला था। ● एजेंसी

फिलिस्तीन को यूएन की स्थायी सदस्यता पर अमेरिका का वीटो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- समर्थन में 12 देशों ने किया मतदान, वोटिंग से दूर रहा ब्रिटेन

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो कर दिया है। गुरुवार को 15 देशों वाली परिषद ने फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर मतदान किया गया। प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम 9 परिषद सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी।

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े, वहीं स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन वोटिंग में शामिल नहीं हुए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका द्वारा इस प्रस्ताव पर वीटो कर दिया गया, जिससे यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। अभी फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। साल 2012 में फिलिस्तीन को यह दर्जा दिया गया था। इसके तहत फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही में भाग ले सकता है, लेकिन किसी प्रस्ताव पर वोट नहीं कर सकता है। फिलिस्तीन के अलावा वेटिकन सिटी भी संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने वीटो पावर के इस्तेमाल पर सफाई देते हुए कहा कि 'अमेरिका ये मानता है कि फिलिस्तीन को अलग देश का दर्जा देने का सबसे सही रास्ता इजराइल और फिलिस्तीन के बीच सीधी बातचीत ही है।

विज्ञान जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर हुई अनोखी दुनिया की खोज

ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : दूर अंतरिक्ष में तीन ग्रहों वाले अनूठे सौर मंडल की खोज हुई है। इस ग्रह मंडल के तीनों ग्रह जन्म ले रहे हैं। इन्हें पूर्ण ग्रह का स्वरूप लेने में लंबा समय लगेगा। ग्रहों की उत्पत्ति व विकास में हमारी समझ के विस्तार को लेकर यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

यह खोज जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा हो पाई है। तीन ग्रहों की यह दुनिया पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर है, जो एचएल टौरी तारा मंडल क्षेत्र में स्थित है। यह तीनों ग्रह निर्माणधीन हैं। जिनके बाहरी डिस्क की तस्वीरें प्राप्त हुई हैं। ये एक युवा तारों के चारों ओर गैस और धूल के साथ नए ग्रह बना रहे हैं। खगोलविदों का मानना है कि तीनों ग्रह अपने तारे के बहुत करीब से परिक्रमा कर सकते हैं। बहरहाल इनकी ऑर्बिट की सही जानकारी बाद में पता लग सकेगी। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजे गए तीन युवा प्रोटोप्लेनेटरी सिस्टम की यह खोज एरिज़ोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने की है। यह खोज वास्तविक रूप से बनने वाले ग्रहों की जानकारी देने में मददगार साबित होगी। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हो चुकी है।

इस खोज की शुरुआत वैज्ञानिकों ने चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलिमीटर ऐरे (एएलएमए) रेडियो टेलीस्कोप से की। जिससे वैज्ञानिकों को अंदाजा हो गया था कि यह कोई नया सौर मंडल हो सकता है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप का सहारा लेना पड़ा। प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क सिस्टम यानी सौर मंडल का नाम एस ए ओ 206462 और एम डब्लू सी 758 है।



जन्म लेते नए सौर मंडल की तस्वीर।

निर्माणाधीन ग्रहों से खुलेगा जन्म का रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि ब्रह्मांड अनंत में फैला हुआ है और असंख्य तारों के साथ अनगिनत सौर मंडल हमारी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मगर आज भी हम हमारी जानकारी बेहद कम है। जैसे तकनीक विकसित हो रही है, हमारी जानकारी में भी वृद्धि हो रही है। ग्रहों के जन्म की बारीकियों को निर्माणाधीन सौर मंडल के जरिए समझा जा सकता है।

3 दशक में अंतरिक्ष में 10 लाख सैटेलाइट नेविगेशन में परेशानी

न्यूयॉर्क। अंतरिक्ष में 10 हजार से ज्यादा सैटेलाइट धरती पर सिग्नल भेज रहे हैं। 10 से 15 साल में इनकी संख्या 1 लाख से ज्यादा हो जाएगी। अगले 3-4 दशकों में 10 लाख से ज्यादा सैटेलाइट होंगे। हजारों सेटेलाइट अभी कचरे की तरह अंतरिक्ष में घूम रहे हैं।

ये सैटेलाइट धरती पर नेविगेशन बाधक हो सकते हैं। हार्वर्ड स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक डॉक्टर जोनाथन ने बताया है कि, धरती के आयन मंडल में सैटेलाइट और रॉकेट्स से निकलने वाले मलबे में मौजूद उच्च चालक सामग्री चार्जिंग प्रभाव पैदा करती हैं, जो एक चुंबकीय शील्ड की तरह बर्ताव करती है। इससे नेविगेशन में मुश्किल होगी। उन्होंने बताया है कि इससे बचने के लिए वैज्ञानिकों को कोई तरीका खोजना पड़ेगा।

मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया शुरू

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अमेरिकी राजनयिक अतुल कश्यप बोले- लोकतंत्र के महाकुंभ पर भारत के लोगों को बधाई

यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल कश्यप ने भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारत के लोगों को बधाई देते हुए देश के राष्ट्रीय चुनाव को लोकतंत्र का महाकुंभ मेला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ एक पोस्ट भी लिखा।

अतुल कश्यप ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के महान लोगों को हार्दिक बधाई। पहले चरण के मतदान के साथ मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। 940 मिलियन मतदाताओं और 1.2 मिलियन मतदान केंद्र के साथ भारत का राष्ट्रीय चुनाव लोकतंत्र का महाकुंभ है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत आज से हो चुकी है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान हुआ। 19 अप्रैल से लेकर एक जून तक होने वाला यह लोकसभा चुनाव देश के पहले आम चुनाव के बाद दूसरा सबसे लंबा मतदान अभ्यास है। देश का पहला मतदान सितंबर 1951 से लेकर फरवरी 1952 यानी की पांच महीनों के लिए आयोजित किया गया था।

फ्रांस के ईरानी दूतावास में विस्फोटक लेकर घुसा युवक, गिरफ्तार

पेरिस। ईरानी वाणिज्य दूतावास की शिकायत के आधार पर फ्रांसीसी पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। दूतावास ने को अलर्ट दिया था कि शुक्रवार को एक व्यक्ति विस्फोटक लेकर अंदर घुसा गया है।

हालांकि, पुलिस ने अब युवक को हिरासत में लेकर दूतावास से बाहर निकाल लिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। सुरक्षा की दृष्टि से राजधानी के 16वें जिले में वाणिज्य दूतावास के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है। पेरिस परिवहन कंपनी आरएटीपी ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि दो मेट्रो लाइनों पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। दोनों लाइनें दूतावास के नजदीक चलती हैं।